# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच **

मंगलवार, 6 जनवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 6, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## ट्रंप की चेतावनी से 322 अंक गिरा सेंसेक्स

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारतीय उत्पादों पर शुल्क और बढ़ाने की ताजा चेतावनी के बीच सेंसेक्स 322 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 78 अंक की गिरावट रही। } 14

## प्रधानमंत्री मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं : ट्रंप

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जब इस बात की जानकारी हुई कि भारत रूस से कच्चे तेल की खरीद कम करने जा रहा है, तो उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बहुत ही अच्छे व्यक्ति हैं। } 16

## स्वदेशी पोत 'समुद्र प्रताप' सेना में शामिल




एजेंसी

पणजी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को गोवा में भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के पहले स्वदेशी रूप से डिजाइन व निर्मित प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रताप को बल में शामिल किया। अधिकारियों ने बताया कि गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) द्वारा निर्मित 114.5 मीटर लंबे इस पोत में 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। 4,200 टन वजन वाला यह पोत 22 समुद्री मील से अधिक गति से चल सकता है और ...शेष पृष्ठ 14 पर

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गोवा में थलसेना को सौंपा समुद्री पोत

## योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात





एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। लद्दाख के उपराज्यपाल कविन्दर गुप्ता ने भी प्रधानमंत्री से मुलाकात की। पीएमओ ने एक अन्य पोस्ट में कहा, लद्दाख के उपराज्यपाल, कविन्दर गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। गृह मंत्री के कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### यूपी : 8वीं तक स्कूल आठ जनवरी तक बंद

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में कड़ाके की सर्दी, शीतलहर और कोहरे के चलते प्री प्राइमरी से आठवीं तक सभी स्कूलों के बच्चों की छुट्टी आठ जनवरी तक बढ़ गई है। जबकि कक्षा नौ से 12 वीं के विद्यार्थियों के स्कूल मंगलवार से खुल जाएंगे। इनकी कक्षाएं सुबह 10 से दोपहर तीन बजे के बीच चलेंगी। ये आदेश यूपी बोर्ड, सीबीएसई और सीआईएससीई समेत सभी बोर्ड के स्कूलों पर लागू होगा। लखनऊ के डीएम विशाख जी ने सोमवार को जारी आदेश में डीआईओएस और बीएसए को निर्देश दिये हैं कि स्कूलों में इसका कड़ाई से ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मुठभेड़ में मारा गया एक लाख का इनामी

सुलतानपुर (उप्र)। जिले के लम्भुआ क्षेत्र में सोमवार को पुलिस के साथ मुठभेड़ में एक लाख रुपये का इनामी बदमाश मारा गया। उस पर लखीमपुर खीरी जिले के विभिन्न थानों में 17 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि यह मुठभेड़ लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के दियरा पुल के पास हुई। सुलतानपुर और लखीमपुर खीरी पुलिस की संयुक्त टीम ने बदमाश की घेराबंदी की। घेराबंदी होने पर बदमाश ने पुलिस दल पर गोलियां चलायीं। पुलिस... शेष पृष्ठ 14 पर

### असम में 5.1 तीव्रता का भूकंप, दो घायल

गुवाहाटी/मोरीगांव। असम के मध्य भाग में सोमवार तड़के 5.1 तीव्रता का भूकंप आया और इससे जुड़ी घटनाओं से दो लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप मोरीगांव जिले में सुबह चार बजकर 17 मिनट पर 50 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया। भूकंप से मोरीगांव जिले में कुछ घरों को मामूली नुकसान पहुंचा।

# पुलिस भर्ती में आयु सीमा तीन साल की छूट

## सरकार ने 32 हजार 679 पदों को भरने का लिया निर्णय

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं को राहत देते हुए आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर प्रस्तावित सीधी भर्ती-2025 के लिए अधिकतम आयु सीमा में एकमुश्त तीन वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में शासनादेश जारी किया गया है।

राज्य सरकार ने सीधी भर्ती-2025 के तहत कुल 32 हजार 679 पदों को भरने का निर्णय लिया है। शासनादेश के अनुसार आरक्षी नागरिक पुलिस (पुरुषामहिला), आरक्षी पीएसी, सशस्त्र पुलिस (पुरुष), आरक्षी विशेष सुरक्षा बल (पुरुष), महिला बटालियन के लिये महिला आरक्षी, आरक्षी घुड़सवार पुलिस (पुरुष) तथा जेल वार्डर (पुरुष एवं महिला) पदों पर भर्ती की प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले सभी वर्गों के अभ्यर्थियों को आयु में यह छूट एक बार के लिए प्रदान की जाएगी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक राज्य सरकार ने यह निर्णय उत्तर प्रदेश लोक सेवा (भर्ती के लिए आयु सीमा का शिथिलीकरण) नियमावली-1992 के नियम-तीन के तहत लिया है। बयान के मुताबिक यह फैसला 31 दिसंबर 2025 को जारी भर्ती विज्ञप्ति के क्रम में पांच जनवरी 2026 को जारी शासनादेश के माध्यम से लागू किया गया है। इससे बड़ी संख्या में ऐसे अभ्यर्थियों को अवसर मिलेगा जो आयु सीमा के कारण अब तक भर्ती प्रक्रिया से बाहर हो रहे थे।

एक वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि पुलिस भर्ती में आयु सीमा में छूट का यह निर्णय लाखों युवाओं की उम्मीदों को नया बल देगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने पिछली 31 दिसंबर को नए साल में सिपाही के 32679 पदों पर भर्ती के लिए अभियान की घोषणा की थी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 दिसंबर 2025 को शुरू होगी और 30 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। उम्मीदवारों को आवेदन करने से पहले बोर्ड के पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। यह भर्ती 2025 की सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत आरक्षी (सिविल पुलिस) और समकक्ष पदों के लिए घोषित की गई है। बोर्ड ने विस्तृत अधिसूचना जारी की है जो उसकी आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कहा कि आवेदन से पूर्व अभ्यर्थी के लिए बोर्ड की वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर) प्रणाली में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

## साइबर अपराधों के विरुद्ध सतर्कता व जागरुकता सबसे बड़ा हथियार : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिजिटल अरेस्ट तथा अन्य साइबर अपराधों की चुनौतियों का जिक्र करते हुए सोमवार को कहा कि सतर्कता और जागरूकता ही इन अपराधों के विरुद्ध सबसे बड़े हथियार हैं। डिजिटल अरेस्ट एक साइबर अपराध होता है, जिसमें जालसाज स्वयं को कानून प्रवर्तन अधिकारी बताकर लोगों पर कानून तोड़ने का झूठा आरोप लगाते हैं और उन्हें पैसे देने या व्यक्तिगत जानकारी का खुलासा करने के लिए मजबूर करते हैं।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर योगी की पाती शीर्षक से साझा किए गए एक विस्तृत पोस्ट में कह 2017 से पूर्व प्रदेश में केवल दो साइबर अपराध थाने थे। आज सभी 75 जनपद में साइबर अपराध थाने क्रियाशील हैं। साथ ही सभी जनपदीय थानों में साइबर हेल्प डेस्क बनाई गई हैं। साइबर ठगों के विरुद्ध सतर्कता और जागरूकता ही सबसे बड़े शस्त्र हैं। उन्होंने कहा ये अपराधी डिजिटल अरेस्ट जैसे झूठे और भ्रामक शब्दों का इस्तेमाल कर निर्दोष नागरिकों को डराते-धमकाते हैं और उनसे पैसे वसूलते हैं। देश के किसी भी कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई व्यवस्था नहीं है। पुलिस या अन्य कोई सरकारी एजेंसी वीडियो कॉल, वॉट्सऐप या सोशल मीडिया के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 11 को सोमनाथ मंदिर का दौरा करेंगे पीएम मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेशी आक्रमणकारियों के बार-बार हमलों के बाद पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का 11 जनवरी को दौरा करेंगे। मोदी ने सोमनाथ मंदिर की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि गुजरात स्थित यह मंदिर भारतीय सभ्यता की अदम्य भावना का प्रतीक है।

अधिकारियों ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर सोमनाथ में वर्षभर गतिविधियां आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि आठ से 11 जनवरी तक सोमनाथ में अनेक आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियां होंगी। प्रधानमंत्री ने सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के 1,000 साल पूरा होने पर एक ब्लॉग पोस्ट में कहा, हमारी सभ्यता की अदम्य भावना का सोमनाथ से बेहतर कोई उदाहरण नहीं हो सकता। यह मंदिर बाधाओं एवं संघर्षों पर विजय प्राप्त करते हुए गौरव के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर कटाक्ष करते हुए कहा कि नेहरू 1951 में मंदिर के उद्घाटन से अधिक उत्साहित नहीं थे। मोदी ने कहा कि 2026 सोमनाथ मंदिर पर हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उमर खालिद, शरजील इमाम की जमानत नामंजूर

### सबूतों से दिल्ली दंगों में संलिप्तता का पता चलता है : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि अभियोजन पक्ष के साक्ष्यों से पता चलता है कि उमर खालिद और शरजील इमाम वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश रचने, लामबंदी करने और रणनीतिक दिशा-निर्देश देने में शामिल थे। इसके साथ ही इसने साजिश के मामले में दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी।

उच्चतम न्यायालय ने यूएपीए की धारा 43डी (5) का हवाला दिया, जिसके अनुसार यदि किसी मामले की डायरी या आरोपपत्र की पड़ताल करने पर न्यायालय को यह विश्वास करने के लिए उचित आधार मिलते हैं कि किसी व्यक्ति के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सही है, तो न्यायालय को जमानत देने से इनकार करना होगा। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि इस स्तर पर अपेक्षित एवं अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत सामग्री से प्रथम दृष्टया कथित साजिश में उमर खालिद और शरजील इमाम की भूमिका का प्रमाण मिलता है। पीठ ने कहा कि सामग्री से साजिश, लामबंदी और रणनीतिक दिशा-निर्देश के स्तर पर भागीदारी का संकेत मिलता है, जो छिटपुट या स्थानीय कृत्यों से कहीं आगे तक फैला है।

इसने कहा कि इसके अलावा, यूएपीए की धारा 43डी (5) के तहत यह वैधानिक सीमा इन अपीलकर्ताओं के संबंध में लागू होती है। गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधान के अनुसार, यदि मामले की डायरी या संहिता की धारा 173 के तहत बनाई गई रिपोर्ट का अवलोकन करने पर न्यायालय की यह राय हो कि यह मानने के लिए उचित आधार हैं कि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ आरोप प्रथम दृष्टया सत्य है, तो ऐसे आरोपी व्यक्ति को जमानत पर या स्वयं के निजी मुचलके पर रिहा नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब अभियोजन सामग्री... शेष पृष्ठ 14 पर

## कन्नौज : दो कैदी फरार मामले में पांच पुलिसकर्मी सस्पेंड

कन्नौज (उप्र)। कन्नौज जिला मुख्यालय से 25 किमी दूर रविवार रात जिला जेल से दो बंदी दीवार फांदकर भाग गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। प्रशासन ने इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में जेलर और डिप्टी जेलर समेत पांच कर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे जब अनौगी स्थित जिला जेल में कैदियों की गिनती हुई तो दो कैदी कम निकले, जिससे हड़कंप मच गया। जिला कारागार में दो कैदियों के भागने की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार और जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री सदर तहसील में चल रहे समाधान दिवस कार्यक्रम को छोड़कर जिला जेल अनौगी पहुंच गये। पुलिस अधीक्षक विनोद ... शेष पृष्ठ 14 पर

## सुदृढ़ सड़क नेटवर्क बना विकास का आधार

### राजमार्ग परियोजनाओं पर नितिन गडकरी ने की बैठक, सीएम धामी ने मजबूती से रखा पक्ष

प्रमुख संवाददाता



नई दिल्ली/देहरादून। भौगोलिक और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण उत्तराखंड में सुदृढ़ सड़क नेटवर्क अब केवल आवागमन का माध्यम नहीं, बल्कि सीमा सुरक्षा, आपदा के समय त्वरित राहत और समग्र विकास का मजबूत आधार बनता जा रहा है। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में कही। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि बीते वर्षों में उत्तराखंड में सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। राज्य की सड़कें अब केवल तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सुविधा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि औद्योगिक गतिविधियों, सीमावर्ती इलाकों की सुरक्षा, आपदा प्रबंधन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के सतत प्रयासों का परिणाम बताया, जिससे उत्तराखंड एक आधुनिक, सुरक्षित और भविष्य उन्मुख सड़क ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 8.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- पूर्व सीएम कल्याण सिंह को जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि (पृष्ठ-02)
- कौशल विकास मिशन से तेज हुआ रोजगार सृजन (पृष्ठ-02)
- रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 90.28 डॉलर (पृष्ठ-14)
- भारत वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बाजार है: कैथे (पृष्ठ-14)
- बिहार में 7.50 लाख करोड़ रुपए का निवेश (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** राजधानी में जगह-जगह जलवाये अलाव, लोगों को मिली भीषण सर्दी से राहत

# जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को नहीं होने देंगे परेशान : विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह










लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने सोमवार को भी राजधानी लखनऊ में विभिन्न जगहों पर अलाव जलवाए। इससे गरीबों, मजदूरों और जरूरतमंदों को सर्दी से काफी राहत मिली। गलनयुक्त सर्दी के मौजूदा दौर में लोग बहुत मजबूरी में या फिर नौकरी व कार्य की विवशता के चलते घर से बाहर निकले तब ठंडी हवा ने उन्हें बेहद परेशान किया। ऐसे लोगों को इन अलावों से बेहद सुकून मिला। सोमवार की रात तमाम राहगीर, डिलीवरी ब्वॉय, ऑटो रिक्शा चालक, गरीब, मजदूर और ट्रेन, बस या अन्य वाहनों का इंतजार कर रहे यात्री रात काटने और सर्दी से बचने के लिए जगह-जगह अलाव तापते नजर आए। गौरतलब है कि सर्दी की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं। अलाव से उन्हें जाड़े से लड़ने की ताकत मिलती है। बहुत से गरीब सर्दी की रात में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने के लिए मजबूर रहते हैं। हालांकि ऐसे कई लोग हैं जो गरीबों की पीड़ा को दूर करने के लिए आगे आते हैं और गर्म कपड़े, कंबल के वितरण व अलाव आदि की व्यवस्था कर लोगों को मानव सेवा के लिए प्रेरित करते हैं। शहर के हर गली-मोहल्ले चौराहे पर विराजसागर दास द्वारा जलवाए जा रहे अलाव लोगों को सर्दी से बचाने में बड़ी भूमिका अदा कर रहे हैं। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के ...शेष पृष्ठ 14 पर

# कल्याण सिंह के कार्यकाल में बढ़ा राष्ट्रवादी मिशन : सीएम योगी

## सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

- कल्याण सिंह जी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में पढ़ा राष्ट्रवाद का पाठ : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री/राज्यपाल कल्याण सिंह की 94वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और कहा कि बाबू जी अपने नाम को उत्तर प्रदेश के कल्याण के साथ जोड़कर सार्थक करते रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबू जी उत्तर प्रदेश में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री थे। 1991 में जब उन्होंने उत्तर प्रदेश की बागडोर संभाली, तब यहां अव्यवस्था, अराजकता, गुंडागर्दी थी और आतंकी गतिविधियां सिर उठा रही थीं। गांवों, गरीबों, किसानों, नौजवानों, महिलाओं को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। एक ओर कुव्यवस्था थी तो दूसरी ओर 500 वर्षों की गुलामी को दूर करने के लिए हिंदू समाज छटपटा रहा था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उन्होंने पहली बार भाजपा की सरकार की कमान अपने हाथ में ली थी। जब उन्होंने कार्य शुरू किया तो कुछ ही महीने में प्रदेशवासियों के मन में यह विश्वास सुदृढ़ होने लग गया था कि उत्तर प्रदेश सुशासन की ओर चलकर विकास के नए सोपान को चुनेगा, लेकिन उन्हें अस्थिर करने की साजिशें होने लगी। अव्यवस्था फैलानी शुरू हो गईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब राम जन्मभूमि आंदोलन चरम की ओर बढ़ा तो रामभक्तों, पूज्य संतों की भावना का सम्मान करते हुए अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के प्रति उन्होंने सत्ता को बलिदान करने में संकोच नहीं किया। उनकी सरकार गई, लेकिन गुलामी के ढांचे को हटाने के जिस प्रण के साथ राम भक्त आगे बढ़े थे, उन्होंने सारी जिम्मेदारी अपने ऊपर लेकर प्रभु राम के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करने में तनिक भी देर नहीं लगाई। बाबू जी का कार्यकाल यूपी सरकार के सुशासन, विकास, राष्ट्रवादी मिशन को बढ़ाने के लिए हमेशा जाना जाएगा।

सीएम योगी ने कहा कि आज हर भारतवासी बाबू जी को याद करता है। उनका जन्म किसान परिवार में हुआ। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पाठशाला में राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ा। आजीवन उसे जीवन का मंत्र बनाया और उस मिशन के लिए समर्पित होकर लगातार कार्य करते रहे और अपने नाम को उत्तर प्रदेश के कल्याण के साथ जोड़कर सार्थक करते रहे। विधायक, मंत्री, सांसद, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के रूप में उनकी सेवाएं देशवासियों के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगी।

इस दौरान स्व. कल्याण सिंह के पुत्र व पूर्व सांसद राजवीर सिंह, भाजपा उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, सांसद सतीश गौतम, मुकेश राजपूत, कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद, राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, स्व. कल्याण सिंह के पौत्र व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

# मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों से ग्रामीण महिलाओं को मिली आर्थिक मजबूती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य आजीविका मिशन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा रहा है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों एवं सामुदायिक संस्थाओं के माध्यम से महिलाओं को संगठित कर उन्हें सतत आजीविका से जोड़ा जा रहा है।

आजीविका मिशन के तहत महिलाओं को कृषि एवं गैर-कृषि आधारित गतिविधियों से जोड़ते हुए लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य पर युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। विभिन्न विभागीय योजनाओं के समन्वय से स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं। ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में दुग्ध वैल्यू चेन के अंतर्गत गठित मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनियों ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

# विधायक अदिति सिंह की मांग पर लगी सीएम योगी की मुहर

- रंग लायी वॉयस ऑफ लखनऊ की खबर
- आरक्षी भर्ती में सभी वर्ग को तीन वर्ष की छूट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**रायबरेली / लखनऊ।** सदर विधायक अदिति सिंह द्वारा 12 जून 2025 को प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मिलकर सभी वर्गों के लिए तीन वर्ष के शिथिलीकरण करने का आग्रह किया गया था। जिसमें लालपुर चौहान स्थित आवास पर जनता दर्शन में लोगों ने सदर विधायक अदिति सिंह से भी इस संबंध में प्रार्थना पत्र देकर तीन वर्ष के शिथिलीकरण की मांग की थी। 12 जून 2025 को सदर विधायक ने मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करते हुए जनता की आवाज को उठाया था। वही उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती 2025 के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन हेतु पुरुष महिला आरक्षी पीएसी जेल वार्डर कुल 32,679 रिक्त पदों हेतु आयु सीमा का शिथिलीकरण प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के लिए किया गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने फैसला लेते हुए सभी वर्गों के लिए आयु सीमा में तीन वर्ष का शिथिलीकरण करते हुए अपवाद स्वरूप एक बार की छूट प्रदान की गई है। जिसको लेकर सदर विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने सदर विधायक अदिति सिंह के द्वारा किए गए सफल प्रयास की सराहना की और लोगों ने सदर विधायक के प्रति आभार जताया है।

# डी-रेगुलेशन 1.0 में यूपी को प्रथम स्थान, व्यापार सुधारों में देश में अग्रणी

- भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों के लिए 23 प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों को चिह्नित किया गया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देशभर में व्यापारिक प्रक्रियाओं को अधिक सरल, पारदर्शी एवं निवेश-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा सभी राज्यों के लिए 23 प्रमुख प्राथमिक क्षेत्रों को चिह्नित किया गया था। इन सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। केंद्र सरकार के डी-रेगुलेशन 1.0 कार्यक्रम के अंतर्गत की गई राज्य-वार रैंकिंग के अनुसार उत्तर प्रदेश ने प्रथम स्थान हासिल किया है। यह मूल्यांकन भूमि, भवन एवं निर्माण, श्रम, यूटिलिटीज तथा अनुमतियों सहित पांच प्रमुख क्षेत्रों में विस्तारित 23 प्राथमिक सुधार क्षेत्रों के प्रभावी कार्यान्वयन पर आधारित था, जिनमें समग्र सुधार प्राथमिकताओं को भी सम्मिलित किया गया।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है जिसने सभी 23 प्राथमिक क्षेत्रों को समग्र एवं पूर्ण रूप से लागू किया है। यह उपलब्धि राज्य सरकार द्वारा नीतिगत सरलीकरण, विनियामक युक्तिकरण तथा निवेशकों और उद्यमियों के लिए ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुदृढ़ करने की दिशा में किए गए सतत प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है।



भूमि संबंधी सुधारों के अंतर्गत राज्य में मिश्रित उपयोग विकास को सक्षम करने के लिए, फ्लेक्सिबल जोनिंग फ्रेमवर्क को अपनाया गया, भूमि उपयोग परिवर्तन की प्रक्रिया को सरल एवं पूर्णतः डिजिटल किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न औद्योगिक श्रेणियों के लिए न्यूनतम सड़क चौड़ाई मानकों का युक्तिकरण किया गया। उपलब्ध औद्योगिक भूमि का जीआईएस आधारित लैंड बैंक विकसित कर उसे इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक (आईआईएलबी) से एकीकृत किया गया है, जिससे निवेशकों को पारदर्शी एवं सुलभ जानकारी उपलब्ध हो सके।

भवन एवं निर्माण क्षेत्र में औद्योगिक एवं वाणिज्यिक भूखंडों में भूमि हानि को कम करने हेतु भवन विनियमों में संशोधन किए गए। भवन अनुमोदनों, संयुक्त निरीक्षणों, अग्निशमन निरीक्षणों तथा अधिभोग एवं पूर्णता प्रमाण पत्रों के ऑनलाइन निर्गमन में सूचीबद्ध तृतीय पक्ष संस्थाओं की भूमिका को सुदृढ़ किया गया, जिससे अनुमोदन समय-सीमा में उल्लेखनीय कमी आई है।

श्रम सुधारों के अंतर्गत कुछ जोखिमपूर्ण उद्योगों में महिलाओं के कार्य पर लगे प्रतिबंधों को हटाया गया, कारखानों, दुकानों एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में महिलाओं को रात्रिकालीन रोजगार की अनुमति प्रदान की गई तथा कार्य समय की सीमाओं का युक्तिकरण किया गया। इसके अतिरिक्त, दुकान एवं स्थापना अधिनियम के अंतर्गत अनुपालन के लिए श्रमिकों की सीमा को बढ़ाकर 20 या उससे अधिक किया गया।

इसके साथ ही, पर्यावरणीय स्वीकृतियों के लिए तृतीय पक्ष प्रमाणीकरण की व्यवस्था लागू की गई, कारखाना लाइसेंस एवं व्यापार लाइसेंस की स्वीकृति को ऑनलाइन प्रणालियों के माध्यम से सरल बनाया गया, एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विद्युत एवं जल कनेक्शनों को त्वरित किया गया तथा गैर-प्रदूषणकारी उद्योगों को श्वेत श्रेणी के अंतर्गत पुनर्वर्गीकृत किया गया। उत्तर प्रदेश सुगम्य व्यापार (प्राविधानों में संशोधन) अधिनियम, 2025 को लागू किया गया तथा सभी राज्य स्तरीय सेवाओं को राज्य सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से राष्ट्रीय सिंगल विंडो प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) से एकीकृत किए जाने से सुधार पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया गया है। ये समस्त सुधार उत्तर प्रदेश को देश के सर्वाधिक प्रगतिशील एवं निवेश-अनुकूल राज्यों में स्थापित करते हैं तथा एक सुदृढ़, पारदर्शी एवं विकासोन्मुख व्यापारिक वातावरण के निर्माण के प्रति राज्य की प्रतिबद्धता को स्थापित करते हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जयंती पर मंत्रियों ने अर्पित की पुष्पांजलि

- योगी सरकार जनसेवा, राष्ट्रवाद और सुशासन के मूल्यों को आगे बढ़ा रही है : मंत्री कपिल देव अग्रवाल
- कल्याण सिंह का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और सामाजिक न्याय का प्रतीक : मंत्री राकेश सचान

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने सोमवार को राजधानी लखनऊ स्थित 02, मॉल एवेन्यू में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म विभूषण कल्याण सिंह बाबूजी की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कल्याण सिंह बाबूजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और सामाजिक समरसता को समर्पित रहा। उन्होंने उत्तर प्रदेश की राजनीति को जनहित, पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों की नई दिशा दी। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बाबूजी के विचारों और सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशलयुक्त बनाकर आत्मनिर्भर बनाना और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की योजनाओं को पहुंचाना ही बाबूजी को सच्ची श्रद्धांजलि है।

प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी, हथकरघा एवं वस्त्र मंत्री राकेश सचान ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पद्म विभूषण से सम्मानित कल्याण सिंह ह्यबाबूजीह्ल की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंत्री राकेश सचान ने कहा कि कल्याण सिंह बाबूजी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित रहा। उन्होंने प्रदेश को सशक्त नेतृत्व दिया और आमजन, विशेषकर वंचित एवं पिछड़े वर्गों के हितों के लिए सदैव कार्य किया।

मंत्री सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार कल्याण सिंह के विचारों और मूल्यों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेश के सर्वांगीण विकास, आत्मनिर्भरता और सुशासन के संकल्प को निरंतर साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि बाबूजी का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है और उनके सिद्धांतों पर चलकर ही आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

# कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि है : पंकज चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए हम सभी कार्यकर्ता 2027 में प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार बनाने के संकल्प के साथ आगे बढें। भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के गोरखपुर पहुंचने पर पार्टी पदाधिकारियों व बड़ी संख्या में मौजूद पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए स्वागत से अभिभूत पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि है।

भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित अपने स्वागत व अभिनंदन समारोह तथा गोरखपुर क्षेत्र की बैठक को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के प्रेम, स्नेह तथा स्वागत के लिए धन्यवाद देने के लिए मेरे पास शब्द नही है। आप सभी कार्यकर्ताओं के बीच आकर गौरवान्वित हूं और भावुक भी हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने 1989 में मुझे सभासद और 1990 में डिप्टी मेयर बनाया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने नौ बार लोकसभा का प्रत्याशी भी बनाया। पार्टी ने दूसरी बार केंद्र में वित्त राज्यमंत्री के रूप में काम करने की भी जिम्मेदारी दी और आज उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में बड़ी जिम्मेदारी दी है।



उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी शक्ति है संगठन ही हमारी पहचान है। संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हमें प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में 2017 से भी बड़ी जीत 2027 में पार्टी को दिलानी है। क्योंकि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सशक्त उत्तर प्रदेश और समृद्ध उत्तर प्रदेश भी जरूरी है और यह भाजपा सरकार में ही संभव है।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि गोरखपुर की धरा धार्मिक और राजनीतिक रूप से उर्वरक धरा है। यहीं से योगी आदित्यनाथ जी दो बार से मुख्यमंत्री हैं। जिन्होंने बीमारू प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश बनाकर देश मे प्रदेश को एक नयी पहचान दी है। इसी धरा पर गुरु गोरखनाथ मंदिर व गीताप्रेस जैसे धार्मिक स्थल है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत की कोई सुनता ही नहीं था लेकिन आज का भारत मोदी के नेतृत्व में जब बोलता है तो पूरी दुनिया गंभीरता से उसकी बात को सुनती है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को पूरा करने का काम मोदी सरकार कर रही है। उन्होंने संगठन कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि संगठन के कार्यों को पूरा करने वाला ही कार्यकर्ता होता है। पार्टी का जो भी दायित्व मिले उसे निष्ठा से करने वाला कार्यकर्ता ही आगे बढ़ता है, उन्होंने कार्यकताओं से एक साथ मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान में जुटने का आह्वान किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने बैठक की अध्यक्षता की। संचालन जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने किया।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, सांसद रवि किशन, शशांक मणि त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। आभार प्रदेश महामन्त्री व क्षेत्रीय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने जताया। इसके पूर्व भाजपा के नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के गोरखपुर में प्रथम आगमन पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, महानगर संयोजक राजेश गुप्ता, जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

# कर राजस्व मदों में दिसम्बर तक मिले 159730.88 करोड़ : सुरेश खन्ना

- प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दिसम्बर माह में कुल रू. 18679.38 करोड़ का राजस्व प्राप्त

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दिसम्बर माह में कुल रू. 18679.38 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसम्बर माह में रू. 17605.32 करोड़ राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में वर्तमान वित्तीय वर्ष के माह दिसम्बर में रू. 1074.06 करोड़ राजस्व अधिक प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि कर राजस्व वाली मदों के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह दिसम्बर तक रू. 159730.88 करोड़ की प्राप्ति हुई है। जो वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर तक निर्धारित लक्ष्य का 74.2 प्रतिशत है। जीएसटी कम होने से मांग बढ़ी है। जिसके परिणामस्वरूप राजस्व प्राप्ति में बेहतर परिणाम आ रहे हैं। अनुमान है कि आने वाले समय में और बेहतर परिणाम मिलेगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि जीएसटी के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 में कुल रू. 6563.04 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष दिसम्बर, 2024 के माह में प्राप्ति रू. 6342.68 करोड़ रही थी। वैट के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 में रू. 3086.83 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 3105.91 करोड़ रही थी। उन्होंने बताया कि डीजल एवं पेट्रोल पर टैक्स उप्र में अन्य राज्यों की तुलना में कम है। इलेक्ट्रिक वाहनों एवं एथेनाल के प्रयोग से डीजल पेट्रोल की खपत में कमी आई है। आबकारी के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 में कुल रू. 4682.84 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 4141.75 करोड़ रही थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 की राजस्व प्राप्ति रू. 2995.59 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 2784.96 करोड़ रही थी। परिवहन के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 की राजस्व प्राप्ति रू. 909.57 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 805.84 करोड़ रही थी। करेत्तर राजस्व की प्रमुख मद भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह दिसम्बर, 2025 में प्राप्ति रू. 441.51 करोड़ है जबकि गत वर्ष माह दिसम्बर, 2024 में प्राप्ति रू. 424.18 करोड़ रही थी।



सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह दिसम्बर तक मुख्य कर राजस्व के अंतर्गत कुल रू. 159730.88 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। जो माह दिसम्बर 2025 तक निर्धारित लक्ष्य रू. 215358.65 करोड़ के सापेक्ष 74.2 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि राज्यकर के अंतर्गत माह दिसम्बर तक राजस्व प्राप्ति के निर्धारित लक्ष्य रू. 130053.55 करोड़ के सापेक्ष रू. 84060.96 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य का 64.6 प्रतिशत है। आबकारी मद के अंतर्गत इस अवधि तक निर्धारित लक्ष्य रू. 43400.00 करोड़ के सापेक्ष रू. 39826.98 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 91.8 प्रतिशत है। स्टाम्प तथा निबंधन के अंतर्गत दिसम्बर माह तक राजस्व प्राप्ति निर्धारित लक्ष्य रू. 28525 करोड़ के सापेक्ष रू. 24389.06 करोड़ की प्राप्ति हुई है, जो लक्ष्य का 85.5 प्रतिशत है।

# कौशल विकास मिशन से तेज हुआ रोजगार सृजन

विशेष संवाददाता (vol)

- 2026 के शुरूआती माह जनवरी में पांच जिलों में मंडल स्तरीय रोजगार मेलों का होगा आयोजन
- 2017-18 से अब तक जनपद एवं मंडल स्तर पर आयोजित 186 वृहद रोजगार मेलों के माध्यम से 4.32 लाख से अधिक युवाओं को उपलब्ध कराया गया रोजगार
- ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत 1,624 रोजगार मेलों के जरिए 2.26 लाख से अधिक ग्रामीण युवाओं को दिया गया रोजगार
- विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 74 जिलों में आयोजित रोजगार मेलों में लगभग 21,000 युवाओं का हुआ सेवायोजन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन प्रदेश में व्यापक रोजगार सृजन का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। कौशल प्रशिक्षण, उद्योग सहभागिता और रोजगार मेलों के समन्वित मॉडल के जरिए योगी सरकार ने लाखों युवाओं को रोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस पहल की है। योगी सरकार की इस पहल को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2026 की शुरूआत में प्रदेश के पांच जनपदों में मंडल स्तरीय वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इन रोजगार मेलों के माध्यम से बड़ी संख्या में निजी क्षेत्र की कंपनियां लगभग एक लाख युवाओं को मौके पर ही रोजगार उपलब्ध कराएंगी।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि योगी सरकार का उद्देश्य युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराना, पलायन को रोकना और प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की दिशा में आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप तैयार कर रही है, ताकि प्रशिक्षण के बाद युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जा सके।

उन्होंने बताया इस माह आयोजित किए जा रहे प्रत्येक रोजगार मेले में औसतन 100 कंपनियां भाग लेंगी और करीब 20 हजार युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस तरह पांचों रोजगार मेलों के माध्यम से एक लाख रोजगार सृजित करने का लक्ष्य है। इन मेलों में संबंधित मंडलों के कई जनपदों के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से अब तक जनपद एवं मंडल स्तर पर 186 वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जा चुका है। इन मेलों के जरिए 4.32 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो योगी सरकार की रोजगारपरक नीतियों की सफलता को दशार्ता है।

योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को भी रोजगार से जोड़ने के लिए ठोस रणनीति अपनाई है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत आयोजित 1,624 रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक 2.26 लाख से अधिक ग्रामीण युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। कोविड संक्रमण के दौरान जब ऑफलाइन गतिविधियां स्थगित थीं, तब भी योगी सरकार ने रोजगार सृजन का अभियान नहीं रोका। ऑनलाइन रोजगार मेलों के माध्यम से उस अवधि में 10,000 से अधिक युवाओं को नौकरियां दिलाई गईं।

चालू वित्तीय वर्ष में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर प्रदेश के 74 जनपदों में रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 21,000 युवाओं का सफल सेवायोजन किया गया। प्रदेश सरकार का मानना है कि कौशल प्रशिक्षण को उद्योगों की जरूरतों से जोड़कर ही स्थायी रोजगार सृजन संभव है। योगी सरकार के मार्गदर्शन में कौशल विकास मिशन के तहत अपनाया गया समन्वित मॉडल युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है और प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है।

# पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में पर्यटन को नई गति और शहर की सांस्कृतिक पहचान को सशक्त स्वरूप देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मंगलवार (06 जनवरी) की सुबह 10 बजे 1090 चौराहे से लखनऊ दर्शन बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह बस पर्यटकों को एक ही यात्रा में राजधानी की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आधुनिक विरासत के दर्शन कराएगी।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और आधुनिक शहरी पर्यटन की दिशा में राजधानी लखनऊ एक नई पहल की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम (यूपीएसटीडीसी) द्वारा लखनऊ दर्शन इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस सेवा के दो सफल मॉक ड्रिल के बाद अब शहरवासियों और पर्यटकों को 07 जनवरी से नियमित सिटी टूर का अनुभव मिलने जा रहा है। यह पहल न केवल लखनऊ की विरासत को नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी, बल्कि सतत पर्यटन को भी सशक्त बनाएगी।

लखनऊ दर्शन बस सेवा पर्यटकों के लिए सुबह और शाम दोनों समय उपलब्ध होगी। प्रातः कालीन सेवा 08:30 बजे से 11:30 बजे तक की होगी। यात्रा



की शुरूआत 1090 चौराहे से होगी। यात्रा के दौरान पर्यटक राजभवन, जीपीओ व हजरतगंज के आकर्षण से रूबरू होंगे। इसके पश्चात, पर्यटकों को बेगम हजरत महल पार्क, ग्लोब पार्क, छतर मंजिल होते हुए सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े ऐतिहासिक रेजीडेंसी परिसर (40 मिनट) का अवलोकन कराया जाएगा। सिब्तैनाबाद इमामबाड़ा से गुजरते हुए बस पुनः हजरतगंज पहुंचेगी, जहां विधान सभा भवन (40 मिनट) का विशेष भ्रमण कराया जाएगा। पुनः राजभवन, कैथेड्रिल चर्च के रास्ते बस यूपी दर्शन पार्क (30 मिनट) पहुंचेगी। आगे यह यात्रा अम्बेडकर पार्क, गोमती रिवर फ्रंट के सुंदर रास्तों से गुजरते हुए 1090 चौराहा पर संपन्न होगी। इस टूर पैकेज में रेजीडेंसी तथा उत्तर प्रदेश दर्शन पार्क में प्रवेश के लिए टिकट शामिल रहेगा, साथ ही विधान सभा भवन में विशेष प्रवेश की व्यवस्था भी की गई है।

लखनऊ दर्शन बस सेवा पर्यटकों के लिए शाम के समय 04 बजे से 07 बजे के लिए निर्धारित की गई है। 1090 चौराहा, गोमती नगर से प्रारंभ होने वाली यह बस यात्रियों के साथ यूपी दर्शन पार्क (30 मिनट) पहुंचेगी। आंबेडकर पार्क, गोमती रिवर फ्रंट, कैथड्रिल चर्च, राजभवन के रास्ते पर्यटक यूपी विधानसभा (40 मिनट) पहुंचेंगे। फिर, सिब्तैनाबाद इमामबाड़ा से होते हुए रेजीडेंसी पहुंचेंगे, जहां लाइट एंड साउंड शो का आनंद लेंगे। आगे यह यात्रा छतर मंजिल, ग्लोब पार्क, बेगम हजरत महल पार्क और जीपीओ के रास्ते फूड वैली पहुंचकर संपन्न होगी।

लखनऊ दर्शन बस सेवा आम लोगों के लिए 07 जनवरी से शुरू होगी। यात्री अपनी सुविधा के अनुसार सुबह या शाम के टूर पैकेज का चयन कर सकते हैं। वयस्कों (12 वर्ष से अधिक आयु) के लिए प्रति व्यक्ति किराया 500 रुपए और बच्चों (05 से 12 वर्ष आयु) के लिए 400 रुपए प्रति यात्री भुगतान करना होगा। यात्रा के दौरान यात्रियों को हल्का जलपान उपलब्ध कराया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से 31 जनवरी तक टिकट बुकिंग पर 10 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी।

संक्षेप

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 101 शिकायतें, नौ निस्तारित

**प्रतापगढ़**। सम्पूर्ण समाधान दिवस में सोमवार को तहसील सभागार लालगंज में एसडीएम व सीओ ने फरियादियों की समस्याओं पर सुनवाई की। समाधान दिवस पर आयीं कुल एक सौ एक शिकायतों में से अफसरों ने मौके पर नौ शिकायतों का निस्तारण कराया। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए समाधान दिवस में अधिकतर शिकायतें जमीनी विवाद से जुड़ी दिखी। सर्वाधिक शिकायत राजस्व विभाग से जुड़ी अटठावन, पुलिस विभाग की चौदह, विकास की नौ आदि रही। एसडीएम ने शिकायतों के निस्तारण के लिए टीम का गठन कराया और मातहतों से पारदर्शिता से शिकायतो के निस्तारण के कडे निर्देश दिये। पुलिस से जुडी समस्याओ पर सुनवाई करते हुए सीओ आशुतोष मिश्र ने लम्बित शिकायतो पर थानाध्यक्षो को कर्रा किया।

## युवक के साथ मारपीट में दो पर मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। युवक के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे रघ्घू सिंह राजापुर गांव निवासी शारदा प्रसाद पुत्र सूरजदीन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तीन जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे उसका पुत्र अक्षय कुमार घर के समीप दुकान पर सामान लेने गया था। आरोप है कि इसी बीच रंजिशन गांव के कुलदीप पुत्र रामकिशोर व अंकित पुत्र हीरालाल उसे गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट, चार पर केस

प्रतापगढ़। पारिवारिक रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बादशाहपुर गांव की रीता देवी पत्नी राम औतार विश्वकर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दो जनवरी की शाम करीब छः बजे उसके जेठ तुलसीराम विश्वकर्मा अपने घर जा रहे थे। आरोप है कि इसी बीच परिवार के राम अभिलाष तथा उसके पुत्र दुर्गेश उर्फ लालू, पुत्रियां नीता व रूबी एकराय होकर गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। एसओ राजेन्द्र त्रिपाठी का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट में चंदन शिक्षा निकेतन की टीम बनीं विजेता

प्रतापगढ़। नगर पंचायत के अझारा वार्ड में चल रहे क्रिकेट टूनार्मेण्ट में सोमवार को नगर पंचायत लालगंज व चंदन शिक्षा निकेतन शीतलमऊ के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। टॉस जीतकर चंदन शिक्षा निकेतन शीतलमऊ ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित दस ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर तिरान्नवे रनों का विशाल स्कोर बनाया। चंदन शिक्षा निकेतन की ओर से मोहित ने चौदह, राजेश ने अठारह, आदिल ने बीस व हर्षित ने चौदह रनों का योगदान किया। बोलिंग करते हुए नगर पंचायत लालगंज की तरफ से कप्तान रोहित मिश्रा ने तीन विकेट प्राप्त किया। चौरान्नवे रनों का पीछा करने उतरी नगर पंचायत की टीम निर्धारित दस ओवरों में नौ विकेट के नुकसान पर उन्हत्तर रन ही बना सकी।

# मां ने प्रेमी के साथ मिलकर बेटी को मार डाला, दोनों गिरफ्तार

**एटा/कासगंज**। कासगंज जिले के सुनगढ़ी थानाक्षेत्र में अपने कथित अवैध संबंधों के चलते एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर बेटी की हत्या कर दी। कासगंज की पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि मामले की जांच के बाद मृतका की मां यास्मीन और यास्मीन के समधी रहीस अहमद को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है।

एसपी ने विस्तार से बताया कि सुनगढ़ी थानाक्षेत्र में 26 दिसंबर को रामछितोनी बंबा के पास एक युवती का शव बरामद हुआ था, जिसको पहचान सबनूर (25) के रूप में हुई थी। शव मिलने के बाद सबनूर की मां यास्मीन ने अपनी बेटी के ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस अधीक्षक का कहना है कि जांच और पूछताछ के दौरान सामने आया कि यास्मीन के उसके रिश्तेदार (समधी) रहीस अहमद के साथ अवैध संबंध थे। इस संबंध की जानकारी सबनूर को हो गई थी और वह इसे उजागर करने की बात कह रही थी। पुलिस के मुताबिक इसी डर से यास्मीन और रहीस अहमद ने मिलकर सबनूर की हत्या कर दी। हत्या के बाद दोनों ने शव को रामछितोनी बंबा के पास सड़क किनारे फेंक दिया और उसके पहने हुए जेवरात भी उतार लिए। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और लूटे गए गहने बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने यास्मीन और रहीस अहमद को गिरफ्तार कर लिया है तथा पहले दर्ज दहेज हत्या की धाराओं को हटाकर हत्या से संबंधित धाराएं लगायी गयीं।

## संभल में बिजली विभाग के छापे, मस्जिद, ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन सहित कई जगह पकड़ी गयी चोरी

संभल। राय सत्ती और सराय तरीन क्षेत्रों में सोमवार तड़के बिजली चोरी के विरुद्ध चलाये गये अभियान में एक मस्जिद और ईरिक्शा चार्जिंग स्टेशन समेत कई स्थानों पर चोरी पकड़ी गयी। जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने यहां बताया कि उन्होंने तथा पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई और विद्युत विभाग के अधिकारियों ने तड़के पांच बजे से राय सत्ती और सराय तरीन क्षेत्रों में अभियान चलाया। इन क्षेत्रों में टीम बनाकर छापेमारी की गयी तो एक ई रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में अवैध रूप से वाहनों की बैट्री चार्ज करते पाया गया। इसके अलावा एक मिनी चार्जिंग स्टेशन भी मिला जहां से 40 से ज्यादा घरों में बिजली की अवैध रूप से आपूर्ति की जा रही थी। उन्होंने बताया कि मुस्तफा मस्जिद में भी बिजली चोरी पकड़ी गयी। लगभग 30 स्थानों पर बिजली चोरी होते पायी गयी। सम्भल में गत वर्ष एक सितंबर में बिजली चोरी रोकने का अभियान चलाया गया था। इससे 150 करोड़ रुपए की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बचत हुई थी। राय सत्ती और सराय तरीन क्षेत्रों में लाइन लॉस 50 प्रतिशत से अधिक है। स्पष्ट रूप से इनमें बिजली चोरी की जा रही थी। इसीलिये यहां पर छापे की कार्वाई की गयी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि राय सत्ती और सराय तरीन में बिजली चोरी का बड़ा रैकेट है, इसीलिए इस क्षेत्र में अभियान चलाया जा रहा है अभियान के दौरान आठ थानों का पुलिस बल और कई पुलिस क्षेत्राधिकारियों को तैनात किया गया था।

## लापरवाही पर डीएम का बड़ा एक्शन

# डीएम ने उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोका



**सिद्धार्थनगर**। जिले में गोवंश संरक्षण को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोशालाओं में किसी भी स्तर पर अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोमवार को जिलाधिकारी ने नगर पंचायत डुमरियागंज स्थित कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान गोशाला में 105 गोवंश संरक्षित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर और डॉक्टर व अधिकारी निरीक्षण रजिस्टर की गहन जांच की। दस्तावेजों की समीक्षा में सामने आया कि गोवंश का चिकित्सकीय निरीक्षण संतोषजनक नहीं हो रहा था। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया। साथ ही, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण तलब करने का आदेश भी दिया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान स्वयं गोवंश को गुड़ और केला खिलाकर उनकी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि डॉक्टरों द्वारा गोवंश की नियमित स्वास्थ्य जांच अनिवार्य रूप से की जाए। इसके अतिरिक्त, हरा चारा, भूसा और पोषाहार की सतत उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ठंड के मौसम को देखते हुए गोवंश को ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

## व्यावसायिक खेती में विषाणु रोग नियंत्रण हेतु उद्यान अधिकारी की महत्वपूर्ण सलाह



श्रावस्ती। जनपद में व्यावसायिक खेती करने वाले कृषकों के लिए राहत भरी खबर है। उद्यान विभाग अधिकारी बी.एस.चौधरी ने सब्जी उत्पादक किसानों को विषाणु रोगों से फसलों की सुरक्षा हेतु विस्तृत एवं उपयोगी सलाह दी है। वर्तमान समय में विशेषकर टमाटर और मिर्च की फसलों में विषाणु रोग का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ सकती है। यह रोग मुख्यतः सफेद मक्खी और हापर जैसे रस चूसक कीटों के माध्यम से फैलता है। उद्यान अधिकारी ने बताया कि रोग की रोकथाम के लिए समय रहते वैज्ञानिक उपाय अपनाना अत्यंत आवश्यक है। टमाटर व मिर्च की फसलों में फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एससी अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल दवा को 0.5 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करने से विषाणु रोग के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है। वहीं आलू की फसल में झुलसा रोग से बचाव हेतु मैंकोजेब, प्रोपीनेब या कार्बेंडाजिम युक्त फफूंदनाशक दवाओं का 2 से 2.5 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करने की सलाह दी गई है। अधिकारी ने कहा कि जिन खेतों में रोग का संक्रमण पहले से मौजूद है, वहां सायमोक्सेनिल 8 प्रतिशत एवं मैंकोजेब 64 प्रतिशत डब्ल्यूपी का 16 दिन के अंतराल पर प्रयोग लाभकारी सिद्ध होगा। गोभी वर्गीय फसलों में डायमंड बैक मॉथ के नियंत्रण हेतु अनुशंसित मात्रा में कीटनाशक का छिड़काव करना चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि नीम सीड कर्नल एक्सट्रैक्ट का प्रयोग पर्यावरण के अनुकूल एवं सुरक्षित विकल्प है। समय पर उपचार, सतर्कता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर किसान न केवल फसलों की सुरक्षा कर सकते हैं, बल्कि उत्पादन और आय में भी वृद्धि कर सकते हैं।

## छापेमारी में बीस लीटर शराब बरामद, एक गिरफ्तार



प्रतापगढ़। पुलिस व आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई में अवैध शराब व लहन तथा शराब बनाने के उपकरणो के साथ एक आरोपी को धर दबोचा गया। उदयपुर थाना के दरोगा नंदलाल यादव व आबकारी निरीक्षक अशोक कुमार ने मुखबिर की सूचना पर रविवार की शाम करीब सात बजे क्षेत्र के पूरे जगन्नाथ देवरी गांव में छापेमारी की। जहां अवैध रूप से बनायी जा रही बीस लीटर शराब, लहन, शराब बनाने के उपकरणों के साथ ही आरोपी शंकर पुत्र सुखराज को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गयी।

## ग्राम प्रहरियों चौकीदारों को मिले कंबल



सिद्धार्थनगर। अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद ने क्षेत्राधिकारी इटवा के साथ थाना मिश्रौलिया थानाक्षेत्र के ग्राम चौकीदारों के साथ थाना परिसर में गोष्ठी की गयी तथा क्षेत्र में सतत निगरानी तथा संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्तियों अथवा आपराधिक घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु निर्देश दिए तथा ग्राम प्रहरियों/ चौकीदारों को शीतकालीन कम्बल का वितरण किया गया। , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा 0 अभिषेक के आदेश पर एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक ने पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा व राजेश कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक थाना मिश्रौलिया के साथ 05.01.2026 को ग्राम चौकीदारों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम चौकीदार पुलिस एवं जनता के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। गांव स्तर पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने चौकीदारों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्तियों अथवा आपराधिक घटनाओं की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए तथा थाना स्थानीय के ग्राम प्रहरीगणों को कम्बल वितरित किया गया।

## जिला जेल में बीमारी के चलते कैदी की मौत

जालौन। जिला कारागार में एक सजायाफ्ता कैदी की बीमारी के कारण मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि कोतवाली उरई के उमरार खेरा मोहल्ले के निवासी 60 वर्षीय मेवालाल को 30 अगस्त 2024 को भारतीय दंड संहिता की धारा 328 (अपराध करने के इरादे से विष आदि द्वारा चोट पहुंचाना) के तहत सात साल की सजा सुनाई गयी थी जिसके बाद उसे जिला कारागार लाया गया था। उन्होंने बताया कि चार जनवरी देररात मेवालाल ने घबराहट की शिकायत की जिसके बाद उसे 11 बजे जिला अस्पताल (उरई) ले जाया गया। देव के अनुसार जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में मौजूद डॉक्टर ने इलाज करने में असमर्थता जाहिर की तथा मेवालाल को मेडिकल कॉलेज (उरई) ले जाने की सलाह दी। जेल अधीक्षक के अनुसार गंभीर हालत में कैदी को राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई ले जाया गया वहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# 61 में 8 प्रार्थना पत्रों का मौके पर कराया निस्तारण

**जिला संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर**। जिले के डुमरियागंज तहसील में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. की अध्यक्षता एवं विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस आयोजन अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., उपजिलाधिकारी डुमरियागंज राजेश कुमार तथा पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन द्वारा किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन. ने तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन




के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा तत्काल जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस डुमरियागंज.में उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रही शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर कुल 61 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-41, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-09, विकास-04, अन्य-07 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिलाधिकारी द्वारा राजस्व के 08 प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया। तहसील दिवस में प्राप्त शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस कार्यक्रम के इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, उप कृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, तहसीलदार डुमरियागंज, तहसील डुमरियागंज क्षेत्र के अन्तर्गत समस्त थानाध्यक्ष एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को संसद से पारित कराने की उठी आवाज




**सीतापुर**। अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर लखनऊ से निकली अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के बैनरतले सोमवार को लखनऊ से चलकर सीतापुर पहुंची।

एसोसिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता सुरक्षा यात्रा का यहां गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वही संघर्ष में योगदान देने वाले अधिवक्ताओं को राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश से सम्मान पत्र तथा सुरक्षा अधिनियम का मसौदा प्रदान कर सम्मानित भी किया। अधिवक्ताओं की आम सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने कहा कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को संसद से अगले बजट सत्र में अनिवार्य रूप से पारित कराया जाय। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार भी कर्मचारियों व शिक्षकों को कैशलेस हेल्थ बीमा का लाभ दे रही है परन्तु अधिवक्ताओं के लिए यह सुविधा अभी नदारद है। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा व सुविधाओं पर सरकार की खामोशी और हीलाहवाली को लेकर प्रदेश भर में अधिवक्ताओं का आंदोलन और तेज होगा। वहीं उन्होने अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक के संघर्ष में योगदान के लिए अधिवक्ताओं को एसोसिएसन की ओर से सम्मान पत्र भी प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार एसोसिएसन के अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी व संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष इशरत अली खां ने किया। राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार तिवारी महेश ने वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष मिश्र, डीपी चौहान, कौशलेंद्र सिंह, सुबोध कुमार, आशुतोष वाजपेई, अम्बरीश शुक्ला को सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर आरती राय, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, पुनीत शुक्ल, प्रेमरत्न कटियार, भूपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, विकास वर्मा, अतीक खां आदि अधिवक्ता रहे।

# मोटर साइकिल की भिड़ंत में युवक की मौत

**बांसी सिद्धार्थनगर**। जिले के बांसी थाना क्षेत्र अंतर्गत देबियापुरझबांसीझनरकटहा मार्ग पर रविवार शाम एक सड़क हादसा हो गया। रात लगभग 8 बजे आमने-सामने से आ रही दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक युवक की पहचान विशाल पुत्र गंगाराम (लगभग 27 वर्ष), निवासी हरिद्वार, थाना बांसी के रूप में हुई है। विशाल सिद्धार्थनगर में एक प्रिंटिंग प्रेस में कार्यरत था और रविवार शाम काम निपटाकर अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान देबियापुरझनरकटहा मार्ग पर उसकी मोटरसाइकिल की सामने से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल से सीधी भिड़ंत हो गई। दूसरी मोटरसाइकिल पर हिमांशु और उमेश सवार थे, जो बांसी की ओर से सिद्धार्थनगर मुख्यालय की तरफ जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों मोटरसाइकिलें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और तीनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे के तुरंत बाद आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद के लिए आगे आए। स्थानीय लोगों की सहायता से गंभीर रूप से घायल विशाल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार हिमांशु को गंभीर चोटें आने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थनगर रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है। उमेश को भी चोटें आई हैं, हालांकि उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी ने सर्किल के मिशन शक्ति केंद्र प्रभारियों के साथ की गोष्ठी



बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी सीओ सर्किल के सम्बंधित मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी और महिला बीट आरक्षियों के साथ क्षेत्राधिकारी बांसी रोहिनी यादव ने गोष्ठी कर मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा किया। सीओ रोहिनी यादव ने सर्किल बांसी के समस्त मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी और महिला बीट आरक्षियों के साथ मिशन शक्ति केंद्र के कार्यों की समीक्षा किया और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। तत्पश्चात मिशन शक्ति केन्द्र पर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश देते हुए कड़े निर्देश दिए गए क्षेत्राधिकारी रोहिनी यादव ने सम्बंधित को निर्देश दिया कि अपने-अपने थाना क्षेत्रो मे विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, गांव, कस्बा आदि जगहों पर जाकर महिला अपराध व साइबर अपराध के रोकथाम सम्बन्धी प्रचार-प्रसार तथा जांच के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाने आदि बिन्दुओं पर जोर देते हुए निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सर्किल के सम्बंधित समस्त मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी / आदि मौजूद रही।

# एसडीएम ने 20 में 5 प्रार्थना पत्रों का मौके पर कराया निस्तारण

**बांसी सिद्धार्थनगर**। एसडीएम बांसी निखिल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया, गत शनिवार को छुट्टी होने के कारण सोमवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया। एस 0 डी 0 एम 0बांसी निखिल चक्रवर्ती की अध्यक्षता में आयोजित तह0 समाधान दिवस में कुल 20 फरियादी प्रस्तुत हुए जिसमें पांच प्रार्थना पत्रों का निस्तारण एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने मौके पर ही करा दिया गया। जिसमें राजस्व के दस, पुलिस विभाग के तीन ,नगरपालिका का एक अन्य छह मामले पेश हुए। मौके पर राजस्व से संबंधित पांच मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को सौंप कर अविलंब निस्तारण करने हेतु कहा गया। एसडीएम निखिल चक्रवर्ती ने कहा कि शेष मामलों में शीघ्र निस्तारण करने का आदेश दिया गया है।इस दौरान खंड विकास अधिकारी मिठवल सौरभ पाण्डेय ,खंड विकास अधिकारी खेसरहा अमित सिंह ,जिला पंचायत के तरफ से पूर्व कर अधिकारी अनिल कुमार चौधरी, पूर्ति निरीक्षक अर्चना सिंह, विद्युत विभाग से एसडीओ राकेश यादव नलकूप विभाग से राजेन्द्र के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ऑटो पलटने से महिला चालक की मौत

झांसी। झांसी जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक ऑटो रिक्शा पलटने से महिला चालक की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।इस बीच, महिला के परिजनों ने लूट के लिए हत्या का अंदेशा जताया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी (नगर) लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि रविवार रात स्टेशन रोड पर एक ऑटो पलटने से महिला चालक अनीता चौधरी (35) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह सड़क दुर्घटना प्रतीत होती है परंतु मृतका के परिजनों ने हत्या किए जाने आशंका व्यक्त की है। इस संबंध में जांच की जा रही है और कुछ भी संदिग्ध पाया जाता है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने महिला के जेवरात एवं फोन गायब होने के कारण लूट एवं हत्या की आशंका व्यक्त की है।

# शादी के बाद खुला पति के गंजा होने का राज

## महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

नोएडा। नोएडा के बिसरख क्षेत्र में एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक महिला ने शादी के बाद पति के गंजा होने की बात पता चलने पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार, महिला ने पति के अलावा ससुराल पक्ष के अन्य सदस्यों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके आधार पर पति संयम जैन, ससुर संजय जैन, सास सुषमा जैन, जीजा कुणाल जैन और मामा हेमंत जैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गौर सिटी एवेन्यू-एक निवासी लविका गुप्ता ने रविवार को शिकायत दर्ज कराई जिसमें बताया कि उसकी शादी 16 जनवरी 2024 को दिल्ली के राणा प्रताप बाग निवासी संयम जैन से हुई थी। महिला ने आरोप लगाया है कि शादी से पहले कई अहम तथ्यों को उनसे छिपाया गया। महिला का आरोप है कि उनके पति पूरी तरह गंजे हैं और नकली हेयर पैच (कृत्रिम बाल) का इस्तेमाल करते हैं, जबकि विवाह के समय बताया गया था कि उनके घने बाल हैं। पुलिस के मुताबिक, महिला ने पति की शैक्षिक योग्नता और आय के बारे में भी जानकारी छिपाने का आरोप लगाया है। शिकायत में कहा गया है कि शादी के बाद से ही पति उसे ब्लैकमेल करता रहा और मोबाइल फोन से निजी तस्वीरें निकालकर उन्हें सार्वजनिक करने की धमकी देता था।

## कुत्ते के साथ क्रूरता का वीडियो वायरल, आरोपी गिरफ्तार

बागपत। जिले के रमाला क्षेत्र में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक कुत्ते के साथ क्रूरता की बात सामने आने पर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक वीडियो सामने आया था, जिसमें एक व्यक्ति कुत्ते के साथ क्रूरता करता और उसे बोतल से जबरन शराब पिलाता दिखाई दे रहा है। वीडियो के वायरल होने के बाद पुलिस के सोशल मीडिया प्रकोष्ठ और स्थानीय पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी की पहचान रमाला क्षेत्र के निवासी जितेंद्र उर्फ बल्लम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे रविवार को गिरफ्तार कर लिया।

## पंचायत सदस्यों का अनिश्चितकालीन धरना शुरू



**बांसी सिद्धार्थनगर**। अपनी तमाम समस्याओं को लेकर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने विकासखंड मिठवल कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। सोमवार को धरना पर बैठे क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कहा कि मनरेगा योजना वर्ष 2025- 26 की कार्य योजना पर अभी तक एक भी परियोजनाओं की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति खंड विकास अधिकारी मिठवल द्वारा नहीं किया गया है। जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने एक माह पूर्व अपने-अपने वार्डों से प्रस्तावित परियोजनाओं की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर बीडीओ द्वारा तीन सदस्यीय टीम एडीओ मिठवल, एडीओ सहकारिता तथा जेई आरईएस द्वारा एक महीना बीत जाने के बाद भी भौतिक सत्यापन नहीं किया जा रहा है ऐसी दशा में क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा प्रस्तावित परियोजना शून्य हो रहा है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों का कार्यकाल भी अंतिम पड़ाव पर हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की मांग है कि जब तक परियोजना की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति नहीं होती है तब तक लोकतांत्रिक ढंग से धरना चलता रहेगा। धरने में क्षेत्र पंचायत सदस्यों में विष्णु प्रताप सिंह (प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य कमहरिया खुर्द), अजय प्रताप मिश्र, चीनी लाल, अजय त्रिपाठी, शैलेश कुमार त्रिपाठी, इंद्रजीत यादव प्रतिनिधि, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# पंकज चौधरी का गोरखपुर में हुआ भव्य स्वागत-अभिनंदन

## गोरखपुर में प्रदेश अध्यक्ष पर बुलडोजर से बरसाये फूल, किया भव्य स्वागत अभिनंदन

- एयरपोर्ट से लेकर भाजपा कार्यालय व गोरखनाथ मंदिर तक जगह-जगह स्वागत में उमड़े कार्यकर्ता
- बोले भाजपा प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष, मेरे दरवाजे सबके लिए खुले रहेंगे, रखक्रमें अपनों का नाम न छूटे
- यूपी भाजपा अध्यक्ष के गोरखपुर आगमन पर काफिले में 150 गाड़ियां

गोरखपुर। यूपी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पंकज चौधरी के गोरखपुर में ओमवार को प्रथम आगमन पर एयरपोर्ट से लेकर भाजपा कार्यालय व गोरखनाथ मंदिर तक जगह-जगह स्वागत में कार्यकताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। गोरखपुर आगमन पर कार्यकताओं ने जगह-जगह ढोल-नगाड़े के साथ बुलडोजर से उनपर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत अभिनंदन किया। उनके साथ सदर सांसद रवि किशन और बांसगांव सांसद व केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान भी रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी शनिवार को गोरखपुर पहुंचे। उनके साथ सांसद रवि किशन भी हैं। एयरपोर्ट पर चौधरी का जोरदार स्वागत हुआ। कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों की धुन पर डांस करते रहे। एयरपोर्ट से निकलने पर चौधरी खुली कार में खड़े होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते नजर आए। 150 से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ वह गुरुद्वारे पहुंचे, जहां मत्था टेका। इसके बाद गोरखपुर विश्वविद्यालय के बाहर कार्यकताओं ने स्वागत किया। यहां माल्यार्पण के बाद उन्होंने मंच से गदा लहराई। इसके बाद गोरखपुर यूनिवर्सिटी में पं. दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद उनका काफिला भाजपा के रानीडीहा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में पहुंचा। जहां पार्टी के सांसद-विधायक व पदाधिकारियों समेत कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि अभी दो महत्वपूर्ण कार्य हो रहे हैं। पहला एसआईआर है। निश्चित रूप से जितनी रुचि दिखा सकते थे, उसमें कुछ कमी रह गई। हम सब राजनीतिक कार्यकर्ता हैं। अंत में चुनाव ही सबसे महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए वोटर लिस्ट जरूरी होता है। वोटर लिस्ट के अपने लोगों का नाम छूट गया होगा और गलत लोगों का नाम रह गया होगा तो हमारी सारी मेहनत धरी की धरी रह जाएगी। इसलिए एसआईआर की जो ड्राफ्ट सूची प्रकाशित हो रही है। उस पर हमे विशेष ध्यान देना होगा। विकसित भारत जी रामजी अधिनियम आया है, उसमे 125 दिन रोजगार की गारंटी है। इसके बारे के जन जनको बताना होगा। आप के बिना हम अधूरे हैं। क्योंकि यदि कार्यकर्ता काम नहीं करेगा तो सारी योजना धरी की धरी रह जाएगी। 2027 के चुनाव के अब ज्यादा समय नहीं है। केवल 13 महीने हैं। सबको जुट जाना है, जिससे 2027 में हम 2017 का रिकॉर्ड बनाकर सरकार बनाएं। उन्होंने कहा कि मेरे दरवाजे सबके लिए खुले रहेंगे। सुबह शाम मिलने का समय निर्धारित करूंगा। सभी से मिलूंगा और अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन भी करूंगा।



## 2027 में फिर तीसरी बार भाजपा सरकार व 2047 में विकसित भारत के संकल्प को करें साकार : पंकज चौधरी

### मैं कार्यकर्ता ओरियंटेड नेता हूं, संगठन व कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि : प्रदेश अध्यक्ष



गोरखपुर। भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय पर आयोजित अपने स्वागत व अभिनंदन समारोह तथा गोरखपुर क्षेत्र कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि इस अभूतपूर्व स्वागत के लिये धन्यवाद देने का मेरे पास शब्द नही है। आप सभी कार्यकताओं के बीच आकर गौरवान्वित हूँ और भावुक भी हूँ।

उन्होने कहा कि पार्टी ने 1989 में मुझे सभासद और 1990 में डिप्टी मेयर बनाया। कहा कि पार्टी ने मुझे नौ बार लोकसभा का प्रत्याशी बनाया। कार्यकताओं के परिश्रम से ही सातवीं बार सांसद के रूप में काम कर रहा हूँ। पार्टी ने दूसरी बार केंद्र में वित्त राज्यमंत्री के रूप में काम करने की भी जिम्मेदारी दी। अब उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में बड़ी जिम्मेदारी मिली है।

उन्होंने कहा गोरखपुर की धरा धार्मिक और राजनीतिक रूप से उर्वरक है। यहीं से योगी आदित्यनाथ दो बार से मुख्यमंत्री हैं। जिन्होंने बीमारू प्रदेश को स्वस्थ प्रदेश बनाकर देश मे एक नयी पहचान दिलाई है। इसी धरा पर गुरु गोरखनाथ मंदिर व गीताप्रेस जैसा धार्मिक स्थल भी है।

उन्होंने कहा कि मैं कार्यकर्ता ओरिएंटेड नेता हूँ और कार्यकर्ता मेरे लिए सर्वोपरि है। कहा कि मैं कार्यकताओं व जनता के साथ समन्वय के कारण ही चुनाव जीतता हूँ। आज जिस गर्मजोशी के साथ आप सभी कार्यकताओं ने स्वागत किया है मेरे पास शब्द नही है कि धन्यवाद दे सकूँ। उन्होंने कहा कि संगठन ही हमारी स्ट्रेंथ है संगठन ही हमारी पहचान है। संगठन को मजबूत करना हमारा दायित्व है। कहा कि 2047 तक देश को विकसित भारत के रूप में लाने का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प पूरा करने के लिए हमें 2017 से बड़ी जीत 2027 में पार्टी को दिलानी है। क्योंकि विकसित भारत का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही जायेगा। ऐसे में कार्यकताओं की बड़ी जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि एक समय था जब भारत की कोई सुनता ही नही था किंतु आज भारत बोलता है तो पूरी दुनिया गंभीरता से सुनती है। कारण कार्यकताओं के अथक परिश्रम से देश मे मोदी सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय को पूरा करने का काम मोदी जी कर रहे है। अनुच्छेद 370 खत्म करने का काम भी प्रधानमंत्री मोदी ने किया। उन्होंने कोविड काल का जिक्र करते हुए कहा कि कोविड की भयावह विपदा में मोदी जी ने देश को संभाला, बिना भेद भाव प्रधानमंत्री जी देश का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। उन्होंने संगठन कार्यकताओं को उनके कर्तब्यों का बोध कराते हुए कहा कि संगठन के कार्यो को पूरा करने वाला ही कार्यकर्ता होता है। कहा कि पार्टी का जो भी दायित्व मिले उसे निष्ठा से करने वाला कार्यकर्ता ही आगे बढ़ता है, उन्होंने कार्यकताओं से मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। मनरेगा के 100 दिन के काम में हो रही भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत जी राम जी योजना लाया जिसमे 125 दिन की रोजगार की गारंटी दी गयी। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि हम आपके बिना अधूरा हैं आपके साथ की आवश्यकता है। हम सब मिलकर 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करें। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने अध्यक्षता करते हुए अपने संबोधन में कहा कि आपका नेतृत्व गोरखपुर क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। पूरा संगठन आपके साथ कदम से कदम मिला कर चलेगा और 2027 के मिशन को पूरा करेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानन्द राय प्रदेश अध्यक्ष का ऐतिहासिक स्वागत करने के लिए सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने किया। इस समारोह को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ रमापति राम त्रिपाठी, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान, सांसद रवि किशन, विजय दुबे, शशांक मणि त्रिपाठी ने संबोधित किया। आभार प्रदेश महामन्त्री विधान परिषद सदस्य व क्षेत्रीय प्रभारी गोविंद नारायण शुक्ला ने जताया। मंचासीन अतिथियों में प्रदेश सरकार के मंत्री ए के शर्मा, दारा सिंह चौहान, संजय निषाद, दयाशंकर सिंह, विजय लक्ष्मी गौतम, राष्ट्रीय मंत्री व पूर्व सांसद हरीश द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, त्रयंबक नाथ त्रिपाठी, नीलम सोनकर, प्रदेश महामन्त्री सुभाष यदुवंश, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, प्रदेश मंत्री शकुंतला चौहान, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पुष्पदत्त जैन, अनूप किशोर अग्रवाल, क्षेत्रीय महामंत्री सुनील गुप्ता, पूर्व महानगर अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, सिद्धार्थ शंकर पांडेय, निरंकार त्रिपाठी, शत्रुघ्न कसौधन, राहुल त्रिपाठी, प्रदेश प्रवक्ता समीर सिंह, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी डॉ. बच्चा पांडेय नवीन, राहुल तिवारी, ध्रुव श्रीवास्तव, के एम मझवार, मधुसूदन पांडेय, सुधाकर यादव, संदीप पांडेय, राजेश पाल, नवीन श्रीवास्तव, आदित्य द्विवेदी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## हादसे में पिता और दो पुत्रों की मौत



जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद सोमवार को मृतक पिता और उसके दो मासूम बेटों के एक साथ उठे जनाजों ने हर आंख नम कर दी। हादसे की खबर से फिरोजाबाद जिले के ग्राम कोरारी खेड़ा में कोहराम मचा हुआ है। घर से लेकर गांव तक शोक की लहर है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि नगला खंगर थाना क्षेत्र के ग्राम कोरारी निवासी विनीत कुमार (33) रविवार देर शाम अपने दोनों बेटों मोहित कुमार (12) व निशांत कुमार (8) के साथ मोटरसाइकिल से ससुराल थाना सैफई क्षेत्र के ग्राम भिड़रूआ जा रहे थे। शाम करीब 7.30 बजे जसवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एक होटल के पास जमुनाबाग गाँव के समीप पीछे से तेज रफ्तार ट्रक भ्त-38 ।ठ-3173 ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों घायलों को थानाध्यक्ष कमल भाटी ने पुलिस जीप से सीएचसी पर भर्ती कराया था जहाँ पर डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया था पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया जहाँ पर एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी व सीओ आयुषी सिंह ने परिजनों को सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया था उसके बाद सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जब एक साथ पिता और दो मासूम पुत्रों के शव गांव पहुंचे तो चीख-पुकार मच गई। मां शिल्पी देवी बेसुध हो गईं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और ट्रक चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी कमल भाटी ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा दुर्घटना में शामिल ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है। चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दरगाह वारसी में हुई मौला अली की नजर



इटावा। कटरा साहब खाँ दरगाह हजरत अब्दुल हसन शाह वारसी में बाद नमाज असर मौलाये कायनात की नजर पेश हुई। दरगाह वारसी मस्जिद के पेश इमाम हाफिज दिलबर ने मौलाये कायनात की नजर में कलाम पेश किया। दरगाह वारसी के सेक्रेटरी हनी वारसी ने नजर पेश की। दरगाह शरीफ में कानपुर से आए मेहमानों ने भी हिस्सा लिया व शहर के काफी लोग मौलाये कायनात की नजर में शामिल हुए। नजर के बाद आए सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर गफ्फार वारसी, रईस वारसी, फरीद वारसी, राशिद वारसी, इन्तिजार अहमद खान, । इमरान वारसी, अहमद रजा, अजहर अली व दरगाह का स्टाफ शामिल रहा।

## सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन




इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सदर में विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 14 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभयनरायन राय, तहसीलदार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## इबादुर्रहमान बने अखिल व्यापार मंडल के जिलामंत्री

इटावा। शाहकमर स्थित व्यापारी मोहम्मद काशिफ के आवास पर आयोजित हुई। जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में वरिष्ठ व्यापारी इबादुर्रहमान और अताउस समद ने व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए इबादुरेहमान को जिला मंत्री बनाया गया व्यापार मंडल की सदस्यता रशीद एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। वैठक को संबोधित करते हुए जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान गोमती नगर लखनऊ में 8 जनवरी को आयोजित होगी जिसमें इटावा के बड़ी तादाद में पदाधिकारी शामिल होंगे जनपद के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा जाएगा। बैठक में जिलाकोषाध्यक्ष सर्वेश चैहान, जिलावरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिओम गुप्ता, सन्तोष कुमार वर्मा, नगर प्रभारी संजय बर्मा, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, महिला जिलाउपाध्यक्ष पूजा श्रीवास्तव, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, जिलामंत्री वसीम राईन, जिलामंत्री यामीन चैधरी, रिकू युवा जिलामहामंत्री, रजीत सिंह कुशवाह, अशोक कुशवाह सहित व्यापारी शामिल रहे।

## शिक्षक शमसुद्दीन को मिलेगा शिक्षा श्री अवार्ड

इटावा। जसवंतनगर क्षेत्र के ग्राम मलाजनी में स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम के सेवानिवृत शिक्षक शमसुद्दीन सईदी शम्स को शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उत्कृष्ट उपलबधियों, सराहनीय, उल्लेखनीय नवाचार कार्यो के लिए शिक्षा श्री अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जायगा!

यह पुरस्कार उन्हें आगामी राष्ट्रीय युवा दिवस के एक दिन पूर्व 11 जनवरी 2026 रविवार को ए शेफील्ड स्कूल पीराने कलियर रुड़की हरिद्वार उत्तराखण्ड में पंचम शैक्षिक विमर्श एवं शिक्षक सम्मान समारोह मे प्रदान किया जायगा। इससे पूर्व भी वह अनेको अवार्ड देश तथा विदेशों से प्राप्त कर जिले का नाम रौशन कर चुके है शिक्षा जगत उनपर गर्व करता है। शमसुद्दीन सईदी शम्स की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के अनेकों शिक्षक शिक्षिकाओं सहित उनके शुभ चिंतकों तथा शिक्षा जगत से जुड़े अनेको महानुभावो, छात्र छात्राओं, मित्रो तथा परिवार के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी।

## ठंड से बचाव के लिये नगरपंचायत कर्मियों को ट्रैक शूट वितरित

गोरखपुर। ठंड के मौसम को देखते हुये नगर पंचायत बड़हलगंज की अध्यक्ष प्रीति उमर ने अपने कर्मचारियों को ट्रैक शूट का वितरण कराया। रविवार को बड़हलगंज में नगरपंचायत कर्मियों को ट्रैक शूट वितरित करते हुये चिल्लूपार के विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि नगर पंचायत के सफाई कर्मियों की मेहनत पर पूरा नगर स्वच्छ वातावरण में रह पाता है। ऐसे में ठंड को देखते हुए उनकी सहुलियत के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा ट्रैक शूट का वितरण कराया जाना सराहनीय है। अवसर पर विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, मण्डल अध्यक्ष दुर्गेश सोनी, धीरेन्द्र तिवारी, अजीत राव, अरविन्द सिंह, पवन यादव, बृजेश उमर, सभासद दीपक सोनकर, राकेश राय, रवि साहनी, भाजपा नेता आलोक त्रिपाठी, सुरेश उमर, दीपक गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## समाजसेवी सैकड़ों श्रद्धालुओं को करायेंगे प्रयागराज संगम स्नान

### संयम, साधना और आत्मशुद्धि का महापर्व संगम तट स्नान



गोला, गोरखपुर। प्रयागराज के पावन संगम तट पर पौष पूर्णिमा से माघ मेला आरंभ हो चुका है। देश-विदेश से पहुंच रहा श्रद्धालुओं का रेला संगम में आस्था की डुबकी लगा रहा है। इसी कड़ी गोला क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान व समाजसेवी भी गत वर्षो की भांति इस साल भी गांव-क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को अपने निजी संसाधन से मौनी अमावस्या पर्व पर प्रयागराज ले जाकर संगम में आस्था की डुबकी लगवाएंगे। समाजसेवी के अनूठी पहल की गांव-क्षेत्र में चहुंओर सराहना हो रही है।

बता दें, समाजसेवा का यह अनूठा वाकयां विकास खण्ड गोला के ग्राम पंचायत बरईपाररामरूप में देखने को मिला। जहां के ग्राम प्रधान हरिवंश यादव अपनी विशेष कार्यशैली व समाजसेवा को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहते है।

बात चाहें गांव में बच्चें, बृद्ध व महिलाओं के सुबह-शाम घूमने-टहलने के लिए अमृत सरोवर के रूप में एक बेहद सुसज्जित सुंदर हरियाली से युक्त जलाशय निर्माण की हो अथवा गांव के नौजवानों के लिए व्यायामशाला, गांव में आतिथ्य के लिए बारातघर व धर्मशाला बनाने की और गांव को स्वच्छ-सुंदर बनाने के लिए गांव से निकलने वाले कूड़ा-कचरा निस्तारण के लिए कूड़ा निस्तारण केंद्र निर्माण की, ग्राम पंचायत के समग्र विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। तो वहीं ग्राम प्रधान का समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष योगदान को लेकर चर्चा में बने रहते है। उनके समाजसेवा की ही एक बानगी यह भी है कि वह हर साल माघ महीना में गांव के महिला, पुरूष व बृद्धजनों को अपने निजी संसाधनों से प्रयागराज संगम में आस्था की डुबकी लगवाकर पुण्य के भागी बनते है। 14 जनवरी को बरईपाररामरूप गांव से संगम स्नान के लिए रवाना होगा श्रद्धालुओं का जत्था

ग्राम प्रधान व समाजसेवी हरिवंश यादव ने बताया कि गत वर्षो की भांति इस साल भी उनके नेतृत्व में 14 जनवरी को गांव से दर्जनों वाहनों से सैकड़ों श्रद्धालुओं का जत्था रवाना होगा। और 18 जनवरी को मौनी अमावस्या के पवित्र पावन अवसर पर संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगे।

प्रयागराज संगम स्नान पर नही दिखता है जाति-पंथ का भेद : हरिवंश

ग्राम प्रधान व समाजसेवी हरिवंश यादव ने बताया कि हिन्दू समाज के इस सबसे बड़े धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन में छुआछूत, जाति और पंथ का भेद कहीं दिखाई नहीं देता है। प्रयागराज में गंगा, यमुना और अगोचर सरस्वती के पावन संगम तट पर 3 जनवरी पौष पूर्णिमा से माघ मेला शुरू हो चुका है। देश-विदेश से बड़ी संख्या में धमार्चार्य, साधु-संत और श्रद्धालु संगम में आस्था की डुबकी लगाते है। ऐसे में उन्होने भी गांव के लोगों को संगम स्नान करवाने का बीड़ा उठाया है। जो विगत कई वर्षो से सतत जारी है।

## अधेड़ की पोखरे में डुबने से हुई मौत

गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेहरीभार के राजस्व गांव कुशहा निवासी शिवप्रसाद उम्र 50 वर्ष पुत्र स्व रामलाल शनिवार को सायं पांच बजे गांव के उत्तर पुरब कोने पर स्थित चनऊ पोखरे पर शौच के लिए गया था। पोखरे में पांव फिसल गया और वह पोखरे में डुब गया। प्राप्त विवरण के अनुसार मृतक की पत्नी ने बताया कि हमारे पति शनिवार सायं पांच बजे चनऊ पोखरे की तरफ शौच करने गये थे। पोखरे में सिंघाड़ा पड़ा है। शौच के बाद पोखरे के घाट पर गये जहां उनका पांव फिसल गया और वह डुब गये। हम लोग काफी खोज बीन किए लेकिन कुछ पता नही चला। दुसरे दिन रविवार की शाम कुछ लड़के सिंघाड़ा निकालने के लिए गये तो एक चप्पल तैर रहा था। इसकी जानकारी हमें मिलने पर हम जा कर देखी तो वह चप्पल उन्ही का था। तब बच्चों ने लग्गी लगा कर टटोला तो मृतक का स्वेटर लग्गी में फस गया और शव उपर आ गया। इस बात की सुचना मृतक का पुत्र विरेन्द्र ने गोला पुलिस को दिया। मौके पर पहुची गोला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक शिव प्रसाद घर पर रह कर मेहनत मजदुरी करता था।

## शांत सुरक्षित प्रगतिशील भयमुक्त इटावा कर डाला

### सदर विधायक के आवास पर हुआ कवि सम्मेलन




इटावा। गुंडे और मवाली जिनके नाम से ही थरार्ते हैं और भौंकने वाले चुप हैं बिल्कुल ना गुरार्ते हैं भू माफियाओं के अंदर खोफ है इतना भर डाला शांत सुरक्षित प्रगतिशील भय मुक्त इटावा कर डाला लगता है दुष्टो को हराने खुद जगदंबा आई हो या भदोरिया कुल में जन्मी स्वयं लक्ष्मीबाई हो ओजस कवि बृजेंद्र प्रताप सिंह ने सदर विधायक सरिता भदोरिया के आवास पर महाकवि गोपालदास नीरज की स्मृति में अमेज फाउंडेशन द्वारा आयोजित विशाल कवि सम्मेलन में कविता पाठ करते हुए कहे।

कवि शिवम सोनी ने कहा कि अब कोई याद नहीं करता अब तो शायद मौत पर ही हिचकी आएगी कवि अभिषेक शर्मा बरेली ने कहा कि है शिव शंभू है महादेव मुझ पर यह उपकार तुम्हारा मेरा यह जीवन तार दिया कवि विवेक मिश्र ने कहा कि कैसी उलझन कैसी दुश्वारी है अब सोलोसे क्यों गरती चिंगारी है दिल की गलियों से जब से गुजरा है तब से दिल की धक धक धक जा रही है कवित्री ईति शिवहरे ने कहा कि कुंडली तो मिल गई है, मन नहीं मिलता, पुरोहित क्या सफल परिणय रहेगा यदि मिले अपकर्म से उपलब्धियां का उपकार मुझे यह नहीं स्वीकार मुझे कवि डॉक्टर कुमार मनोज ने कहा कि तुलसी और कबीर की साखी जिंदाबाद रहे मेरी प्यारी बहन की राखी जिंदाबाद रहे कवि रौनक एटाबी ने कहा कि कुछ लोग चांद पर जाकर वापस आ गए मैं कापी मैं चांद बनता रह गया।

कवि रोहित चैधरी ने कहा कि त्रेता के लोगों से ज्यादा भाग्यशाली हम कलयुग के लोग हैं त्रेता के लोगों ने 14 वर्ष की प्रभु की प्रतीक्षा देखी है हमने तो प्रभु राम की 550 वर्षे की प्रतीक्षा देखी। कवि डॉ. राजीव राज ने कहा कि मयार्दा के प्रतिरूप राम जन जन के मन के भूप राम राम हमारी धरती के कण कण में बसते हैं राम हमारे जीवन के क्षण क्षण में बसते हैंघरों के दिए से ही घर जल है मयार्दा के प्रतिरूप राम जन जन के प्रतिरूप राम है दीन हीन निर्धन के धन राम है पूस की गुनगुनी धूप राम राम हमारे जीवन में राम जगत के तारण और तरण हैं हे मयार्दा के प्रतिरूप राम। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता इंजीनियर हरकिशोर तिवारी ने की। मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया कार्यक्रम संयोजक राघवेंद्र द्विवेदी ने सभी का आभार व्यक्त किया।


## सूचना



## सूचना

मेरा नाम बेबी परवीन (BABY PARVEEN) से बदलकर परवीन बानो (PARVEEN BANO) हो गया है अब इसी नाम से जाना पहचाना जाये। परवीन बानो पत्नी जावेद अहमद निवासी तकिादानूशाह घण्टाघर रोड सदर शहर व जिला मिर्जापुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे माता-पिता के बताएं अनुसार मेरा जन्म दिनांक 13/08/1975 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मेरा जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं कराया जा सका। जन्म प्रमाण पत्र के लिए इसके पहले कहीं से भी कोई आवेदन नहीं किया गया। मेरा जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना आवश्यक एवं न्याय हित में है जिसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज कर सकता है। आले हसन पुत्र स्वर्गीय मेहंदी हसन निवासी ग्राम व पोस्ट सनगांव विकासखंड तेलियानी तहसील व जिला फतेहपुर

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र रुद्र का जन्म दिनांक 10/01/2022 को निजी आवास घर में ही हुआ है। जानकारी के अभाव में मैं अपने पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत नहीं करवा पाया। इसके पहले कहीं से भी जन्म प्रमाण पत्र के लिए कोई आवेदन नहीं किया गया। मेरे पुत्र रुद्र का जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाना आवश्यक एवं न्याय हित में है जिसे जारी किया जाए। किसी को आपत्ति हो तो दर्ज करवा सकता है। आशीष कुमार साहू पुत्र मूलचंद्र साहू निवासी जीटी रोड थरियांव ब्लॉक हसवा जनपद फतेहपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत, सेमरी खुर्द, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2025-26 दिनांक-05.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत- सेमरी खुर्द, विकासखंड- प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष- 2025-2026 के क्रम में इच्छुक फर्म मालिक दिनांक- 06.01.2026 से दिनांक-12.01.2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत- सेमरी खुर्द पर ग्राम प्रधान/सचिव को निविदा उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 12.01.2026 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पिचरोड से रामचंद्र के चक तक आरसीसी रोड़ निर्माण कार्य। माप- 220 मीटर। | 11,13,280 रुपए। | गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामाग्री। |
| 2. | इंटर लॉकिंग से लाल जी विश्कर्मा की मशीन तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य। माप- 200 मीटर। | 8,73,417 रुपए। | गिट्टी, मोरंग, सीमेंट व अन्य सामाग्री। |
| 3 | मुरली पुत्र गुन्नू का पशु सेड निर्माण कार्य। 1 नग। | 2,00,000 रुपए। | ईंट, मोरंग, सीमेंट, लोहा, पाइप, सीमेंट, पतरा व अन्य सामग्री। |

**नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रा.पं.- सेमरी खुर्द, वि.ख.- प्रतापपुर कमैचा**
**जनपद-सुलतानपुर।**

# डीएम ने समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

## शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम




जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर के लोकसभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को टूलकिट प्रदान की। जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे। इस समाधान दिवस में कुल 57 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 24, पुलिस विभाग की 14, विकास विभाग की 05, आपूर्ति और विद्युत विभाग की 04-04, कृषि और नगर निकाय की 03-03 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया।

इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस मनीषा धारवे, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, बीडीओ सुमित कुमार सिंह, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ संगीता यादव सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### समाधान दिवस पर लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

संपूर्ण समाधान दिवस जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का साक्षी बना। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने स्वयं लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सौंपा। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत दर्जी ट्रेड के 10 लाभार्थियों को सिलाई मशीन युक्त टूलकिट प्रदान की गई। डीएम ने कहा कि योजना का उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने हुनर के बल पर आजीविका सुदृढ़ कर सकें।

संक्षेप

## महिला आयोग की सदस्य 7 को करेंगी जनसुनवाई

लखीमपुर खीरी। महिलाओं की समस्याओं के निस्तारण और उत्पीड़न की घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी 07 जनवरी को जिले के दौरे पर रहेंगी। कार्यक्रम के तहत कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक महिला जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान पीड़ित महिलाएं अपनी शिकायतें सीधे आयोग सदस्य के समक्ष रख सकेंगी और न्याय की राह को आसान बना सकेंगी। बताते चलें कि महिला आयोग के निदेर्शानुसार यह जनसुनवाई उन महिलाओं के लिए आयोजित की जा रही है जिन्हें उत्पीड़न के मामलों में न्याय पाने में कठिनाई हो रही है।

## सर्दी लगने से ट्रक सवार हेल्पर की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में कड़ाके की शीत लहर के बीच कुंभी चीनी मिल में बैगास भरने आए ट्रक चालक के साथी हेल्पर को ठंड लग जाने से सीने में दर्द होने लगा चालक उसका घरेलू उपचार करते रहा तब तक उसकी मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा था। गांव ललौटी खेड़ा थाना जहानाबाद जिला पीलीभीत निवासी गोविंद के अनुसार उसके पिता वेदपाल पुत्र माखनलाल 45 वर्षीय ट्रक पर हेल्पर का काम करते थे। ट्रक चालक कुंभी चीनी मिल में बैगास लेने गया था इस ट्रक पर उसके पिता सवार थे रविवार की शाम को काम करते समय उसके पिता ठंड की चपेट में आ गए जिससे उनकी हालत बिगड़ने लगी चालक मौके पर घरेलू उपचार करता रहा तब तक उनकी मौत हो गई है। सूचना पर एस आई संजीत तिवारी ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने की बैठक

लखीमपुर खीरी। सोमवार को कांग्रेस भवन पर जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं व नगर, ब्लॉक, मंडल अध्यक्षों की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रहलाद पटेल ने जिले में संगठनात्मक कामकाज और जमीनी स्तर पर चल रहे संगठन सृजन अभियान की गहन समीक्षा की। उपस्थित कांग्रेस जनों को अवगत कराते हुए कहा कि जिले में चल रही संगठनात्मक गतिविधियों, अभियानों जनहित कार्यक्रमों एवं जमीनी स्तर पर भी कार्य किए जाने की आवश्यकता है इसकी भी समीक्षा की। साथ ही आगामी रणनीतियां संगठन को और अधिक सशक्त करने तथा लोगों को जोड़ने पर सार्थक प्रयास किए जाने पर भी जोर दिया। आगामी पंचायत चुनाव को लेकर हम सभी लोगों को अभी से तैयारी में जुटना होगा। उक्त महत्वपूर्ण बैठक में उपाध्यक्ष, महासचिव, पीसीसी सदस्य गणों ने सहभागिता की और संगठनात्मक मजबूती, जनसरोकारों तथा युवाओं की सक्रिय भूमिका को लेकर अपने अपने विचार साझा किए। कांग्रेस पार्टी की नीतियों व विचार धारा से प्रभावित होकर वरिष्ठ अधिवक्ता संजय शुक्ला व बहुजन समाज पार्टी के बनवारी लाल गौतम,, अंकित गौतम, चांदनी गौतम अरविंद गौतम, अमन गौतम आदि लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली। उक्त बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रशासन मोहन चंद्र उप्रेती ने किया।

## पति की हत्या में आरोपी पत्नी गिरफ्तार




मोहम्मदी खीरी। कस्बा में एक विवाहिता ने प्यार में रोड़ा बन रहे अपने पति को प्रेमी के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया था भांजे ने लंबे संघर्ष के बाद मामी और उसके प्रेमी के खिलाफ केस दर्ज कराया था घटना के चार माह बाद पुलिस ने आरोपिता को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है वही उसका प्रेमी पुलिस की पकड़ से दूर है। थाना खीरी के मोहल्ला सिकटिहा निवासी अमन कुमार के अनुसार उसके मामा रामजीत और मामी मंगेशा कस्बा मोहम्मदी मोहल्ला शंकरपुर छावनी में रहते थे। मामा बाहर काम करने चले जाते थे तभी मामी का पड़ोसी युवक राम अवध से आंखें चार हो गई प्यार में रोड़ा बन रहे अपने पति को रास्ते से हटाने के लिए योजना बनाकर 29 सितंबर रात 9 बजे करीब सर पर डंडों से प्रहार कर हत्या कर स्वाभाविक मौत होने का षड्यंत्र रच दिया था। भांजे ने शक होने पर दोनों आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने के लिए तहरीर दी थी। पुलिस ने लगभग दो महीने बाद केस दर्ज कर लिया था। विवेचक राम लखन ने हत्या की आरोपी मंगेशा को रविवार को दबोच लिया और कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है वही उसका प्रेमी राम अवध पुलिस की पकड़ से दूर है।

## 121 जोड़ों का हुआ विवाह



निघासन खीरी। कस्बे के झंडी रोड पर आयोजित हुए 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के पंचम दिवस पर आचार्यों द्वारा महायज्ञ प्रारम्भ हुआ जिसमें प्रतिदिन की भांति सर्वप्रथम देवावाहन पूजन के बाद यज्ञ हुआ इस महायज्ञ में कुल 6 परियों में लगभग साठ हजार श्रद्धालुओं ने यज्ञग्नि में आहुतियां प्रदान करते हुए इस महायज्ञ की महापुणाहुती किया साथ ही पुंसवन,नामकरण, विद्यारंभ, मुंडन, यज्ञोपवीत, दीक्षा संस्कार भी संपन्न कराए गए, जिसके बाद सामूहिक विवाह का आयोजन हुआ।

116 हिन्दू जोड़ों ने दहेज रहित विवाह करते हुए एक दूजे के होकर हमेशा साथ निभाने की शपथ ली। कुल 121 जोड़ों का विवाह सनातनी परंपरा के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा संपन्न कराया गया, मुस्लिम समुदाय के निकाह में शाखोचार तक वैदिक परम्परा से करवाने के बाद मौलवी द्वारा पांच मुस्लिम जोड़ों का निकाह हुआ, एक ही मंडप में निकाह और विवाह दोनों, हिन्दू मुस्लिम की आपसी एकता और सद्भावना का प्रतीक बना। आयोजित हुए सामूहिक विवाह में निघासन विधायक शशांक वर्मा, पूर्व विधायक आरएस कुशवाहा, ब्लाक प्रमुख अमनदीप सिंह, सिंगाही पूर्व चेयरमैन उत्तम मिश्रा, भाजपा देवेंद्र पांडे, समाजसेवी विकास अग्रवाल सहित यज्ञ समिति से विनोद सिंह, दामोदर प्रसाद वर्मा, कनक पाल सिंह राणा सहित आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर आयोजित किया गया जागरूकता कार्यक्रम

पलियाकलां खीरी। राष्ट्रीय पक्षी दिवस के अवसर पर दुधवा टाइगर रिजर्व की बायोलॉजिस्ट टीम द्वारा इंडियन एकेडमी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को पक्षियों के महत्व,




उनकी पारिस्थितिक भूमिका तथा संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना था। साथ ही, वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा आसपास के ग्राम क्षेत्रों में ग्रामीण समुदाय को भी पक्षी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया, जिससे आमजन में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित हो सके। इस अवसर पर दुधवा टाइगर रिजर्व की समृद्ध पक्षी जैव-विविधता पर प्रकाश डाला गया। तराई क्षेत्र में स्थित दुधवा अपने विस्तृत साल वन, घासभूमियाँ, आर्द्रभूमियाँ, नदियाँ एवं दलदली क्षेत्रों के कारण वर्ष भर स्थानीय एवं प्रवासी पक्षियों के लिए आदर्श आवास प्रदान करता है। दुधवा में राष्ट्रीय पक्षी मोर, सारस क्रेन, ग्रेट हॉर्नबिल, लेसर एडजुटेंट स्टॉर्क, ओरिएंटल डार्टर, पेंटेड स्टॉर्क, ब्राह्मणी बतख सहित अनेक वन एवं आर्द्रभूमि पर निर्भर पक्षी प्रजातियाँ पाई जाती हैं। शीतकाल में मध्य एशिया एवं साइबेरिया से आने वाले प्रवासी पक्षी इस क्षेत्र की जैव-विविधता को और अधिक समृद्ध करते हैं। पक्षी बीज प्रसार, कीट नियंत्रण एवं आर्द्रभूमियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे संपूर्ण वन पारितंत्र संतुलित रहता है। अतः पक्षियों का संरक्षण प्रकृति और मानव दोनों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस राष्ट्रीय पक्षी दिवस पर यह संदेश दिया गया कि दुधवा की वन, आर्द्रभूमि एवं घासभूमियों का संरक्षण हम सभी की साझा जिम्मेदारी है, ताकि पक्षियों के लिए सुरक्षित आवास सुनिश्चित किया जा सके और प्राकृतिक संतुलन बना रहे। दुधवा टाइगर रिजर्व का सदेश है -स्वस्थ पक्षी , स्वस्थ दुधवा पक्षी बचाएँ दुधवा बचाएँ , प्रकृति बचाएं।

## सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर गांव मछेछा के पास बाइक सवार को अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इलाज के लिए मोहम्मदी सीएचसी पर भर्ती कराया गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। कस्बा के मोहल्ला पूर्वी लखपेडां निवासी ब्यूटी ने बताया उसका पति अरविंद 35 वर्षीय रविवार को सामान लेने शाहजहांपुर गया था बाइक से वापस लौटते समय शाम 8 बजे करीब हाईवे पर मछेछा गांव के पास पहुंचते समय विपरीत दिशा से आ रहे वाहन चालक ने टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों की सूचना पर इलाज के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया था उपचार के दौरान कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस में शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे-छोटे पुत्रों को रोते बिलखते छोड़ गया है। पत्नी के सामने परिवार के भरण पोषण को लेकर संकट खड़ा हो गया है।

## विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा, भूमि पूजन संपन्न

धौरहरा खीरी। धौरहरा कस्बे में प्रस्तावित विराट हिंदू सम्मेलन के निमित्त भूमि पूजन व कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कलश यात्रा में 500 से अधिक हिंदू माता-बहनों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। भव्य कलश यात्रा श्री रामनवमी मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बे के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए श्री राम वाटिका धाम पहुंची। यहां आगामी 10 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर भूमि पूजन किया गया। इसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने सभी से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचने का आह्वान किया। यह आयोजन विराट हिंदू सम्मेलन समिति नगर धौरहरा के तत्वावधान में सकल हिंदू समाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में गोपाल शंकर अवस्थी, कन्हैया बाजपेई, रमेश रस्तोगी, प्रमोद तिवारी, डॉ. मुकेश गुप्ता, संदीप निगम ह्यसीपूह्र, योगेंद्र मिश्रा, सुरेंद्र दीक्षित, रामनरेश साहू, आनंद शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष राजू जायसवाल, प्रचारक प्रियांशु, राजहंस मिश्रा, अनूप अवस्थी, अरुण अवस्थी, कार्यक्रम संयोजक विपिन पांडे, निधि प्रमुख पवन, मीडिया प्रभारी अजीत, प्रचार-प्रसार प्रभारी जगदंबा, प्रदीप, वंश, अमन, राहुल पांडे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर आशा बहुओं का धरना 21वें दिन भी जारी




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आशा बहुओं का धरना-प्रदर्शन 21वें दिन भी जारी रहा। सीएचसी परिसर में एकत्र आशा बहुओं ने नारेबाजी करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के प्रति रोष जताया और उपेक्षा व भेदभाव का आरोप लगाया।

आशा बहुओं का कहना है कि कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे धरना देने के बावजूद अब तक कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनकी समस्याएं सुनने नहीं पहुंचा। उन पर लगातार नई-नई योजनाओं का अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है, जिससे उन्हें दिन-रात काम करना पड़ता है, लेकिन इसके अनुपात में सम्मानजनक मानदेय नहीं दिया जा रहा। आशा बहुओं ने बताया कि डिलीवरी के मामलों में छोटे बच्चों को घर पर छोड़कर प्रसूता के साथ अस्पताल जाना पड़ता है, जहां कई बार ठंड से बचाव की भी समुचित व्यवस्था नहीं होती। अत्यधिक कार्यभार के चलते पारिवारिक जीवन भी प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, टीकाकरण, आभा आईडी बनाना, मलेरिया व फाइलेरिया जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के साथ-साथ अधिकारियों के निर्देश पर अन्य कार्यक्रमों में भी लगाया जाता है, लेकिन इसके बावजूद मात्र दो हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जा रहा है। आशा बहुओं की प्रमुख मांगों में न्यूनतम 20 से 25 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय, आशा संगिनी को ईपीएफ-ईएसआई से जोड़ना, सेवानिवृत्ति पर ग्रेच्युटी, 10 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा और 50 लाख रुपये का जीवन बीमा शामिल है। साथ ही दुर्घटना में मृत आशा बहू या संगिनी के परिजनों को 2 लाख रुपये बीमा राशि और 10 लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने की मांग भी उठाई गई। आशा बहुओं ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

धरने में होली सिंह, नीरज वर्मा, रकिया बानो, रेखा वर्मा, रूबी, सुमन, रेनू, ममता, विनीता, रामकली, सुषमा, मीना, स्नेहलता, आशिया बानो, संगीता, पुष्पा, पूजा सहित बड़ी संख्या में आशा बहुएं मौजूद रहीं।

## कोतवाली से चंद कदम दूर बदमाशों ने युवक पर की फायरिंग

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर में कानून-व्यवस्था को अपराधी खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। रविवार की देर रात कोतवाली से कुछ ही दूरी पर बदमाशों ने स्कूटी सवार युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। पहले फायरिंग की गई, गोली स्कूटी में लगी और इसके बाद युवक को डंडों से पीटकर आरोपी फरार हो गए। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। मोहल्ला राघव कुंज कॉलोनी निवासी यशवर्धन सिंह पुत्र गौरव प्रताप सिंह के अनुसार वह रविवार रात करीब नौ बजे अलीगंज रोड स्थित फैंसी इम्पोरियम के बाहर स्कूटी पर खड़ा था। इसी दौरान सब्जी मंडी रोड, वाल्मीकि मंदिर के पास रहने वाला युवक अपने एक साथी के साथ बाइक से पहुंचा और उस पर फायर कर दिया। गोली स्कूटी में जा धंसी। पीड़ित ने बताया कि जान बचाने के लिए वह भागा तो आरोपियों ने दोबारा फायर किया। भय के कारण वह गिर पड़ा, जिसके बाद एक आरोपी ने डंडों से उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग जुटे, तब जाकर हमलावर मौके से फरार हो गए। युवक ने आरोप लगाया कि नामजद आरोपी पहले भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है, इसके बावजूद कोतवाली क्षेत्र में इस तरह की वारदात कर कानून व्यवस्था की पोल खोल दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में शहर में आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कुछदिन पहले खुटार रोड पर एक अधिवक्ता पर भी दिनदहाड़े हमला हुआ था, लेकिन कार्रवाई सीमित रही। कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क हादसे में दो आरक्षी सहित युवक घायल

धौरहरा खीरी। सोमवार शाम लगभग 5 बजे सिसैया ढखेरवा हाइवे पर सिसैया बाजार के पास कोहरे व भयानक ठंड के कारण दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत होने से तीन लोग घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सी एच सी धौरहरा में भर्ती कराया गया। धौरहरा की तरफ से बाइक पर सवार होकर ईसानगर थाने जा रहे आरक्षी विकल कुमार 30 वर्ष व महिला आरक्षी सोनिया सागर 25 जाते वक्त व सिसैया चौराहे पर बाइक एजेसी में काम करके बाइक पर सवार होकर धौरहरा के मोहल्ला शुक्ला वार्ड निवासी 26 वर्षीय शिवम मिश्रा पुत्र आनंद किशोर की बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में सभी लोग घायल हो गए।

## लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये

सिधौली ( सीतापुर )। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सिधौली विधायक सिधौली मनीष रावत, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये। जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो।

## साहित्यकार पं. सियाराम मिश्र को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। प्रख्यात साहित्यकार पंडित सियाराम मिश्र की पुण्यतिथि पर नगर पालिका परिषद परिसर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके उपरांत पालिका सभागार में संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें वक्ताओं ने उनके जीवनवृत्त, साहित्यिक योगदान और व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि पंडित सियाराम मिश्र दूरदर्शी, सादगीप्रिय और संघर्षशील साहित्यकार थे। उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में देश ही नहीं, विदेशों तक अपनी पहचान बनाई। उनका संपूर्ण जीवन समाज और साहित्य के उत्थान को समर्पित रहा। संगोष्ठी में केके शुक्ला, रामकुमार गुप्ता, अवधेश मिश्रा, प्रमोद दीक्षित और मधुकर सैदाई ने अपने विचार रखते हुए पंडित सियाराम मिश्र के कृतित्व को स्मरण किया और उन्हें शब्दांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पंडित सियाराम मिश्र के पुत्र राजन मिश्र, पूर्व प्राचार्य गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विश्वनाथ सिंह, प्रधानाचार्य आर्य समाज अवधेश मिश्रा, पूर्व सभासद पियूष मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्य एलबीएस सुरेश चंद्र शुक्ला, जिला अध्यक्ष व्यापार मंडल अरुण अवस्थी, रामकुमार अवस्थी, मीडिया प्रभारी विजय प्रकाश मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, संजीव दीक्षित, हरद्वारी लाल राजपूत, लवकुश अवस्थी, सुरेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी और नगरवासी उपस्थित रहे।

## समाधान दिवसः 50 शिकायतें में सिर्फ चार निस्तारित




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील परिसर में सोमवार को अपर जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 50 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें राजस्व और खाद्य एवं रसद विभाग से संबंधित रहीं। राजस्व विभाग की 18 तथा खाद्य एवं रसद विभाग की 17 शिकायतें दर्ज की गईं। इसके अलावा पुलिस विभाग की पांच, संयुक्त जांच के लिए पांच, ग्रामीण विकास विभाग की दो, विद्युत विभाग की दो और नगर विकास विभाग की एक शिकायत आई। एडीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि., सीतापुर**

**पत्रांक : 7288/352सी/ई-टेण्डर-सी.खी./2025-26** **दिनांक : 31.12.2025**

**ई-निविदा सूचना**
**(स्वीकृति की प्रत्याशा में)**

महामहिम राज्यपाल महोदय उ.प्र. की ओर से लोक निर्माण विभाग उ.प्र. में निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद/खण्ड का नाम | विधान सभा का नाम | कार्य का नाम | निर्माण की लागत लाख में) | अनुरक्षण की (रु. लाख में) | कार्य की लागत अनुरक्षण की लागत का योग (रु. लाख रु.) | धरोहर धनराशि (रु. लाख रु.) | निविदा पपपत्र मूल्य समस्त कर सहित (रु. में) | कार्य पूर्ण करने अवधि एवं अनुरक्षण कार्य करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सीतापुर/ नि.खं. -1 | सीतापुर/ बिसवां/ सेवता | जनपद सीतापुर में बहराइच सीतापुर मार्ग (SH-30H) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 16855.00 | 421.50 | 17276.50 | 172.77 | 2715.00 | 18 माह /(05 वर्ष) अनुरक्षण की अवधि |

बिड डाक्यूमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक **08.01.2026 से 16.01.2026** तक उपलब्ध है जो कि दिनांक **16.01.2026 को समय दोपहर 12.00 बजे तक** अपलोड किये जा सकते हैं। इसकी तकनीकी बिड दिनांक **16.01.2026 को दोपहर 12.30 बजे** खोली जायेगी।

निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**(बुद्धि सागर सिंह)**
**अधिशास अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड-1, लो.नि.वि.**
**सीतापुर।**

**(सतीश कुमार)**
**अधीक्षण अभियन्ता**
**सीतापुर/खीरी वृत्त, लो.नि.वि.**
**सीतापुर।**

UPID-243556 Date: 05.01.2026 Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## पुलिस को देख भागने लगा अधेड़ तबियत बिगड़ी ,मौत

आजमगढ़। रौनापार थाना की पुलिस बाजार के नई बस्ती में रविवार रात दबिश देने गई। इस दौरान अधेड़ पुलिस को देखकर भागने लगा उसकी तबियत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार की सुबह उसकी मौत हो गई। दोपहर में गांव के लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। सूचना मिलने पर चार थानों की पुलिस पहुंची। रौनापार नई बस्ती निवासी 55 वर्षीय सलाउद्दीन पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज था। रविवार को पुलिस उसके गांव में जा रही थी। पुलिस को देखकर वह भागने लगा। तबियत ठीक न होने से उसकी हालत बिगड़ गई। पुलिस ने उसके पास पहुंचकर बात की। सलाउद्दीन की हालत देख कर उसके परिजनों को फोनकर जानकारी दी। परिजन उसे लेकर पास के अस्पताल पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने रेफर कर दिया। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान सोमवार की सुबह नौ बजे मौत हो गई। दोपहर करीब 12.30 बजे गांव के लोगों ने रौनापार थाने का घेराव कर दिया। सूचना पर जीयनपुर, बिलरियागंज और मुबारकपुर थाना की पुलिस पहुंची।

## महिला उत्पीड़न सम्बंधित जनसुनवाई 7 को

मीरजापुर। उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से प्रदेश के विभिन्न जनपदों के राजकीय सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी की ओर से नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं सम्बन्धित थाने के क्षेत्राधिकारी के साथ जनपद में महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा, महिला जनसुनवाई, निरीक्षण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त के क्रम में 7 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे जिला पंचायत सभागार में राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्य नीलम प्रभात द्वारा महिला जनसुनवाई की जाएगी। सदस्य महोदया द्वारा तत्पश्चात किसी आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सीएचसी विन्ध्याचल एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण किया जाएगा। राज्य महिला आयोग द्वारा सुनवाई के समय सम्बन्धित अधिकारियों को वांछित आख्या, सूचना सहित उपस्थित रहकर सहयोग करने, कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नामित करने एवं जनपद के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी को आयोग के पदाधिकारियों के साथ उपस्थित रहकर सहयोग करें। पुलिस आयुक्त, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक जनपद के सम्बन्धित अधिकारियों को महिला थानाध्यक्ष सहित उल्लिखित जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित रहकर जनपद की महिला उत्पीड़न सम्बन्धित घटनाओं की विस्तृत आख्या कृत कार्यवाही, अद्यतन स्थिति सहित अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करने के साथ ही महिला जनसुनवाई में नियमानुसार पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने का कष्ट करें। उक्त आशय की जानकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा दी गई।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। थाना राजगढ़ पर गत 7 नवम्बर 2025 को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध वादी को धन का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर उ.प्र. विधि विरूद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधि. पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। सोमेन बर्मा पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में प्रभारी थाना राजगढ़ को अभियुक्ता की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए गए। पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए सोमवार को प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना राजगढ़ क्षेत्र से प्रकाश में आये आरोपी राजनाथ प्रजापति पुत्र स्वर्गीय सरजू प्रजापति निवासी बट (झोरिया) मधुपुर थाना राबर्टसगंज जनपद सोनभद्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# घरी में घुसकर जानलेवा हमला, महिलाओं से मारपीट



जौनपुर। अंजलि जायसवाल निवासी लखनपुर थाना लाइन बाजार ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में बताया है कि उसके घर में घुसकर जानलेवा हमला, महिलाओं से मारपीट और जान से मारने की कोशिश की गयी है। जिससे वह दहशत में है। उनका कहना है कि प्रेम चन्द जायसवाल , दीपा की बहन वदना का पति संजय उनके साथ की रमेश हेमनीषा पीछे के बाउन्ड्री से हमारे घर में जबरन घुस आए। सभी सभी लाठी डण्डा सें मेरे परिवार पर जानलेवा हमला किया घर में कार्यरत दो महिला कर्मचारी पॉटनी सरोज एवं मनीष यादव ने बीच-बचाव किया तो आरोपियों द्वारा उन्हें घसीटकर जान से मारने का प्रयास किया गया।

पूर्व में प्रेमचंद्र जायसवाल द्वारा धमकी दी जा चुकी चाँदनी सरोज एवं मनीषा यादव को बुरी तरह लाड़ियों से हमला किया गया, जिससे इस सभी को कई गंभीर चोटे आई। हमारे घर का सीसी कैमरा क्षतिग्रस्त किया गया, दरवाजा, , पानी की टंकी तोड़ी गई तथा घर में जबरन तोड़-फोड की गयी। इन घटनाओं के वीडियो एवं फोटो प्रमाण उपलब्ध हैं। घटना की भयावहता को देखते हुए हमने 112 पर सहायता मांगी। हम लोगों को बाहर से बंद कर दिया गया और आरोपी छत तोड़ने लगे। पुलिसके आने पर किसी प्रकार हम बाहर निकल पाए। इसके पश्चात जब मुकदमा दर्ज कराने पहुंचे, उसी दौरान हमारे परिवार पर पुनः हसला किया गया। रात्रि लगभग 10 बजे, हमारे ससुर चंद्रभान जायसवाल एवं पति सोनू जाावसवाल पर प्रेमचंद्र जायसवाल, दीपा जायसवाल एवं उनके पुत्र युवराज जायसवाल चहेटू रमेश चन्द लाठी-डंडों से हमला किया, जिसमें तीन लोगों को गंभीर चोटें आई। इस घटना का भी सीसी उपलब्ध है। इतने पर भी आरोपी नहीं रुके। रात्रि लगभग 12:30 बजे, जब हमारा परिवार दूसरे घर आने के लिए निकल रहा था, तब लगभग 20 लोग जबरन मुँह बाँधकर मारने की नीयत से हमारे पास पहुंचे ाड़ी का शीशा तोड़ दिया गया। हम लोग किसी तरह जान बचाकर भाग पाए। आरोपी दबंग, आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। हमारे परिवार को जान-माल का गंभीर खतरा बना हुआ है। इनके विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर परिवार को सुरक्षा प्रदान किया जाये।

## नौकरी के नाम पर पांच लाख पच्चीस हजार की ठगी

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर बड़ी ठगी का मामला सामने आया है। जामडीह गांव निवासी अमित उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि राईपुर फिफियौना गांव निवासी प्रवीण दुबे पुत्र कमलाकांत दुबे ने उसे सरकारी नौकरी दिलाने का भरोसा देकर 5 लाख 25 हजार रुपये ले लिए ।पीड़ित के अनुसार आरोपीत ने प्रभाव और संपर्क का हवाला देते हुए जल्द नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया था। भरोसे में आकर अमित उपाध्याय ने समय-समय पर कुल 5.25 लाख रुपये आरोपीत को सौंप दिए। इसके बाद कई वर्षों तक पीड़ित नौकरी मिलने की आस में आरोपीत के चक्कर काटता रहा, लेकिन आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी न तो नौकरी मिली और न ही रुपये वापस किए गए। आठ वर्ष बीत जाने के बाद जब पीड़ित ने अपनी जमा रकम वापस मांगी तो आरोपीत युवक ने टालमटोल शुरू कर दी और अंततः पैसा देने से साफ इंकार करने लगा। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने बीते शनिवार को सुरेरी थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। मामले की जांच के बाद पुलिस ने रविवार की रात आरोपीत के खिलाफ धोखाधड़ी सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस संदर्भ में प्रभारी निरीक्षक सुरेरी राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## मंदिर की जमीन पर कब्जा कर रहे दो गिरफ्तार

जौनपुर। सुरेरी थाने की पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कार्रवाई करते हुए हनुमान जी के मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम थाना क्षेत्र के कसेरू स्थित हनुमान मंदिर की भूमि पर कब्जा कर शांति भंग की आशंका उत्पन्न कर रहे दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया। दोनों आरोपियों के विरुद्ध बी एन एस की धारा 170,126,135 के तहत कार्रवाई की गई ।गिरफ्तार आरोपित तेईस वर्षीय रोशन कुमार पुत्र रामजियावन, निवासी ग्राम दूबेपुर, थाना सुरेरी, जनपद जौनपुर 31 वर्षीय केहर कुमार गौतम पुत्र इन्द्रजीत, निवासी ग्राम दूबेपुर, थाना सुरेरी, जनपद जौनपुर को उपजिला मजिस्ट्रेट मड़ियाहूं के न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र ने बताया की सार्वजनिक धार्मिक स्थल की भूमि पर अवैध कब्जा और शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## रूखड़घाट वार्ड में वाटर टैंक का नपाध्यक्ष ने किया उद्घाटन



मीरजापुर। नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने नगरीय सुविधाओं एवं पानी की समस्या को लेकर रुखडघाट वार्ड के खंदवानाला में नवनिर्मित वाटर टैंक का उद्घाटन कर वार्डवासियों को समर्पित किया ।इस मौके पर उन्होंने कहा कि वॉटर टैंक लगने से मोहल्ले में पानी की समस्या का निदान हुआ है। वाटर टैंक के माध्यम से स्वच्छ पेयजलापूर्ति की जा सकेगी, जिससे समय से पर्याप्त पानी लोगो को मिल सकेगा ।इस मौके पर राम आसरे सरोज, सभासद धीरज सोनकर, सभासद पति गोवर्धन यादव टीटू, सागर आनंद, गिरजा शंकर, रमेश सोनकर, पवन यादव सुनील यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिलीप कुमार बने उत्तर प्रदेश अभियंता संघ के सोनभद्र जिला अध्यक्ष

पिपरी/सोनभद्र ।उत्तर प्रदेश अभियंता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक 4 जनवरी 2026 को सोनभद्र जनपद के पिपरी क्षेत्र में संपन्न हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग एवं उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ( कनहर संगठन) से जुड़े अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंताओं ने सहभागिता की। बैठक के दौरान संगठन से संबंधित कई आवश्यक एवं ज्वलंत प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का संचालन कनहर निर्माण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार द्वारा किया गया ।बैठक में कनहर संगठन के अधिशासी अभियंता वीर बहादुर सिंह तथा सहायक अभियंता आलोक चंद्र यादव, आशुतोष मिश्रा, सुनील यादव, गौरव, त्रिलोक नाथ झा, संतोष यादव, रोहित, अर्जुन सिंह, प्रियम शर्मा, सरजू प्रसाद, इंद्रमणि पाल सहित अन्य अभियंता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त लोक निर्माण विभाग से अभय यादव भी बैठक में शामिल हुए ।बैठक के दौरान सहायक अभियंता आलोक चंद्र यादव द्वारा उत्तर प्रदेश अभियंता संघ की सोनभद्र जिला इकाई के गठन का प्रस्ताव रखा गया। प्रस्ताव के अंतर्गत दिलीप कुमार को जिला अध्यक्ष एवं अभय यादव को जिला सचिव बनाए जाने का सुझाव दिया गया, जिसे उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया ।बैठक के अंत में संगठन को मजबूत करने तथा अभियंताओं के हितों के संरक्षण हेतु एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक का समापन हुआ।



# अतिक्रमण को लेकर सख्त चेतावनी, एसडीएम की अगुवाई में संयुक्त टीम ने लिया जायजा



दुद्धी, सोनभद्र। दुद्धी कस्बे की सड़कों किनारे पटरीयों पर अतिक्रमण एवं अन्य सरकारी जमीनों पर हुए अतिक्रमण को लेकर एसडीएम की अगुवाई में संयुक्त टीम ने स्थलीय जायजा लिया। एसडीएम ने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अतिक्रमणकारी अपना-अपना अतिक्रमण एक-दो दिनों में स्वयं हटा लें अन्यथा कार्यवाही की जाएगी।

स्थलीय निरीक्षण के क्रम में एसडीएम निखिल यादव, सीओ राजेश कुमार राय, तहसीलदार अंजनी गुप्ता,ईओ अमित कुमार ने संयुक्त रूप से तहसील तिराहे से लेकर बस स्टैंड तक सड़क के दोनों तरफ की पटरीयों सहित बस स्टैंड के पिछले हिस्से का जायजा लिया। उन्होंने कस्बे के लेखपाल विनय गुप्ता से जमीनों की वस्तु स्थिति की जानकारी ली। स्थालीय जायजा लेने के बाद एसडीएम निखिल यादव ने ईओ अमित कुमार से कहा कि अतिक्रमण हटाने एवं उन्हें सुरक्षित स्थान देने को लेकर नगर पंचायत प्रशासन के पास क्या योजना हैं ? इसे बनाकर एक-दो दिनों में हमें उपलब्ध कराएं जिससे अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया जा सकें। उन्होंने कहा कि सड़कों के किनारे अतिक्रमण से आवागमन में परेशानी हो रहीं हैं तथा कभी -कभी जाम की भी समस्या उत्पन्न हो जाती हैं। उन्होंने अतिक्रमणकरियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा की पटरी दुकानदार अपना-अपना दुकान पटरी से स्वयं हटा लें ताकि तहसील और नगर पंचायत की कोई भी कार्यवाही से बच सकें।

# सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

आजमगढ़। बीते गंभीरपुर बाजार में एक हृदयविदारक सड़क हादसा हो गया। ठेकमा से आजमगढ़ की ओर जा रहे बाइक सवारों को एक



तेज रफ्तार ट्रेलर ने जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार दोनों युवकों की गर्दन धड़ से अलग हो गई, और उनके गर्दन के हिस्से लगभग 50 मीटर दूर जा गिरे। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आवागमन बाधित हो गया। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज गंभीरपुर संदीप दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय आजमगढ़ भेज दिया। रोड पर बाधित आवागमन सुचारू रूप से चलने लगा। मृतकों में एक की पहचान पूर्व प्रधान गुड्डू, निवासी सिंघड़ा, थाना गंभीरपुर के रूप में हुई है, जबकि दूसरे युवक की पहचान संदीप यादव (32) पुत्र अमिताभ यादव, निवासी भगवानपुर, थाना बरदह के रूप में हुई। हादसे के बाद पुलिस ने ट्रेलर चालक को वाहन समेत अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच में जुटी हुई है। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## किसान यूनियन ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

जौनपुर। जनपद सोनभद्र के भैंसावर गांव और यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र के रोनीजा गांव में किसानों का धरना एक माह से अधिक समय से जारी है ।इसी को लेकर जौनपुर के कलेक्ट्रेट परिसर में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के तत्वावधान में भी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया ।किसानों की प्रमुख मांगों में यमुना एक्सप्रेसवे के आवासीय प्लॉट और अतिरिक्त मुआवजे का तत्काल वितरण शामिल है। वे नई भूमि अधिग्रहण नीति के प्रावधानों के अनुरूप प्रभावित परिवारों को 20 प्रतिशत विकसित भूमि समय पर दिए जाने की भी मांग कर रहे हैं।

## पुलिस ने 20 पॉउच देशी शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

मड़िहान, मीरजापुर। सोमेन बर्मा पुलिस उपमहानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में सोमवार को उपनिरीक्षक सुशील कुमार मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना सन्तनगर क्षेत्र से आरोपी गुड्डू निषाद पुत्र पुन्नू लाल निवासी बनकी थाना सन्तनगर जनपद को 20 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## कार खांई में जाकर पेड़ से टकराई, एक की मौत



जौनपुर। सिंगरामऊ थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह की सुबह हाईवे पर अनियंत्रित होकर एक कार खाई में जाकर जाकर एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है। यह हादसा साढ़ापुर गांव के पास फोरलेन हाइवे पर हुआ है। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं दूसरे घायल व्यक्ति को बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल भेज दिया। इस हादसे के मामले में थाना प्रभारी सैयद हुसैन मुन्तजर ने बताया कि मृतक की पहचान बाराबंकी जिले के नवाबगंज निवासी 45 साल के नसीरुद्दीन सिद्दकी पुत्र सलरूद्दीन के रूप में हुई है। वह अपने साथी वसीम अहमद के साथ ऑल्टो कार से जौनपुर जा रहे थे। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी है। पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों के आने के बाद ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## निरोगी रहने के लिए देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में चल रहा योगाभ्यास

सोनभद्र। पतंजलि योग परिवार सोनभद्र के तत्वाधान में योग , आयुर्वेद, स्वदेशी एवं सनातन की निष्काम सेवा साधना एवं संघर्ष के 30 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में जिला स्तरीय सम्मेलन का भव्य कार्यक्रम, सोनभद्र बार एसोसिएशन सभागार सोनभद्र में सोमवार को पतंजलि योग परिवार के पदाधिकारीयों एवं योग साधकों द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें बाबा रामदेव के योगाभ्यास कार्यक्रम की सराहना की गई। योगसाधकों ने योग करने का संकल्प लिया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार, अधिवक्ता एवं योगसाधकों को अंगवस्त्र व योग संदेश पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र एल्डर कमेटी चेयरमैन कृपा नारायण मिश्रा ने कहा कि योग की विद्या पूरी तरह से विलुप्त हो चुकी थी, उसे स्वामी बाबा रामदेव जी ने आज देश ही नहीं बल्कि विदेशों में योगाभ्यास कराकर सबको निरोगी बना रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री विनोद कुमार शुक्ला एडवोकेट ने कहा कि निरोग रहने के लिए योग जरूरी है। अध्यक्षता कर रहे पतंजलि योग समिति के कुशल मार्गदर्शक एवं सोनभद्र बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रमेश राम पाठक ने कहा कि बाबा रामदेव जी ने योग के जरिए निरोग रहने का गुर सीखा कर दिन प्रतिदिन योग के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाया है। इसलिए निरोग रहने के लिए सभी लोगों को योग करना जरूरी है। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, प्रमुख योग शिक्षक, कुशल मार्गदर्शक द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रातःकालीन योगाभ्यास कराकर सभी को नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया। दयानन्द मौर्य द्वारा बहुत ही सुंदर योग गीत व नववर्ष पर भजन सुनाया गया ।पतंजलि योग परिवार द्वारा स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बार एसोसिएशन के सभी उपस्थित अधिवक्ता भाईयों को अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता कृपा नारायण मिश्रा, रमेश राम पाठक, विनोद कुमार शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता राजेश कुमार पाठक, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, गोविंद नारायण सिंह, नवेंदु भुषण दुबे, मोहर देव पांडेय, प्रमुख योग शिक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव, भारत स्वाभिमान जिला महामंत्री सुनील कुमार चौबे, दयानंद मौर्य, एसपी मेहता, हेमंत कुमार जैन, उपस्थित सभी योग साधकों को योग संदेश देकर सम्मानित किया गया तथा नियमित योग करने का संकल्प दिलाया गया।

## 400 इंजीनियरिंग छात्रों ने कैंपस प्लेसमेंट में लिया भाग

आजमगढ़। सावित्री बाई फुले राजकीय पॉलिटेक्निक, आजमगढ़ में अमेरिकी कंपनी श्माइक्रोन टेक्नोलॉजीश द्वारा सफल प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन सोमवार को सावित्री बाई फुले राजकीय पॉलिटेक्निक, आजमगढ़ में अमेरिकी कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी द्वारा एक विशाल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित कंपनी में रोजगार पाने के उद्देश्य से देश के कोने-कोने से लगभग 400 डिप्लोमा इंजीनियरिंग की छात्र-छात्राएं संस्थान पहुंचे, जिनमें चयन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरूआत में कंपनी से आई एच.आर. स्वाति सिंह एवं सुमित तथा टेक्निकल एक्सपर्ट विजय, नीरव एवं अथर्व की टीम द्वारा छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत विवरण दिया गया। इसमें कंपनी की कार्यप्रणाली, भविष्य की योजनाओं और करियर ग्रोथ के बारे में जानकारी साझा की गई। इसके उपरांत इस विशेषज्ञ टीम द्वारा छात्रों का लिखित तकनीकी परीक्षण एवं साक्षात्कार लिया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में चयनित छात्रों को लगभग 4 लाख रुपये का वार्षिक पैकेज प्रदान किया जा रहा है। संस्थान के प्रधानाचार्य बी.एन. चौधरी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट अधिकारी प्रीतकमल सिंह, मुख्यरूप से सूर्यप्रताप सिंह, कुलभूषण सिंह, श्रुति सिंह, साधना मौर्य, प्रेमानंद पटेल, अपर्णा सिंह गौर, संतोष, रितेश कुमार, प्रशांत मौर्य, सम्मीउल्लाह अंसारी एवं राजनारायण सहित संस्थान के अन्य समस्त स्टाफ सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य ने प्लेसमेंट सेल की पूरी टीम और माइक्रोन टेक्नोलॉजी से आए प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके प्रयासों से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करियर बनाने का अवसर प्राप्त हुआ।

# ग्रुप वोकेशनल ट्रेनिंग सेन्टर गणेशाय का डीएम ने किया निरीक्षण



सोनभद्र। डीएम बी0एन0 सिंह ने सोमवार को ग्रुप वोकेशनल ट्रेनिंग सेन्टर गणेशाय डाला-ओबरा का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान डीएम ने ट्रेनिंग सेन्टर पर खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों को दी जा रही प्रशिक्षण के सम्बन्ध में प्रशिक्षण केन्द्र के प्रभारी से जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण केन्द्र के ट्रेनिंग आफिसर आर0पी0 सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण केन्द्र का शुरूआत फरवरी 2024 से की गयी है और इस प्रशिक्षण केन्द्र को मान्यता खाद्य सुरक्षा महानिदेशालय वाराणसी द्वारा प्राप्त है।

इस प्रशिक्षण केन्द्र में लगभग 200 श्रमिकों को अब तक प्रशिक्षित किया गया है। इस प्रशिक्षण केन्द्र में खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले नये श्रमिकों को प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसकी अवधि लगभग 12 से 20 दिवस की होती है, प्रशिक्षण के दौरान उन्हें खनन क्षेत्र में कार्य करने के दौरान सुरक्षा से सम्बन्धित विशेष जानकारी दी जाती है। खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों को 5 वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर उन्हें एक स्पेशल ट्रेनिंग दी जाती है, प्रशिक्षण का समय पूर्ण होने के बाद श्रमिकों को प्रमाण-पत्र दिया जाता है, निरक्षर श्रमिकों को भी प्रशिक्षण की सुविधा इस केन्द्र पर उपलब्ध है, प्रशिक्षण केन्द्र का अपना भवन फरवरी या मार्च,2026 तक बनकर तैयार हो जायेगा, जिसमें अधिक संख्या में श्रमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेगें। श्री सिंह ने कहा कि खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए, प्रशिक्षण प्राप्त श्रमिकों के कार्य करने से किसी प्रकार की दुर्घटना होने की संभावना नहीं रहती है।

उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिकों को प्रशिक्षण देने के कार्य में जो भी अनुमन्य साधनों की आवश्यकता होगी, उसमें प्रशासन द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, जिससे कि खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले प्रत्येक श्रमिक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें, जिससे उन्हें खनन क्षेत्र में कार्य करने सुविधा मिले। इस मौके पर उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, असिस्टेन्ट ट्रेनिंग आफिसर आर0पी0 सिंह, ट्रेनिंग आफिसर भीष्म देव पाण्डेय, ट्रेनिंग स्ट्रैक्टर अजय बिहारी सिंह सहित सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

# जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस



- कुशियरा लेखपाल के द्वारा पैमाइश नहीं किये जाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर डीएम ने किया निलम्बित
- तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 78 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 6 का किया गया निस्तारण

मीरजापुर। शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा द्वारा आए हुए फरियादियों की समस्याओ को सुना गया। ग्राम कोलकम कला निवासी विन्दा देवी पत्नी राम आसरे ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि ग्राम कुशियरा लेखपाल को बार-बार प्रार्थना देने के उपरान्त उनके द्वारा पैमाइशन नही किया जा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए लेखपाल अर्जुन सिंह को कार्य में लापरवाही बरतने पर निलम्बित करने का निर्देश उप जिलाधिकारी लालगंज को दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त 78 प्रार्थना पत्रो में से मौके पर 6 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियो को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि प्रार्थना पत्र के निस्तारण की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता है तो अधिकारी मौके पर स्थलीय निरीक्षण करते हुए शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जमीन की पैमाइश में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमों का गठन करते हुए एक सप्ताह में शिकायत का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक शासन से स्वंय शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर लिया जाता है अतएव सम्बन्धित अधिकारी शिकायत के निस्तारण गुणवत्ता का विशेष ध्यान दे। इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलो में यथा तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में प्राप्त 80 प्रार्थना पत्रों में से 12 का निस्तारण, तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में प्राप्त 53 प्रार्थना पत्रों में से 5 का निस्तारण एवं तहसील चुनार अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता की अध्यक्षता में प्राप्त 72 प्रार्थना पत्रों में से मौके पर 2 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना को सम्बन्धित अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने का निर्देश दिया। तहसील लालगंज में परियोजना निदेशक डीआरडीए धर्मजीत सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी लालगंज महेन्द्र सिंह, संयुक्त मजिस्ट्रेट अशुंल हिन्दल, प्रशिक्षु आईपीएस कनिष्क आर जामकर, तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय, मुख्य चिकित्साधिकारी सीएल वर्मा, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अशोक कुमार त्रिपाठी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

संक्षेप

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कृष्ण यादव ने बाजी मारी

भटनी(देवरिया)। स्थानीय नगर स्थित न्यू ड्रीमर्स एकेडमी के तत्वाधान में जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रिंस पब्लिक स्कूल के कृष्ण यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रतियोगिता में जनपद के लगभग 15 से अधिक शिक्षण संस्थाओं के छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभागी किया।

घोषित परिणाम के अनुसार कृष्ण यादव, प्रिंस पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं इसी विद्यालय की जानवी वर्मा द्वितीय स्थान तथा विकास साहनी, लोटस पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष 15 विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। सभी सफल प्रतिभागियों को 11 जनवरी 2026 को बहादुर यादव महाविद्यालय में समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

# समाधान दिवस में 77 शिकायतें मिलीं, 11 निपटीं

जिला संवाददाता




**कसया, कुशीनगर।** तहसील सभागार में आयोजित आज सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने जनसुनवाई करते हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण का निर्देश दिए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी श्री तंवर ने एक-एक कर सभी प्रार्थनापत्रों को सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम जनता की समस्याओं का समाधान कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्राप्त प्रार्थनापत्रों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने पुलिस विभाग से संबंधित प्रार्थनापत्रों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस से जुड़े मामलों में पीड़ितों को समय पर न्याय मिलना चाहिए और इसमें किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान विभिन्न विभागों से कुल 77 मामले प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग के 49, पुलिस विभाग के 11, विकास विभाग के 04, कृषि विभाग के 05, खाद्य एवं रसद विभाग के 4 तथा अन्य विभागों के 04 प्रकरण शामिल रहे। इनमें से मौके पर ही राजस्व विभाग के 05, पुलिस विभाग के 02, कृषि विभाग के 02 तथा खाद्य एवं रसद विभाग के 02 सहित कुल 11 मामलों का निस्तारण कर दिया गया। शेष 66 प्रकरणों को संबंधित विभागों को समयबद्ध निस्तारण हेतु प्रेषित किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पीयूष, मुख्य चिकित्सा अधिकारी चन्द्र प्रकाश, बीएस राम जियावन मौर्य, उप कृषि निदेशक अतिंद्र सिंह, एसडीएम डॉ. संतराज सिंह बघेल, सहित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं सीओ कुन्दन सिंह, तहसीलदार धर्मवीर सिंह, नायब तहसीलदार संदीप कुमार, अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला, एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सुड्डू मिश्रा ने की मुलाकात

सोहावल-अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल अयोध्या जनपद की जिला पंचायत की समस्त सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और जिले में एक विधानसभा भी एनडीए से मिलकर लड़ेगी। उक्त जानकारी राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेश नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा द्वारा दिल्ली में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी द्वारा मुलाकात और वार्ता करने के बाद दूरभाष पर बताया। सुडडू मिश्रा ने कहा कि आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर अपने साथियों सहित अयोध्या जनपद की राजनीति के क्षेत्र में चुनाव लड़ने को लेकर विस्तार से जयंत चौधरी से वार्ता हुई। जयंत चौधरी ने आश्वासन दिया और निर्देश दिया कि आप जाइए पंचायत चुनाव की पूरी जिले में तैयारी कीजिए, विधानसभा में भी तैयारी कीजिए। रालोद गठबंधन के तहत विधानसभा चुनाव लड़ेगी और पंचायत चुनाव अपने बल पर लड़ेगी। श्री मिश्रा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को आश्वस्त किया।

## डीएम ने नालों से गुजर रही पेयजल पाइप लाइनों को तत्काल सुरक्षित कराने के दिए निर्देश



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने ओवरब्रिज के निकट एसएसबीएल इंटर कॉलेज देवरिया के पास निरीक्षण के दौरान पाया कि कुछ स्थानों पर पेयजल पाइप लाइनें नालों के बीच से होकर गुजर रही हैं, जो जनस्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने इस स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद देवरिया एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी स्थलों को चिन्हित कर पेयजल पाइप लाइनों पर तत्काल सुरक्षा कवरिंग कराई जाए, जिससे किसी भी स्थिति में नाले का पानी पाइप लाइन के संपर्क में न आ सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित किए जाएं, ताकि आमजन के स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

## मनरेगा बचाओ संग्राम के जिला कॉर्डिनेटर बने सत्य प्रताप अंशू

**भटनी(देवरिया)।** मनरेगा बचाओ संग्राम का जिला कॉर्डिनेटर सत्य प्रताप अंशू को बनाए जाने पर शुभेच्छुओं ने शुभकामनाएं दी हैं। बताया गया है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अनुमति के उपरान्त कांग्रेस कार्यसमिति द्वारा निर्देशित 'मनरेगा बचाओ संग्राम' को प्रदेश में मजबूती से चलाये जाने हेतु समस्त जनपदों में जिला/शहर कांग्रेस कमेटी के सहयोग के लिए वरिष्ठ कांग्रेस एक्टिविस्ट को जिलेवार मनरेगा बचाओ संग्राम के कोआर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी क्रम में जनपद देवरिया में मनरेगा बचाओ संग्राम की जिम्मेदारी सत्य प्रताप अंशू को दी है।

## किसान कांग्रेस की बैठके में किसानों की समस्याओं पर हुई चर्चा

**देवरिया।** टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय में किसान कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि किसानों की समस्या पे सरकार ध्यान नही दे रही। किसानों की मूलभूत जो समस्या है वह है खाद पानी। न समय से खाद मिल पाता है न समय से पानी। बैठक में विस्तृत रूप चर्चा हुई। कई जगह नहरों में ओभर फ्लो पानी से कई सौ एकड़ फसल डूब चुकी है। यदि समय से सिल्ट सफाई नहरों की हो जाती तो यह समस्या नही होती। आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसल भी नुकसान हो रहा है। इन समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से मिला जाएगा। श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि संगठन किसानों की हर समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने यह भी दोहराया कि किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक किया जाएगा। बैठक में दर्जनों पदाधिकारीयों के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता उपस्थित थे। इनमें प्रमुख रूप से नागेंद्र शुक्ला, हरिहर त्रिपाठी, विजय शंकर मिश्रा, सत्य प्रताप मिश्रा अंशु, अब्दुल हफीज, अखिलेश शुक्ला, रजनीश उपाध्याय, मुक्ति नाथ, संतोष कुमार पाण्डेय, करुणेश राय, सरोज पाण्डेय, प्रताप नारायण दिक्षित, देवकीनन्दन दूबे, शैलेश, रामस्वरूप यादव, प्रमोद चौधरी, नीरज कुमार दुबे, राजेन्द्र यादव, रमेश तिवारी, लल्लू सिंह, मनोज पाण्डेय, अख्तर अंसारी, संदीप यादव, विनोद कुमार दीक्षित, सुनील यादव सहित संचालन विमल कुमार मिश्रा ने किया।

## आमरण अनशन के समर्थन में 10 को पंचायत करेगी भाकियू

अयोध्या। किसानों, मजदूरों, आम जनता की समस्याओं व बीकापुर नगर के विकास को लेकर भारतीय किसान यूनियन नगर अध्यक्ष बीकापुर मंशाराम वर्मा द्वारा 9 जनवरी से बीकापुर तहसील परिसर में किए जा रहे आमरण अनशन के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन जनपद इकाई अयोध्या द्वारा बीकापुर तहसील परिसर में 10 जनवरी को किसान महापंचायत की जाएगी। उक्त के संबंध में भारतीय किसान यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य के नेतृत्व में जिला अधिकारी को संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट अयोध्या को सौंप कर समस्या समाधान कराए जाने की मांग किया गया है समस्या समाधान न होने की दशा में 10 जनवरी 2026 को बीकापुर तहसील परिसर में किसान महापंचायत करने की चेतावनी दी गई है। राम गणेश मौर्य ने बताया कि समस्याओं के संबंध में बीकापुर नगर व तहसील कमेटी द्वारा विगत दो वर्षों से ज्ञापन सौपा जा रहा है फिर भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समस्याओं का समाधान ना करके हिलाहवाली किया जा रहा है जिसके कारण मजबूर होकर नगर अध्यक्ष बीकापुर मंशाराम वर्मा द्वारा 9 जनवरी 2026 से बीकापुर तहसील में आमरण अनशन करना पड़ रहा है जो किसी भी दशा में उचित नहीं है राम गणेश मौर्य ने जिला प्रशासन को चेतावनी दिया है कि समय रहते समस्याओं का समाधान कर दिया जाए वरना 10 जनवरी को ऐतिहासिक आंदोलन किया जाएगा। युवा जिला अध्यक्ष विकास वर्मा ने कहा कि बीकापुर नगर पंचायत टमाटर व अन्य सब्जियों का हब होने के बावजूद भी बीकापुर तहसील मुख्यालय के आसपास सब्जी मंडी नहीं है सब्जी मंडी के अभाव में किसानों को सही मूल्य नहीं मिल पा रहा है उत्तर प्रदेश की योगी सरकार एकदम झूठा विकास का दावा करती है और देश की मोदी सरकार किसानों की आय 2 गुना करने का एकदम गलत प्रचार करती है। युवा मोर्चा जिला महासचिव विवेक पटेल ने कहा कि बहुत ही दुर्भाग्य का विषय है कि 78 वर्ष पूर्व आजाद होने के बाद भी बीकापुर नगर पंचायत क्षेत्र मे वन राजा के पूरवा को जाने के लिए आज भी कोई रास्ता नहीं है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य, विकास वर्मा, आदि उपस्थितरहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील बरहज में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित






**देवरिया।*** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में तहसील बरहज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमणशील रहते हुए भूमि विवाद से संबंधित मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन शिकायतों का निस्तारण मौके पर संभव नहीं हो सका है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इस दौरान पात्र आवेदकों को मौके पर ही राशन कार्ड उपलब्ध कराए गए, वहीं एक आवेदक को खतौनी दुरुस्तीकरण के माध्यम से त्वरित राहत प्रदान की गई।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 78 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें 32 राजस्व विभाग, 14 पुलिस विभाग, 14 विकास विभाग, 08 खाद्य एवं रसद विभाग तथा 10 अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। प्राप्त शिकायतों में से 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाजपा केवल पार्टी नहीं, राष्ट्र निर्माण का आंदोलन: विधायक



**कुशीनगर।** जिले के फाजिलनगर नगर पंचायत क्षेत्र स्थित संस्कार सेंट्रल एकेडमी में भारतीय जनता पार्टी की एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी चुनावों को लेकर पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों एवं रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त आंदोलन है। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं, और इसका पूरा श्रेय पार्टी के समर्पित कार्यकताओं को जाता है। विधायक श्री कुशवाहा ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहकर आम जनता की समस्याओं को सुनें और उनके समाधान में सेतु की भूमिका निभाएं। जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है। उन्होंने बूथ स्तर पर नियमित बैठकों के आयोजन, पन्ना प्रमुखों की सक्रिय भूमिका और लाभार्थी संपर्क अभियान को और तेज करने पर विशेष जोर दिया। जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी ने कहा कि कार्यकताओं का अनुशासन और समर्पण ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। जिसके बल पर पार्टी निरंतर सफलता की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम को भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अजय राय, सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह कुशवाहा, पूर्व मंडल अध्यक्ष डा. कन्हैया शर्मा, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर डा. डीएन कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष गणअमलेश तिवारी, शेषनाथ मिश्रा, महेंद्र शर्मा, अजेश भारती, कुंवर पाण्डेय, दुर्गेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कम्युनिस्ट पार्टी ने बैठक कर तय किया एजेंडा



**कसया, कुशीनगर।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) की जिला इकाई की एक बैठक संपन्न हुई जिसमें पार्टी की गतिविधियों को लेकर एजेंडा तय किया गया। कसया नगर स्थित एडवोकेट का. विजय कुमार श्रीवास्तव के आवास पर संपन्न बैठक में पार्टी के जिला सचिव अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने पिछले कार्यों की एक संक्षिप्त रिपोर्ट रखते हुए एसआईआर पर चर्चा की और कहा कि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय रहें ताकि कि किसी पात्र का नाम न छुटे। वक्ताओं ने एसआई आर को लेकर प्रशासन की भूमिका की सराहना की। वक्ताओं में बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार की आलोचना करते हुए सरकारी और गैर सरकारी और अर्ध सरकारी खाली पदों को भरने की मांग की। साथ ही रोजगार सृजन करने की मांग की। कुशीनगर जनपद में कागज का कारखाना लगाया जाय ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। ग्रामसभा, बंजर, तालाब या सरकारी जमीनों पर बसे गरीब लोगों को प्रशासन न हटवाए। जिनके पास रहने के लिए कोई दूसरी जमीन नहीं है। बुलडोजर की करवाई को तत्काल प्रभाव से रोका जाए। तय हुआ कि 26 जनवरी को संविधान दिवस मनाया जाएगा। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि 30 जनवरी को शहादत दिवस के अवसर पर भाईचारा बचाओ कार्यक्रम किया जायेगा। अध्यक्षता एड विजय कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान कामरेड इदरीश सिद्दकी, बीपी गुप्ता, गेंदा सिंह, आसिफ सिद्दकी आदि मौजूद थे।

## किशोरी की हत्या पर सपा प्रतिनिधिमंडल ने जताया शोक



अयोध्या। शहर में सत्रह वर्षीय मुस्लिम बच्ची की निर्मम हत्या की घटना पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एहसान मोहम्मद अली उर्फ चैधरी शहरयार के नेतृत्व में सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से भेंट कर गहरा दुख प्रकट किया। प्रतिनिधिमंडल ने परिजनों को सांत्वना देते हुए प्रशासन से घटना में शामिल आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। चैधरी शहरयार ने पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति को देखते हुए व्यक्तिगत रूप से सहायता प्रदान की तथा प्रशासन से मांग की कि पीड़ित परिवार को पचास लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। परिजनों से बातचीत के दौरान उन्होंने आश्वस्त किया कि इस गंभीर और दुखद घटना को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के संज्ञान में भी लाया जाएगा, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज को झकझोरने वाली हैं और प्रशासन को त्वरित व प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में यूथ ब्रिगेड जिला अध्यक्ष शुऐब खान, जिला उपाध्यक्ष आकिब खान, विजय बहादुर वर्मा, जगन्नाथ पाल, युवजन सभा विधानसभा अध्यक्ष शुऐब खान, दिलावर खान, मोहम्मद इद्रीस, फैसल खान सहित अन्य सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रभात सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर सेवा समर्पण दिवस का हुआ आयोजन

अयोध्या। पूराबाजार विकासखंड के मडना में स्व. बाबू प्रभात सिंह की चैथी पुण्यतिथि के अवसर पर सेवा समर्पण दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद और विशिष्ट अतिथि के रूप में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह शामिल हुए। इस दौरान अयोध्या और अंबेडकर नगर के भाजपा विधायक भी मौजूद रहे। यह आयोजन अयोध्या ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह और गन्ना समिति अयोध्या के जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह के पिता स्वर्गीय प्रभात सिंह की स्मृति में किया गया। मडना निवासी प्रभात सिंह की पुण्यतिथि पर हर साल 5 जनवरी को सेवा समर्पण दिवस मनाया जाता है, और इस वर्ष उनके पुत्रों द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचाने के लिए 20 हजार कंबल वितरित किए गए। इसके अलावा गरीब छात्र-छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन स्वरूप साइकिलें प्रदान की गईं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सिलाई मशीनें भेंट की गईं। साथ ही, पूराबाजार विकासखंड के कई गांवों के प्रतिभाशाली छात्रों को शैक्षिक सहायता के रूप में आर्थिक मदद भी दी गई। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने अपने संबोधन में कहा कि अयोध्या भगवान श्रीराम के आदर्शों की भूमि है। उन्होंने स्वयं को श्रीराम के मित्र निषादराज का प्रतिनिधि बताया और कहा कि वे श्रीराम की मित्रता का निर्वहन करने आए हैं। उन्होंने शिवेंद्र सिंह को भी प्रभु श्रीराम के प्रतिनिधि के रूप में बताया। मंत्री निषाद ने कहा कि सभी मिलकर अयोध्या को और भी बेहतर बनाएंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान राम और निषादराज की मित्रता को मान्यता देने का जिक्र किया, जिसका प्रमाण राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में उन्हें मिला पहला निमंत्रण था। उन्होंने यह भी बताया कि अयोध्या में कई सभागार निषादराज के नाम और भोजनालय माता शबरी के नाम से संचालित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह, गिरीश कुमार पाण्डेय डिप्पुल, अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के पूर्व कुलानुशासक अंजय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, निवर्तमान जिलाध्यक्ष रामप्रकाश पाण्डेय बादल, वल्लभाकुंज अयोध्या के महंत राजकुमार दास, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपस्थित रहे।

# दबंगों की दबंगई में टूटा छत का सपना, दिव्यांग महिला अनशन पर

जिला संवाददाता



- पीएम आवास का सपना टूटा, खुले आसमान के नीचे दिव्यांग का सत्याग्रह शुरू
- ठंड, भूख और खामोशी के बीच एक सवाल-क्या यही है सुशासन

**कुशीनगर।** जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र के सिंगहा गांव की दिव्यांग महिला अल्पना तिवारी सोमवार को अपने ही घर के सामने अनशन पर बैठ गईं है। खुले आसमान के नीचे बैठी अल्पना की खामोशी, शासन-प्रशासन के नेकनीयत कार्यशैली पर सवाल खडा करती है। बेशक! अल्पना दिव्यांग है, लेकिन उनकी उम्मीद कभी लाचार नहीं थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब मकान स्वीकृत हुआ, तो लगा कि अब ज़िंदगी थोड़ी आसान होगी। उन्हें विश्वास हुआ कि सरकार ने आखिरकार उनकी पीड़ा देख ली है। लेकिन यह भरोसा ज्यादा दिन तक नही टिक सका। आरोप है कि पुलिस दबाव और दबंग विपक्षियों की मिलीभगत से निर्माण कार्य जबरन रुकवा दिया गया। एक पल में ही घर का सपना फिर से सड़क पर आ गिरा। महीनों से अल्पना खुले आसमान के नीचे रह रही हैं। ठंड की रातें उनके लिए सबसे बड़ी सजा बन गई हैं। कहना ना होगा कि न्याय की आस में अल्पना ने हर दरवाजा खटखटाया जिलाधिकारी, उच्च अधिकारी, मुख्यमंत्री। जब कहीं से आवाज नहीं आई, तो राष्ट्रपति को पत्र लिखकर उन्होंने इच्छामृत्यु की मांग की। यह कोई सनक नहीं थी, बल्कि एक थकी हुई आत्मा की चीख थी, जिसे जीने की वजह छीन ली गई थी। आज अनशन पर बैठी अल्पना किसी से लड़ नहीं रही हैं। वह बस इंतजार कर रही हैं शायद कोई अधिकारी आए, उसकी फरियाद कोई सुने, सरकारी तंत्र के लोग कहे कि योगी सरकार मे वह अकेली नहीं हैं लेकिन अब तक सिर्फ.सन्नाटा है। न जांच, न कार्रवाई, न संवेदना। अल्पना का कहना है मैं सरकार से कुछ नहीं मांग रही। बस इतना चाहती हूं कि जो मुझे दिया गया है, वह मुझे जीने दिया जाए। यह मामला सिर्फ.प्रशासनिक लापरवाही का नहीं है। यह मानवीय संवेदना की विफलता है। ऐसे मे सवाल लाजमी है कि क्या योजनाएं सिर्फ.कागजों के लिए हैं, और गरीब का जीवन सिर्फ.आंकड़ों के लिए? जब एक दिव्यांग महिला खुले आसमान के नीचे अनशन पर बैठती है, तो सिस्टम खुद-ब-खुद कटघरे मे आ जाता है। अब देखना दिलचस्प होगा कि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ की सरकारी मशीनरी क्या करती है।

## पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

अयोध्या। नए वर्ष पर उत्तर प्रदेश पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य है कि जो भी पेट्रोल पंप पर समस्याएं आ रही है उसका समाधान किया जाए, साथ ही जिला पंचायत टैक्स, नगर निगम टैक्स, विकास प्राधिकरण टैक्स कम किया जाए। इन्हीं सब मामलों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों से हमारा संगठन जल्दी ही मुलाकात करेगा। आज नव वर्ष के दौरान विभिन्न जिलों के डीलर यहां पर आए, कुछ नए डीलरों को सदस्यता ग्रहण कराई गई साथ ही पुराने डीलरों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में की गई। सम्मान पाने वालों में भानु प्रताप सिंह, मनी राम वर्मा, बी एन तिवारी, अनिल शर्मा, विनोद कुमार शामिल रहे।

**न्यायालय सूचना**

**एच.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7**
**न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश महोदय**
**जनपद बाराबंकी**
**R.C.A.No - 10 सन 2025**
**ता. पेशी - 08.01.2026**

सैय्यद सईद अब्बास ......वादी

**बनाम**

1. जरगाम हैदर
2. मो. मोहसिन
3. जाफर
4. बाकर उर्फ सोनू
5. शब्बररजा उर्फ शब्बू
6. आसिम

(2–6) पुत्रगण मो. हसनैन

**निवासीगण-** प्लॉट नं- 1801 रेगालया हाईट सिप्रासन सिटी इन्द्रापुरम गाजियाबाद, उ.प्र.।

....**प्रतिवादी**

चूंकि उपरिनामांकित को इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 08.01.2026 के दिवस को 10 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 05.01.2026 के दिवस को निकाली गई।

**न्यायाधीश**

संक्षेप

## मासिक काव्य गोष्ठी में सम्मिलित हुए कवि व शायर

सीतापुर। अन्नपूर्णा साहित्य संगम की अनवरत आयोजित होने वाली मासिक काव्य गोष्ठी के क्रम में 618वीं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। शहर के रम्पा रोड स्थित संस्थान संरक्षिका पुष्पा अवस्थी के आवास पर आयोजित भव्य काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता जीएल गांधी ने की। तथा संचालन यासीन इब्ने उमर के द्वारा किया गया। संस्थान संरक्षिका पुष्पा अवस्थी संरक्षक के रूप में उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता किशोर श्रीवास्तव ने वाणी वंदना के माध्यम से किया। इस अवसर पर डाक्टर अनामिका वैश्य को प्रथम आगमन पर संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कवित्री सुनीता यादव को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर उन्हें भी स्मृति चिन्ह आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कवि कवित्री व शायरों ने अनेक विषयों पर आधारित अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं से वाह वाही बटोरी और कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में संरक्षिका पुष्पा अवस्थी, जीएल गांधी, यासीन इब्ने उमर, रामकिशोर श्रीवास्तव, डॉक्टर सतीश चंद मिश्र, एपी गौतम, सुनीता यादव, डॉक्टर अनामिका वेश्य, गीता किशोर श्रीवास्तव, विजय प्रकाश कंठ, लक्ष्मी वर्मा, रौनक सीतापुरी, अंबुज दीक्षित एकांत पथिक, हरेंद्र विक्रम सिंह, आलोक आदर्श, वीरू वर्मा, विदुषी विदु आदि ने काव्य पाठ किया और सोनी लाल, अजय कुमार शर्मा आदि श्रोता के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला के दो वरिष्ठ साहित्यकार फारूक सरल तथा जिया रहमानी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन ग्रहण करके उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की गई। अंत में संयोजक यासीन इब्ने उमर ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभा के समापन की घोषणा की।

## अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना

सीतापुर। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत 5 जनवरी दिन सोमवार को परिवहन विभाग द्वारा जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर एक महत्वपूर्ण एवं व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत रामकोट एवं हरगांव स्थित दो प्रमुख चीनी मिलों में गन्ना ढुलाई कार्य में लगे वाहनों की जांच की गई तथा सुरक्षा मानकों के अनुरूप रेडियम टेप लगाए गए। अभियान का मुख्य उद्देश्य कोहरे एवं रात्रि के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकना और वाहन चालकों एवं अन्य राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। गन्ना ढुलाई में प्रयुक्त कुल 290 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं ट्रकों पर मानक के अनुसार रेडियम रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए। इससे वाहनों की दृश्यता बढ़ेगी और कोहरे, अंधेरे या कम रोशनी की स्थिति में सामने से आने वाले वाहनों को समय रहते सतर्क किया जा सकेगा। यह पहल सड़क हादसों में कमी लाने की दिशा में एक प्रभावी कदम मानी जा रही है। अभियान की जानकारी देते हुए एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि सड़क पर सुरक्षित आवागमन के लिए वाहनों पर रेडियम टेप का होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार वाहन के आगे सफेद रंग का, पीछे लाल रंग का तथा दाएं-बाएं पीले रंग का रेडियम टेप लगा होना अनिवार्य है। गन्ना ढुलाई जैसे भारी वाहनों के लिए जरूरी है, क्योंकि ये वाहन अक्सर रात के समय और कोहरे में सड़कों पर चलते हैं। एआरटीओ प्रशासन ने यह भी बताया कि रेडियम रिफ्लेक्टर टेप सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में अहम भूमिका निभाता है, क्योंकि इससे वाहन दूर से ही दिखाई देने लगता है।

## जनसुनवाई कल

आजमगढ़। उप्र राज्य महिला आयोग के सदस्य श्रीमती प्रियंका मौर्या द्वारा 7 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे जनपद आजमगढ़ में महिला उत्पीड़न एवं महिलाओं से सम्बन्धित समस्याओं के संदर्भ में महिला जनसुनवाई की जानी है, जिसमें जनपद आजमगढ़ की समस्त महिलाएं अपनी अपनी समस्याओं के साथ जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय, आजमगढ़ से संपर्क स्थापित करके जनसुनवाई कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकती है। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित समस्त महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, महिला थानाध्यक्ष व अन्य सम्बन्धित विभाग के कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष उपस्थित होंगे, जिससे कार्यक्रम के दौरान प्राप्त जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण हो सके।

# 6 चोर गिरफ्तार, 4 लाख की बैटरियां बरामद

जिला संवाददाता(vol)



- 90 हजार नकदी, 18 बैट्री सेल, रांगा-चूरा और अवैध असलहे भी जब्त
- सीतापुर, हरदोई, लखनऊ और बाराबंकी में दे चुके थे कई वारदातों को अंजाम

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के सख्त निर्देशों के अनुपालन में सीतापुर पुलिस ने लूट, चोरी और ठगी जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध बड़ी सफलता हासिल की है। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी अपराध विनायक भोसले और क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना कमलापुर, रामकोट और एसओजी की संयुक्त टीम ने मोबाइल टॉवरों से बैट्री चोरी करने वाले एक शातिर अंतर्जनपदीय गिरोह का सफल अनावरण किया है।

### हाइवे पर दबोचे गये 6 शातिर चोर

पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए हाईवे पर गोन नदी के पास से गिरोह के 06 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनमें नरेन्द्र उर्फ नंदा, हिमांशु मिश्रा उर्फ कान्हा, अभिषेक तिवारी उर्फ राका, श्याम नारायण मिश्रा, चांद मियां और हिमांशु शुक्ला शामिल हैं। इन अभियुक्तों के पास से करीब 4 लाख रुपये कीमत के कुल 18 बैट्री सेल, 90,000 नकद और एक बोरी में 48 किलोग्राम बैटरियों का रांगा-चूरा बरामद किया गया। इसके अलावा, इनके कब्जे से 03 अवैध तमंचे (315 बोर व 12 बोर), 04 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त वाहन और 05 मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं।

### अंतरजनपदीय चोरियों का खुलासा

पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे सभी छह लोग मिलकर योजना बनाते थे और टावरों, ट्रकों तथा घरों के अंदर से बैट्री चोरी करते थे। चोरी के माल की बिक्री और रांगा-चूरा निकालने में कबाड़ी के रूप में काम करने वाले अभियुक्त चाँद मियां का सहयोग लेते थे। इस गिरोह ने सीतापुर जनपद के कमलापुर, रामकोट, लहरपुर, इमलिया सुल्तानपुर और मानपुर थाना क्षेत्रों में बैट्री चोरी की 9 बड़ी वारदातों को अंजाम दिया था। इतना ही नहीं गिरफ्तार अभियुक्त नरेन्द्र उर्फ नंदा और हिमांशु मिश्रा उर्फ कान्हा पर जनपद हरदोई और लखनऊ में भी चोरी-नकबजनी के गंभीर अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों पर चोरी के साथ ही आर्म्स एक्ट के तहत भी नए मुकदमे दर्ज किए गए हैं और उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## सूने घर से लाखों का सामान गायब

जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव। असोहा क्षेत्र के जोरावर गंज निवासिनी पूनम ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की 31 दिसम्बर की रात अज्ञात चोरों ने मेरे सूने घर मे धावा मारते हुए मेरा तथा मेरी देवरानी का पायल, झुमका, मंगलसूत्र, अंगूठी, हाँथ फूल, कमर पेटी मांग बेदी सहित लाखो के बर्तन चोरों ने पार कर दिए। पूनम ने बताया कि हम सभी लोग मुम्बई में रहते है जब पड़ोसियों ने बताया तो हम लोग आए घर खोल के देखा तो सामान गायब मिला। थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच की जा रही है।

## शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण करें: डीएम



फतेहपुर। जिले के खागा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ, जिसमें जिलाधिकारी रविंद्र सिंह और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने जनसमस्याओं को सुनने के बाद शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना का हिस्सा है, जो तहसील स्तर पर नियमित आयोजित होता है।

आयोजन का विवरणकार्यक्रम तहसील सभागार में संपन्न हुआ, जहां फरियादियों ने विभिन्न समस्याओं जैसे भूमि विवाद, प्रमाण पत्र जारी कराना और अन्य प्रशासनिक मुद्दों से संबंधित शिकायतें दर्ज कीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए सख्त निर्देश दिए, ताकि जनता को तत्काल राहत मिल सके। पुलिस अधीक्षक ने कानून-व्यवस्था संबंधी शिकायतों पर विशेष ध्यान दिया। प्राप्त शिकायतें पिछले समान आयोजनों के आधार पर, खागा तहसील जानकारी मिलती है, जिनमें से कुछ का मौके पर ही निस्तारण होता है। इस बार भी संबंधित विभागों को पत्र सौंपे गए, और उच्च अधिकारियों द्वारा फॉलो-अप सुनिश्चित किया गया। शेष मामलों के लिए टीम गठित कर क्षेत्रीय जांच के आदेश दिए गए। महत्वपूर्ण निर्देशजिलाधिकारी ने जोर दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी शिकायतें गुणवत्ता पूर्ण तरीके से हल हों, जिससे शिकायतकर्ताओं को कोई असुविधा न हो। ऐसे कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करते हैं।

## हिंदू सम्मेलन का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली कस्बा के मिश्रिख मार्ग स्थित एक निजी लॉन में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरूआत सुबह हिंदू समाज के लोगों द्वारा सुंदरकांड के पाठ से की गई, जिसके बाद सम्मेलन का विधिवत आयोजन हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विचार विभाग के प्रचारक प्रमुख कमल पांडे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने का कार्य करेंगे। सम्मेलन में देवी दयाल राठौर, उपेंद्र त्रिपाठी, कृष्ण चंद्र बाजपेई, आर्यन शुक्ला, मुन्नू लाल तिवारी, अवध बिहारी अवस्थी सहित सैकड़ों की संख्या में हिंदू समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना पर जोर दिया गया।

## पूर्व राज्यपाल की जयंती पर अर्पित किए पुष्प

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। सुशासन के प्रतीक पूर्व राज्यपाल पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण परम स्व. कल्याण सिंह लोधी की 94वी जयंती के अवसर पर वीरांगना महारानी अवन्तीबाई लोधी प्रेरणा स्थल निकट नहर कोठी पुरवा में समाजसेवी उत्तम चन्द्र लोधी ने अपने सैकड़ों साथियों के साथ उनके चरणों में पुष्प अर्पित कर नमन किया, कार्यक्रम में गंगा प्रसाद वर्मा, के के वर्मा, योगेन्द्र द्विवेदी, जयशंकर पाण्डेय, अधिवक्ता राम विशुन अयोध्या प्रसाद निषाद प्रधान मोतीलाल लोधी रमेश लोधी, सर्वेश लोधी, कुलदीप अवस्थी रामचन्द्र लोधी, विजय लोधी, जितेंद्र लोधी, पुरुषोत्तम लोधी, कुलदीप लोधी, डॉ बीनू लोधी, डॉ अनिल लोधी, सुरेश द्विवेदी, निखिल लोधी, रमाकांत कोटेदार, अंकित साहू, यज्ञ प्रकाश साहू, अमर नाथ यादव सहित सैकड़ों साथी उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा निकाल भागवत कथा का शुभारंभ



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नगर पंचायत ऊगू में स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर प्रांगण में सोमवार से प्रारम्भ हुई भागवत कथा में भक्तों द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर भ्रमण करती हुई कामाख्या देवी मंदिर तक पहुंची और वापस नीलकंठ महादेव मंदिर आई। नगर स्थित नीलकंठ मंदिर में एक सप्ताह चलने वाली भागवत कथा का आयोजन नगर का तिवारी परिवार करा रहा है। भगवताचार्य बिल्हौर निवासी राम जी शुक्ल ने विधिविधान से पूजा पाठ के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया। पहले दिन उन्होंने भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डाला और भक्तों को ईश्वर की भक्ति विश्वास और श्रद्धा से करने को कहा। इस मौके पर नगर के लोग मौजूद रहे।

# खबर का असर, जिला अस्पताल में एक्सरे व्यवस्था में सुधार, मरीजों ने ली राहत

उन्नाव (वीओएल)। जिला अस्पताल उन्नाव में एक्सरे टेक्नीषियन द्वारा की जा रही अनियमितताओं को लेकर प्रकाषित खबर का असर देखने को मिला है। मामले के संज्ञान में आने के बाद अस्पताल प्रषासन हरकत में आया है और एक्सरे जांच की प्रक्रिया में सुधार के निर्देष जारी किए गए हैं। अब हड्डी रोग विषेशज्ञों द्वारा लिखे गए अनुसार एपी एवं लेटरल दोनों एक्सरे अनिवार्य रूप्से किए जा रहे हैं तथा रजिस्टर में की जाने वाली प्रविश्टियों की नियमित जांच भी षुरू कर दी गई है।




सूत्रों के अनुसार, मरीजों को अनावष्यक रूप्से बाहरी जांच केंद्र भेजे जाने पर भी रोक लगाने के निर्देष दिए गए हैं, जिससे जिला अस्पताल में इलाज कराने वाले मरीजों को अब दोबारा जांच कराने की परेषानी नहीं झेलनी पड़ेगी। सीएमएस स्तर से संबंधित कर्मचारियों को स्पश्ट चेतावनी दी गई है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या मरीजों को गुमराह करने की षिकायत मिलने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। खबर प्रकाशन के बाद अस्पताल परिसर में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की पहल से मरीजों और उनके तीमारदारों ने राहत की सांस ली है। अब देखने वाली बात यह होगी कि एक्सरे मशीन पर कार्यरत कर्मी वीरेंद्र यादव अपने दायित्वों का निर्वाहन ठीक प्रकार से करते रहेगें। या कुछ समय बाद फिर पुराने ढर्रे पर लौटते है। फिलहाल इसका निर्णय भविष्य मे ही निर्धारित होगा। फिलहाल मरीजों ने व्यवस्था के सुधार से कुछ हद तक राहत अवश्य महसूस की है। सोमवार को इसका असर भी देखने को मिला।

# विशाल भंडारा व कंबल वितरण आयोजित



जिला संवाददाता(vol)

हरगांव (सीतापुर)। विकासखण्ड हरगांव के एक गांव में गुरूद्वारे के जीर्णोद्धार के लगभग दस वर्ष पूर्ण हो जाने के बाद वर्तमान समय में पड़ रही हांड कपाऊ ठण्ड से राहत दिलाने के उद्देश्य से जरुरतमंद गरीबों, दिव्यांगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला रहे। कार्यक्रम के आयोजकों ने कंबल वितरण का कार्यक्रम मुख्य अतिथि के हाथों से करवाया। तदुपरांत भंडारे का भी आयोजन हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव विकासखण्ड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ददवारा में स्थित दो सौ वर्ष पुराने ठाकुरद्वारा के जीर्णोद्धार को दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाजसेवी धनंजय सिंह पुत्र ठा. किसुन सिंह चैहान के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान, प्रसाद वितरण तथा 500 जरूरतमंद गरीबों व दिव्यांगों को मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल के द्वारा कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय लोगों की भारी उपस्थिति रही और पूरे गांव में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार का आयोजन कर भीषण ठंड में कम्बल वितरण किए जाने से गरीब, असहाय लोगों को राहत मिलेगी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विश्राम सागर राठौर, आशू मिश्रा, अवधेश प्रताप सिंह, विपिन बिहारी शुक्ल, लल्लन बाबू शुक्ल, नैमिष रत्न तिवारी, अशोक मिश्र, सुनील मिश्र, उदित बाजपेई, संजय जायसवाल, निर्मल मिश्र, कौशलेंद्र सिंह, विमला सिंह, ललित कुमार मिश्र, विपिन वर्मा, पंकज शुक्ल, प्रदीप मिश्र, बुलबुल यादव सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अंत में प्रसाद वितरण के साथ ही कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखा गया और समाजसेवी धनंजय सिंह चैहान के इस प्रयास की सराहना की गई।

## निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



सेउता (सीतापुर)। क्षेत्र के ग्राम चंद्रसेनी पंचायत भवन पर निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 49 मरीजों का परीक्षण हुआ। क्षेत्र में ग्रामीणों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिल प्रताप सिंह के प्रयासों से संपन्न हुआ। जिसकी ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को आंखों से संबंधित समस्याओं का समय पर उपचार उपलब्ध कराना था। शिविर में वागा हॉस्पिटल, लखनऊ से आए अनुभवी एवं स्पेशलिस्ट डॉक्टर मनीष यादव, डाक्टर आलोक तिवारी, डाक्टर संदीप राज, डाक्टर मुस्कान मिश्रा, अनीत मिश्रा, टीम द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं इलाज किया गया। डॉक्टरों ने अत्यंत सावधानीपूर्वक नेत्र रोगों की जांच की और मरीजों को आवश्यक परामर्श एवं दवाएं दीं। सामान्य आंखों की बीमारी से पीड़ित मरीजों का मौके पर ही समुचित इलाज किया गया। जिससे उन्हें राहत मिली। इस निःशुल्क नेत्र शिविर में कुल 49 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। जांच के दौरान 11 मरीजों में गंभीर नेत्र समस्या पाई गई। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए वागा हॉस्पिटल लखनऊ रेफर किया गया। इन सभी मरीजों को अस्पताल ले जाने की समुचित व्यवस्था भी कराई गई। जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। शिविर के दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अखिल ने कहा कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य की चिंता उनकी प्राथमिकता है और आगे भी ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कराया जाएगा। इस मौके पर अखिल प्रताप, नाटनगर यादव, अनूप कुमार दीक्षित, राकेश कुमार दीक्षित, अनामिका सिंह, महेंद्र राज, प्रमोद कुमार, विनोद कुमार, राजीव सिंह रानू, किशन दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे।

## डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ0 राजागणपति आर0 ने ब्लॉक सिधौली के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, अटरिया में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रसव कक्ष पहुंचकर सभी आवश्यक सामग्रियों का देखा। जिसमें सामग्री पूरी पायी गयी एवं लेबर रूम रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि अधिक से अधिक संस्थागत प्रसव करायें और लोगों को भी संस्थागत प्रसव हेतु जागरूक करें। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि रात्रि में स्टॉफ के ठहरनें हेतु उचित व्यवस्था करें, जिससे प्रसव के दौरान कोई परेशानी न हो। ए0एन0एम0 एवं स्टॉफ नर्स की और अधिक तैनाती की जायें। जिससे 24 घण्टे प्रसव सम्भव हो सके। जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया कि वैक्सीन को रखने हेतु फ्रिज की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। जिससे वैक्सीन एवं अन्य महत्वपूर्ण औषधि सुरक्षित रह सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि निरन्तर साफ-सफाई कराते रहें। कहीं पर भी गंदगी जैसी स्थिति न उत्पन्न होने पाये। शासन की मंशानुरूप मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैय्या करायी जायें तथा दवाओं की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में बनाये रखें।

## जेसीबी से हटाया गया अतिक्रमण

सिधौली (सीतापुर)। नगर में अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद भी कुछ दुकानदारों व ठेला-सब्जी विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण न हटाए जाने को लेकर प्रशासन सख्त नजर आया। नेशनल हाईवे से 150 मीटर तक तहसील रोड, महमूदाबाद रोड सहित अन्य स्थानों पर अतिक्रमण चिन्हित कर मार्किंग की जा चुकी है। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन जारी है। इस संबंध में रविवार को



व्यापारियों व पटरी दुकानदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक उपजिलाधिकारी राखी वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सीओ कपूर, अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव सहित नगर के व्यापारी एवं दुकानदार उपस्थित रहे। बैठक के उपरांत अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव द्वारा सिधौली कस्बा के तहसील रोड पर कोतवाली के सामने अवैध रूप से राखी गुमटी दुकान पटरी दुकानदारों व होर्डिंग हटवाई गई बुलडोजर के माध्यम से कार्रवाई की गई। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम राखी वर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सब्जी व फल विक्रेताओं को नेशनल हाईवे किनारे बनी सर्विस लेन पर ही ठेला लगाना होगा। मुख्य मार्ग पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के उपरांत अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव स्थानीय पुलिस बल के साथ सिधौली कस्बे के तहसील मार्ग पर निरीक्षण के लिए निकलीं। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों व ठेला विक्रेताओं को स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी। साथ ही तहसील चैराहे पर फल व सब्जी विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे हाईवे की सर्विस लेन पर ही अपनी दुकानें लगाएं, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी

## बीरपुर ने रौतापुर को हराकर जीत हासिल की

पाटन, उन्नाव। विधानसभा भगवन्तनगर के ब्लॉक बीघापुर के अंतर्गत ग्राम मझिगवाँ रौतापुर मे श्री जगन्नाथेश्वर बालीबॉल कमेटी के द्वारा जनपद स्तरीय टूनामेंट का भव्य आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के पिता तेजबहादुर सिंह, भाजपा नेता विजय कुमार



सिंह बाबा, थानाध्यक्ष बारा सगवर धर्मेंद्र नाथ मिश्र, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह परौरी, प्रमुख पति पवन पासवान की उपस्थित मे फीता काटकर किया। उसके बाद मुख्य अतिथि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके सच्ची खेल भावना से आगे बढ़ने की शुभकामनायें दी कार्यक्रम मे उपस्थित खेल प्रेमियों को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों मे ऐसे आयोजन से छिपी प्रतिभाये निखरती है ऐसे आयोजन समय समय पर होते रहने चाहिये आयोजन कमेटी द्वारा मुख्य अतिथि तेजबहादुर सिंह का माल्यार्पण करके अंगवस्त्र भेंट करके सम्मान किया, तेजबहादुर सिंह ने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से आयोजन कमेटी को टूनामेंट के आयोजन करने हेतु 5100 रुपए का आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर भोले सिंह प्रधान, मोनू सिंह बीरपुर, अतुल सिंह प्रधान प्रतिनिधि, सरदार सिंह, रामनरेश सिंह, उदय वीर, संतोष भदौरिया, पंकज सिंह, संजय पाण्डेय, आशू सिंह प्रधान, फाइनल का खिताब बीरपुर ने रौतापुर को हराकर जीता, रेफरी की भूमिका गौरव, लालबहादुर, तुषार, दीपक सिंह रहे, वही रोमांचक मुकाबले मे क्षेत्रीय लोगो की भारी भीड़ मौजूद रही।

## बुजुर्ग महिलाओं ने साल पाकर खुशी जाहिर की, भंडारे का आयोजन

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन अंतर्गत ग्राम पंचायत में कड़ाके की ठंड को देखते हुए ग्राम प्रधान श्वेता चौधरी, उनके पति कुलदीप चौधरी एवं माता श्यामा देवी की पहल पर महिलाओं के सम्मान और सेवा को समर्पित विशाल भंडारे एवं साल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन कस्बा पाटन स्थित ग्राम प्रधान के आवास पर संपन्न हुआ, जहां सुबह से ही महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत की महिलाओं को ठंड से बचाव के उद्देश्य से साल भेंट कर सम्मानित किया गया।



सम्मानित होने वाली महिलाओं में तकिया पाटन, ब्रह्मदेव नगर, ठाकुर जी खेड़ा, अहिरन खेड़ा सहित ग्राम पंचायत के विभिन्न मजरे और टोले शामिल रहे। भंडारे में महिलाओं, बुजुर्गों, युवाओं एवं बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन सुबह प्रारंभ होकर देर शाम तक चलता रहा।इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्वेता चैधरी ने कहा कि समाज में महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं और उनके सम्मान से ही समाज में संतुलन व समरसता बनी रहती है। प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप चौधरी ने कहा कि मां, बहन, दादी और चाची जैसी पूज्य महिलाओं की सेवा और सम्मान करना उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यों से आत्मिक संतोष और शांति की अनुभूति होती है तथा समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। कार्यक्रम में शामिल ग्राम पंचायत की महिलाओं ने सम्मान पाकर ग्राम प्रधान श्वेता चौधरी एवं कुलदीप चैधरी के प्रति आभार व्यक्त किया। बुजुर्ग महिलाओं ने उन्हें आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा, सहयोग और सौहार्द की भावना मजबूत होती है।आयोजन में जयशंकर अवस्थी, अरविंद पटेल (प्रबंधक), संतोष कुमार, मनोज द्विवेदी, तालिब हुसैन, सीबू खान, अंशुल श्रीवास्तव, अमरनाथ, ऋषि दीक्षित, विमल श्रीवास्तव, महेश तिवारी, त्रिलोक चंद्र गुप्ता, आनंद वर्मा, अनूप श्रीवास्तव, राकेश कुमार, बचोले सिंह, अंशू श्रीवास्तव, प्रेम शंकर तिवारी, केशव त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी, ज्ञानचंद पटेल, गिरीश तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान अनुशासन एवं शांति व्यवस्था बनी रही।

संक्षेप

## मवेशियों को गौशाला में संरक्षित करने की मांग

**बांदा।** तहसील परिसर में सोमवार को बुंदेलखंड-कानपुर क्षेत्र के अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी, महासचिव सुरेंद्र कुमार त्रिपाठी, तहसील अध्यक्ष कामता प्रसाद प्रजापति, धर्मराज सिंह गौतम ने सदस्यों के साथ बैठक की। उन्होंने तहसील क्षेत्र में भ्रमण कर रहे बेसहारा मवेशियों को गौशाला में संरक्षित करने, सभी समितियों में उर्वरक को पर्याप्त वितरण करने, बाढ़ व अतिवृष्टि से नष्ट हुई फसलों के मुआवजा देने की मांग रखी। कहा कि पलरा पैलानी संपर्क मार्ग का निर्माण बहुत घटिया तरीके से किया गया है, मानकों की अनदेखी की गई, सड़क कई जगह से उखड़ चुकी है। इसकी जांच कर ठेकेदार से दोबारा बनवाया जाए। उन्होने एसडीएम को बताया कि तहसील क्षेत्र की खतौनियों में अंश निर्धारण पर भारी धांधली की गई है, इसे सही किया जाए। नलकूप संख्या-84 कानाखेड़ा अगस्त माह से नहीं चालू है, इसे ठीक कराकर चालू कराया जाए।

## किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**ललितपुर।** जनपद के मसौरा खुर्द गांव में सोमवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी ने भूसा रखने वाले कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी की पहचान शिवनारायण कुशवाहा की बेटी रक्षा कुशवाहा के रूप में हुई है। यह घटना सुबह लगभग 7.30 बजे हुई। पिता शिवनारायण कुशवाहा ने बताया कि वह सुबह अपनी बेटी के साथ जानवरों को चारा डालने गए थे। वहां बेटी ने उनसे घर जाने को कहा और इसके बाद भूसा रखने वाले कमरे में फांसी लगा ली। पिता जब दूध लेकर घर लौटे और काफी देर तक बेटी नहीं आई, तो उन्होंने जाकर देखा। रक्षा कुशवाहा भूसा घर में छत के कुंदे से रस्सी के सहारे लटकी मिली। पिता ने तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचना दी। किशोरी ने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसका पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अनियंत्रित होकर ट्रक दुकान में घुसा

**ललितपुर।** ललितपुर जिले के तालबेहट में सोमवार सुबह एक अनियंत्रित ट्रक सडक किनारे स्थित एक मेडिकल स्टोर और किराने की दुकान के टीन शेड में जा घुसा। इस घटना में लोग बाल-बाल बच गए। दुर्घटना का कारण ट्रक चालक को मिर्गी का दौरा पडना बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस और उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंचे। यह घटना सोमवार सुबह करीब 11.15 बजे के दरम्यान हुई। तालबेहट से माताटीला की ओर जा रहा ट्रक तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के माताटीला मार्ग पर तहसील के निकट अनियंत्रित हो गया। ट्रक तहसील के सामने विधा मेडिकल कॉलेज और कमल जैन की किराने की दुकान के आगे लगे टीन शेड में घुस गया। ट्रक को अनियंत्रित होता देख वहां मौजूद लोगों ने दौडकर अपनी जान बचाई। दुर्घटना के बाद जब चालक को ट्रक से नीचे उतारा गया, तो पता चला कि उसेदौरा पड़ा था। चालक को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों ने सडक किनारे से अतिक्रमण हटाने की मांग की है। घटना की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज मिश्रा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

## 10 टन क्षमता की आयल एक्सटैक्शन यूनिट पर मिलेगा 33 प्रतिशत का अनुदान

बहराइच। उप कृषि निदेशक विनय कुमार वर्मा ने बताया कि केन्द्र पुरोनिधानित नेशनल मिशन ऑन एडिबिल योजना अन्तर्गत एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन व यूपीएफपीओशक्ति पोर्टल डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर पंजीकृत एफ.पी.ओ./सहकारी समितियों हेतु 10 टन क्षमता की आयल एक्सटैक्शन यूनिट की स्थापना कराये जाने पर प्रोजेक्ट की कीमत का 33 प्रतिशत अधिकतम रू. 09 लाख 90 हजार तक का अनुदान अनुमन्य है। कम्पनी अधिनियम/सहकारिता अधिनियम के अन्तर्गत ऐसे पंजीकृत एफ.पी.ओ. जिनका तीन वर्षो का अनुभव व कृषक सदस्यों की संख्या 200 हों, विगत तीन वर्षो में औसत कारोबार रू. 09 लाख से अधिक हो एवं कृषको की 03 लाख की इक्विटी हो, योजनान्तर्गत पात्र होंगे।

इच्छुक एफ.पी.ओ./सहकारी समितियां कृषि विभाग के पोर्टल एग्रीदर्शन डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर 09 जनवरी 2026 तक आनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

# अधिकारियों ने पाली तहसील में सुनी फरियादियों की शिकायतें

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में वर्ष 2026 का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस सभी तहसीलों में आयोजित किया गया, जहां जिले के आला अधिकारियों ने दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुना और मौके पर कुछ शिकायतों का निस्तारण भी कराया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव व मुख्य विकास अधिकारी

- समस्त तहसीलों में आयोजित हुआ साल का पहला सम्पूर्ण समाधान दिवस

शेषनाथ चैहान ने तहसील पाली पहुंचकर वहां आये फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों ने निस्तारण भी कराया, साथ ही जो शिकायतें शेष बच गईं, उनके सम्बंध में विभागीय अधिकारियों को मौके पर जाकर स्थलीय सत्यापन के उपरान्त निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

यह भी निर्देश दिये गए कि शिकायतकताओं की समस्या का निस्तारण उनकी संतुष्टि के आधार पर कराया जाए।

तहसील पाली में कुल 19 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 10, पुलिस के 02, पूर्ति के 02, विकास के 03 तथा वन विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील ललितपुर में कुल 17 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, पुलिस विभाग के 02, विद्युत के 02 तथा अन्य विभागों के 09 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील महरौनी में कुल 10 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 03, पुलिस के 02, पूर्ति के 04 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील तालबेहट में कुल 23 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 13, पुलिस के 03, विकास के 02, विद्युत के 04 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 02 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील मड़ावरा में कुल 03 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व का 01 तथा पुलिस के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं।

इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एडीएफओ सत्येन्द्र तोमर, उप जिलाधिकारी निशान्त तिवारी, तहसीलदार पाली, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आयुक्त, डीआईजी, डीएम, एसपी ने त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**बांदा।** आयुक्त व डीआईजी ने सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनी। उन्होने एसडीएम नमन मेहता व तहसीलदार विकास पांडेय को निर्देश दिए और अन्य तहसील को रवाना हो गए। तहसील बबेरू में जिलाधिकारी जे.रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने लोगों की समस्याएं सुनीं। यहां 104 शिकायतें मिलीं।

मौके पर पांच का निस्तारण किया गया। शेष मामले समय सीमा के तहत निस्तारण के जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक राजस्व, पुलिस विभाग, विकास विभाग व अन्य विभागों मामले आये।

इस दौरान उप जिलाधिकारी अविनाश त्यागी, सीओ सौरभ सिंह, तहसीलदार हेमराज सिह, अभिशाषी अधिकारी नरेंद्र कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। पैलानी तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम अंकित वर्मा व तहसीलदार राधेश्याम सिंह ने 11 मामले सुनें, मौके पर दो का निस्तारण किया।

चंद्रभूषण पुत्र सुखनंदन निवासी चंदवारा ने बताया कि अपने घर में जीना बनवा रहा था तभी गांव के कुछ लोगों ने बंदूक व लाठी डंडा लेकर जान माल की धमकी देकर काम बंद करवा दिया है। रामखेलावन पुत्र भगिनी निवासी गुलौली ने सरकारी खाली जमीन पर कब्जे की शिकायत की। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष बैजनाथ अवस्थी ने किसानों से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। दिवस पर सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। इसी तरह अतर्रा व नरैनी में एसडीएम तहसीलदार, सीओ ने मामलों को सुना।

# एसपी ने किया थाना पाली और जाखलौन का निरीक्षण

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक द्वारा थाना पाली एवं थाना जाखलौन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कप्तान ने थाना कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय में साफ-सफाई, कार्यालय से सम्बन्धित अभिलेखों के रखरखाव व अद्धतन स्थिति को चेक किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सहायता तथा परामर्श से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र के रजिस्टरों के रखरखाव एवं शिकायत निस्तारण की स्थिति को गहनता से देखा गया तथा अधि0, कर्म0गण को निर्देशित किया गया साइबर हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देश दिये गये।



सही रखरखाव नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर अपराध से पीड़ित व्यक्तियों के खातों से धोखाधड़ीपूर्ण निकाली गई धनराशि से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर तत्काल प्रभाव से नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही जैसे बैंक खातों में डेबिट फ्रीज कराना, बैंक व अन्य वित्तीय एजेंसियों से समन्वयव स्थापित कर धोखाधड़ी हुयी धनराशि को पीड़ित के बैंक खाते में वापस कराया जा सके। कप्तान ने निर्देश दिये कि समय-समय पर यातायात जाकरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करें। आगामी पंचायतचुनाव के दृष्टिगत पूर्व के अभियोगो में की गयी वैधानिक कार्यवाही की समीक्षा कर सम्बन्धित आरोपी, अभियुक्तगण के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरांत उन्होंने थाना पाली का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां पर सर्किल पाली के समस्त थानों का अर्दली रूम कर, 06 माह, 03 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर, उनका उचित, गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

कप्तान ने निर्देशित किया कि पुलिस अपनी सतत दृष्टि बनाये रखे और अपराधियों व शांति व्यवस्था को खराब करने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाये।

# पूर्व मंत्री ने पीड़ित परिवार को दी 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के नेता पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन ने फैजाबाद में नाबालिक बेटी की निर्मम हत्या किए जाने पर पीड़ित परिवार के घर जाकर पीड़ित परिवार से मिलकर हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया व उनके परिवार को 50000 रुपए का नगद आर्थिक सहयोग देते हुए गहरा दुख व्यक्त किया इस मौके पर उन्होंने गिरफ्तार करते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए और परिवार को 50 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए जिससे परिवार का जीवन यापन हो सके उन्होंने कहा इस दुख की घड़ी में पूरी समाजवादी पार्टी इस परिवार के साथ खड़ी है और जहां भी जिस तरह की जरूरत होगी खड़े रहेंगे और हमारे अधिवक्ता साथी भी इस लड़ाई को



तत्काल डीएम और एसएसपी से घटना के बारे में जानकारी लेते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने कहा एक नाबालिक बेटी के साथ निर्मम हत्या किया जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है उन्होंने कहा भाजपा सरकार में जनपद अयोध्या में ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही है जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने दोषियों को जल्द से जल्द पता लगाकर कानूनी रूप से इस परिवार के साथ मदद करेंगे महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर नि0 जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ,नि0 महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ,नि0 महासचिव हामिद जार्फ मीसम, उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रवीण राठौर, रामकरणा यादव, जेपी यादव ललित यादव, आकिब खान, शाहबाज लकी, अनस खान, आदि लोग मौजूद रहे।

# गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व धूमधाम और श्रद्धा भावना से मनाया गया

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीगुरुसिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वाधान में श्रीगुरु गोविंद सिंहजी महाराज का प्रकाश पर्व धूमधाम व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। सुबह श्रीअखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति सरदार अवतार सिंह द्वारा हुई। निशान साहब के चोले की सेवा सरदार रणवीर सिंह परमार, ओंकार सिंह सलूजा द्वारा हुई। पटियाला से आए रागी जत्था इंद्रजीत सिंहजी ने गुरबाणी कीर्तन ब कथा करते हुए बतलाया की श्रीगुरु गोबिन्द सिंह जी ऐसे इतिहास पुरूष थे, जिन्होनें ताउम्र अन्याय, अधर्म, अत्याचार और दमन के खिलाफ तलवार उठाई और लड़ाईयां लड़ी। गुरूजी की तीन पीढियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया। अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे। वे एक महान दार्शनिक, प्रख्यात कवि, निडर एवं निर्भीक योद्धा, युद्ध कौशल, महान लेखक और संगीत के पारखी भी थे। गुरु गोबिंद सिंह ने एक खालसा वाणी वाहे गुरुजी का खालसा, वाहे गुरुजी की फतेह स्थापित की। साथ ही उन्होंने आदर्शात्मक जीवन जीने और स्वयं पर नियंत्रण के लिए खालसा के पांच मूल सिद्धांतों की भी स्थापना

- गुरूजी की तीन पीढियों ने देश धर्म की रक्षा के लिए महान बलिदान दिया।
- गुरु गोबिन्द सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे

की। जिनमें केस, कंघा, कड़ा, कछ, किरपाण शामिल है। ये सिद्धान्त चरित्रनिर्माण के मार्ग थे। गुरु गोबिंद सिंहजी ने अपने जीवन में आनंदपुर, भंगानी, नंदौन, गुलेर, निर्मोहगढ, बसोली, चमकोर, सरसा व मुक्तसर सहित 14 युद्ध किए। इन जंगों में मुगल सूबेदारों ने हर बार मुंह की खाई। सितम्बर 1708 में गुरू जी दक्षिण में नांदेड़ चले गए और बैरागी लक्ष्मण दास को अमृत छका और युद्व कौशल से पारंगत कर बंदा सिंह बहादुर बनाया और उन्हें खालसा सेना का कमाण्डर बनाकर संघर्ष के लिए पंजाब भेज दिया। पंजाब पहुंच कर बन्दा सिंह बहादुर ने चप्पा चीड़ी की जंग जीती। अक्तूबर 1708 में महाराष्ट्र के नांदेड़ साहिब में गुरु गोबिंद सिंह जी ने अपनी आखिरी सांस ली। इस प्रकार से पहले पिता गुरु तेग बहादुर सिंह, फिर चारों पुत्रों ने और बाद में श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने स्वयं बलिदान देकर धर्म की रक्षा की। स्वामी विवेकानंद जी ने गुरू गोबिंद सिंह जी को एक महान दार्शनिक, संत, आत्मबलिदानी, तपस्वी और स्वानुशासित बताकर उनकी बहादुरी की प्रशंसा की थी। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था मुगल काल में जब हिन्दु धर्मों के लोगों का उत्पीडन हो रहा था तब श्री गुरू गोबिंद जी ने अन्याय, अधर्म और अत्याचारों के खिलाफ और उत्पीडित जनता की भलाई के लिए बलिदान दिया था जो एक महान बलिदान है। इस प्रकार से गुरू गोबिंद सिंह जी महानों में महान थे। संचालन महामंत्री सुरजीत सिंह सलूजा ने किया।

## मेडिकल कॉलेज में हाइपोस्पेडियस का सफल ऑपरेशन



**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग के यूरो सर्जन डॉ सोमेश त्रिपाठी ने कुदरत के अधूरे छोड़े गये काम को पूरा कर यहां की चिकित्सीय व्यवस्था को ऊंचाईयों पर पहुचानें का काम किया है। तिंदवारी क्षेत्र के बेंदा गांव निवासी 8 वर्षीय सूरज पुत्र लक्ष्मीशरण को जन्म से ही पेशाब में समस्या थी। इसकी पेशाब की नली आधी बनी हुई थी और आधा रास्ता पूरी तरह बंद था जिसकी वजह से आधे रास्ते में ही छेद हो गया था और सूरज को ठीक तरह से यूरीन पास नही हो पा रहा था। सूरज के पिता ने बताया कि उन्होने बच्चे का इलाज अनेक बड़े अस्पतालों में कराया लेकिन कोई लाभ नही मिला। सूरज के पिता उसे लेकर मेडिकल कॉलेज डॉ सोमेश त्रिपाठी के पास पहुंचे, उन्होने देखने के बाद ऑपरेशन की सलाह दी। परिजनों की सहमति के बाद डॉ सोमेश ने सूरज का सफल ऑपरेशन कर पेशाब की आधी बनी नली को पूरी बना दी। जिससे सूरज को पेशाब की समस्या समाप्त हो गयी। डॉ सोमेश त्रिपाठी ने बताया कि इस ऑपरेशन में करीब ढ़ाई से तीन घंटे का समय लगा और यह मामूली खर्च पर ही हो गया। कहा कि यदि यह ऑपरेशन प्राइवेट नर्सिंग होम में होता तो इसका खर्च लगभग डेढ़ से दो लाख के बीच होता। ऑपरेशन में डॉ सोमेश त्रिपाठी यूरो सर्जन के साथ जे आर डॉ खुर्शीद अहमद, डॉ प्रिया दीक्षित, डॉ पंकज, ओटी स्टॉफ शामिल रहा।

## लेखपाल के तबादले को ग्रामीणों की डीएम से मांग

**बांदा।** सदर तहसील के तिंदवारा गांव में बीते 5 वर्षों से भी अधिक समय से तैनात लेखपाल राकेश बुंदेला को हटाने की मांग को लेकर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया। भाजपा नेता ओमप्रकाश, राममूरत, विक्रांत, संजय, रविकांत व अन्य लोगों ने कहा कि संघ अध्यक्ष पद का दबाव बनाकर अधिकारियों को गुमराह कर तिंदवारा गांव में ही तैनात हैं। इनकी कारगुजारी को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी जे0 रीभा को दिए गये शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि लेखपाल भूमि किस्म निर्धारण, निवास, आय एवं जाति में रिपोर्ट लगाने के नाम पर मुंशी के जरिए अवैध वसूली कर रहे हैं। लेखपाल, उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को भ्रमित करने के लिए नवीनीकरण के नाम पर कुछ समय के लिए महोखर ग्राम पंचायत में तैनाती कराई थी। इसके बाद पुनः लेखपाल राकेश तिंदवारा ग्राम पंचायत में काबिज हो गए। लोगों का कहना है कि लेखपाल ने तिंदवारा और महोखर में अकूत संपत्ति कमाई है। महोखर में तैनाती के दौरान इन्होने शहर के नजदीक हाईवे में प्लाट लेकर आलीशान इमारत बना रखी है। यह नियमतः गलत है। संपत्ति खरीदने और भवन निर्माण के लिए कार्यालय विभागाध्यक्ष से बिना अनुमति लिए निर्माण कराया गया है। तिंदवारा गांव के लोगों ने कहा कि अनेक शिकायतों के बाद लेखपाल को नही हटाया गया। उन्होने जिलाधिकारी से लेखपाल को हटाकर इनके विरूद्ध जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रैफिक नियमों का पालन करें, साइबर अपराधों से बचने के लिए सजग रहें: एएसपी कालू सिंह




**ललितपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद ललितपुर में 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह 2026 मनाया जा रहा है। सडक सुरक्षा माह के अंतर्गत प्रथम सडक सुरक्षा सप्ताह का भव्य शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा विभाग के डीआईओएस ओमप्रकाश के नेतृत्व एवं निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज सभागार में संपन्न कराया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद के समस्त स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों के लिए था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक कालू

- जीआईसी सभागार में स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों का प्रशिक्षण संपन्न

सिंह रहे। प्रशिक्षण मुख्य अतिथि एएसपी कालू सिंह, ट्रैफिक इंस्पेक्टर आलोक तिवारी तथा टीएसआई साकिब हाशमी द्वारा दिया गया। इस दौरान एडिशनल एसपी ने छात्रों को ट्रैफिक नियमों को बारीकी से समझाते हुए उन्हें हेलमेट लगाकर गाड़ी चलाने, चार पहिया वाहनों में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, नशा करके गाड़ी न चलने, मोबाइल का प्रयोग गाड़ी चलाते हुए ना करने, ड्राइविंग लाइसेंस को बनवाने, सडक सुरक्षा संकेतों का पालन करने आदि के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त साइबर अपराध से बचने के तरीकों, मोबाइल की सेटिंग में ऑटो डाउनलोड बंद रखने तथा मिशन शक्ति के अंतर्गत बालिकाओं के लिए सुरक्षा मानकों को अपनाने की भी सलाह दी गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर आलोक तिवारी ने ट्रैफिक नियमों के बारे में स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षण दिया तथा उन्हें सडक सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी छात्रों से ड्राइविंग लाइसेंस जरूर बनवाने तथा गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करने के बारे में हिदायत देते हुए उन्हें किसी भी परिस्थिति में मोबाइल का प्रयोग गाड़ी चलाते हुए ना करने तथा नशा करके गाड़ी न चलाने के बारे में उचित सलाह दी गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर साकिब हाशमी ने भी सभी स्काउट गाइड तथा एनसीसी के छात्रों को प्रशिक्षित किया तथा उनकी अवहेलना करने पर होने वाले चालान तथा जुमार्ने के बारे में भी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम प्रभारी वर्णी जैन इंटर कॉलेज के एनसीसी एएनओ लेफ्टिनेंट संजीव कुमार शुक्ला, जिला कोषाध्यक्ष स्काउट रमेश कुमार तिवारी थे। इसमें वर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर, नेहरू महाविद्यालय ललितपुर, दीपचंद चैधरी महाविद्यालय ललितपुर तथा पहलवान गुरुदीन महाविद्यालय ललितपुर के एनसीसी छात्रों ने प्रतिभाग किया।

इसके अतिरिक्त श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज ललितपुर, कॉलेज ललितपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट, राजकीय इंटर कॉलेज जखौरा, पी एन इंटर कॉलेज ललितपुर, नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज ललितपुर आदि के स्काउट तथा गाइड छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बाहुबली जैन, अनिल राठौड़, बृजेश, विक्रम राजा, मनोज कुमार, लक्ष्मी सिंह, मीरा देवी तथा सभी विद्यालयों के शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## महाविद्यालयों में आयोजित हुआ आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर

ललितपुर। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा रघुवीर सिंह राजकीय महाविद्यालय ललितपुर तथा नेहरू महाविद्यालय ललितपुर में आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

प्रशिक्षण में अग्निकांड, भूकंप, आकाशीय बिजली, सर्पदंश, डूबना, बाढ़ इत्यादि आपदा के सम्बंध में प्रशिक्षण देते हुए एनसीसी, एनएसएस, स्काउट के बच्चों को जागरूक किया गया, साथ ही दोनों महाविद्यालय के आपदा प्रबंधन समिति को जागरुक करते हुए समस्त रिकॉर्ड तैयार करने तथा आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यवाही करने हेतु कार्य योजना का क्रियान्वयन करने हेतु कहा गया। आपदा प्रबंधन में आपदा विशेषज्ञ द्वारा विभिन्न आपदाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा गया कि आपदा के समय मानवता बनाए रखना चाहिए, जिससे व्यक्ति विशेष की मदद करने में मानवता रखने पर हम आपदा प्रबंधन का बेहतर प्रबंध कर सकते हैं।

साथ ही मदन गोपाल वर्मा फायर सेफ्टी ऑफिसर द्वारा अग्निकांड आपदा में किस तरह प्रबंध कर चलने पर अग्निकांड आपदा से बचाव किया जा सकता है, के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यालय स्टाफ एवं दोनों विद्यालयों के प्राचार्य आदि उपस्थित रहे, साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम अग्निशमन विभाग की टीम द्वारा बेहतर प्रबंधन की जानकारी दी गई।

## खोए हुए 130 मोबाइल स्वामियों को सौंपे



**बांदा।** लोगों के खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द करने के लिए ह्लमुस्कान अभियानह्व के तहत साइबर क्राइम थाना व कोतवाली नगर की संयुक्त पुलिस टीम ने लोगों के खोए हुए 130 मोबाइल फोन बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किया है। बताते चलें कि साइबर क्राइम पुलिस थाना व थाना कोतवाली नगर की सयुंक्त पुलिस टीम ने कठिन परिश्रम करते हुए लोगों के खोए हुए 130 एंड्रायड मोबाइल फोन को बरामद करने में सफलता हासिल की है। साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम ने 70 तथा थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम ने 60 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद किए गए कुल मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 26 लाख रुपए है। सोमवार को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज तथा सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम मेविस टॉक ने मोबाइल उनके स्वामियों को दिए। खोए हुए मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पुलिस का आभार जताया। मोबाइल बरामद करने वाली टीम में राजेश चन्द्र मिश्रा प्रभारी निरीक्षक, उप निरीक्षक आकाश शुक्ला साइबर क्राइम पुलिस थाना, सहायह उप निरीक्षक कम्प्यूटर ललित नारायण मिश्रा, क0ऑ0 रवि कुमार पटेल, क0ऑ0 विशाल शर्मा थाना कोतवाली नगर, हेड कांस्टेबल प्रांजुल मिश्रा, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार, हिमांशु वर्मा, ललित कुमार व महिला कांस्टेबल ज्योति उपाध्याय साइबर क्राइम पुलिस थाना रहीं।

## आदित्य का किया गया सम्मान



**ललितपुर।** भारतीय वाल्मीकि कल्याण महासभा ( रजि )जिला ललितपुर के द्वारा आदित्य नरया का फुटबाल नेशनल के लिए चयन होने पर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि आदित्य ने जनपद का नाम रोशन किया है। जालंधर खेलने जाते समय संस्था के पदाधिकारियों ने आदित्य का सम्मान किया। आदित्य के पिता सचिन नरया भी फुटबाल में आज भी खेल रहे है। चैधरी दीपक घावरी ने कहा की जनपद ललितपुर में सचिन नरया अम्बेडकर क्लब फुटबाल टीम में एक गोलकीपर के रूप में रहते हुये अंबेडकर स्टार क्लब को बहुत से मैचो में विजय हासिल कराई है। इस अवसर पर दीपक घावरी, विक्रम चैहान, अशोक कप्तान, माथुरा प्रसाद बैचेन, अशोक करोसिया, दिन्नू, द्रोपती पाथरे आदि उपस्थित रहे।

## कैबिनेट मंत्री ने वार्षिकोत्सव का किया शुभारंभ




**बांदा।** विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, राज्य मंत्री रामकेश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल, पूर्व सांसद आरके पटेल ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने लोक नृत्य दिवारी प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य ने बैच अलंकरण कर सभी का स्वागत किया। रिकॉर्डिंग गीत ऐसा देश है मेरा, खुशी, रीना, नेहा, शिवानी ने प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय गीत सखी है लहरे तिरंगा आसमान में शालनी, साधना, लोकगीत मैं फिरू श्याम तेरी जोगन बनके, साक्षरता गीत बेटा-बेटी को पढ़ाओ प्रस्तुत किए गए। कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अभिभावकों को बच्चों की देखरेख अच्छे से करनी चाहिए। बच्चों को शिक्षा पर जोर देना चाहिये जिससे वह पढ़ कर आगे बढें। राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे आगे बढ़कर हमारे क्षेत्र, देश का नाम रोशन करते हैं। इसके बाद पुरातन मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों ने सम्मानित किया। इस दौरान नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, अजय पटेल, अयोध्या प्रसाद, चैयरमैन विवेकानंद गुप्त, प्रताप सिंह सचान, प्रधानाचार्य गजराज कुशवाहा, शिक्षक देवदत्त पटेल, अनिल, अमर, राजकुमार मौजूद रहे। प्रबंधक पूर्व प्रधान राममूरत पटेल ने सभी का आभार जताया। संचालन रमेश पटेल ने किया।

## जंगली जानवरों से फसलों को बचाया जाये : सदर विधायक



**महोबा।** सदर विधायक राकेश गोस्वामी ने विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर मांग की है कि आपके माध्यम से सदन के संज्ञान में लोक महत्व के विषय को लाना चाहता हूं कि मेरे विधानसभा क्षेत्र जनपद महोबा में किसानों की फसलों को आये दिन नीलगाय व जंगली जानवरों से अत्यधिक नुकसान हो रहा है। क्योंकि यह जानवर झुण्ड के रुप में एक साथ चलते है और जहां से निकल जाते हैं वहां किसानों की फसले बर्बाद हो जाती है। किसान रात रात भर जागकर अपनी फसलों की रखवाली भी कर रहें हैं लेकिन फिर भी कन्हीं न कन्हीं भारी मात्रा में नुकसान हो रहा है। मेरे जनपद में एक मात्र रवी की फसल ही हो पाती है एवं यहां रहने वाले किसानों की जीविका का साधन रवी की फसल ही है। यदि उक्त नीलगायों वह जंगली जानवरों को यदि नहीं रोका जायेगा तो किसानों के सामने अजीविका की समस्या उत्पन्न हो जायेगी। सदर विधायक ने मांग की है कि महोबा जनपद में नीलगाय व जंगली जानवरों से फसलों के अत्यधिक रूप से हो रहे नुकसान को रोके जाने हेतु ठोस योजना बनाई जाये।

# दुनिया के लिए नया खतरा

यह संयुक्त राष्ट्र संघ के चॉर्टर का खुला उल्लंघन और वैश्विक व्यवस्था पर हमला है। अमरीका का राष्ट्रपति कोई भी हो, वह किसी भी देश पर हमला करा सकता है, किसी भी संप्रभु एवं स्वतंत्र देश के राष्ट्रपति को अगवा कर अमरीकी जेल में डाल सकता है अथवा फांसी पर लटका सकता है। अमरीकी राष्ट्रपति किसी भी देश के बेशकीमती संसाधनों, तेल एवं खनिज और सत्ता पर कब्जा कर सकता है। कोई भी देश, रूस और चीन भी, अमरीकी राष्ट्रपति को कोसते रहें अथवा चेतावनियां जारी करते रहें, लेकिन अमरीका ही दुनिया का सबसे खूंखार डॉन है। उसके सामने संयुक्त राष्ट्र आम सभा और सुरक्षा परिषद बिल्कुल नपुंसक और बेमानी है। अमरीकी राष्ट्रपति का आदेश ही वैश्विक कानून है। अमरीकी राष्ट्रपति को वहां की संसद (कांग्रेस) और अदालत की भी परवाह नहीं है। वह ही वैश्विक साम्राज्यवादी शासक है। मौजूदा राष्ट्रपति ट्रंप ने वेनेजुएला पर गहरी रात में, करीब 2 बजे, चौतरफा हमले कर और वहां के राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को उनके बेडरूम में ही बंधक बना कर साबित कर दिया है कि दुनिया अमरीका के मुताबिक ही चलेगी। अमरीकी सत्ता को कोई चुनौती नहीं दे सकता। राष्ट्रपति ट्रंप ने बार-बार दोहराया कि जो मादुरो के साथ हुआ है, वह किसी के भी साथ हो सकता है। लिहाजा डर, खौफ और खतरा भांपते हुए ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई ने सेनाओं को अलर्ट कर दिया है और सीमाओं पर तैनाती के आदेश दिए हैं। क्या अगली बारी ईरान के सुप्रीम लीडर की है? बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने कथित तानाशाह मादुरो को हटाने और नार्को आतंकवाद के अपराध में दंडित करने के लिए ही वेनेजुएला के रक्षा मंत्री के आवास, हवाई अड्डे, एयरबेस, वायुसेना मुख्यालय, सैन्य रणनीतिक कार्यालय आदि पर बम-वर्षा के आदेश दिए हों, दरअसल ऐसा नहीं है। अमरीका की नजरें वेनेजुएला के करीब 305 अरब बैरल तेल के भंडारों और 1.36 ट्रिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के बेशकीमती खनिजों पर थी। दुनिया के 20-22 फीसदी से अधिक तेल के भंडार वेनेजुएला में हैं। मादुरो को बंधक बनाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने जो प्रेस कॉन्फ्रेंस की, उसमें उन्होंने साफ ऐलान कर दिया कि अब वेनेजुएला पर अमरीका का कब्जा है। जो ऑपरेशन किया गया, वह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ा ऑपरेशन था। अब वेनेजुएला के तेल कारोबार को अमरीकी कंपनियां देखेंगी। अमरीका खूब पैसा कमाएगा। मादुरो के शासन में अमरीकी तेल की चोरी की गई। अब मादुरो और उनकी पत्नी पर अमरीका में ही मुकदमा चलाया जाएगा। हम मादुरो को कड़ी सजा दिलवाएंगे। अमरीका ने पनामा के तानाशाह राष्ट्रपति मैनुअल नोरिएगा, ग्रेनेडा के शासक, इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन, लीबिया के तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी आदि को गिरफ्त में लेकर जो बर्ताव किया था, संभवतः वही नियति मादुरो की लगती है। अमरीकी विशेष कमांडोज ने ही अल कायदा के सरगना लादेन और आईएसआईएस के खलीफा सरगना बगदादी को भी खत्म किया था। दरअसल अमरीका के सामने वेनेजुएला मेमना देश है, लिहाजा वह क्या चुनौती देता! राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को सेफ हाउस से ही अगवा किया गया, तब पूरी सुरक्षा व्यवस्था क्या कर रही थी? वेनेजुएला के लाखों सैनिक और मिलिशिया कहां थे? राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा कि हमने वेनेजुएला की सैन्य-क्षमता को बिल्कुल शक्तिहीन कर दिया। बेशक यूरोपीय संघ के अधिकतर देशों, रूस, चीन, ईरान, क्यूबा, ब्रिटेन, मेक्सिको, ब्राजील, कोलंबिया आदि ने अमरीकी हमले की निंदा की है। उसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन करार दिया है। इन बयानों से क्या होगा? यदि मामला सुरक्षा परिषद में जाता है, तो अमरीका उस प्रस्ताव के खिलाफ वीटो कर देगा। इसी तरह प्रस्ताव रूस और चीन के खिलाफ आए हैं, तो वे वीटो करते रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने साबित कर दिया है कि वह ही दुनिया के सुप्रीम हैं। जो अमरीका का विरोध करेंगे या साजिशों में शामिल होंगे, उनका हश्र मादुरो जैसा ही होगा। लिहाजा यूरोप का यह कथन सटीक लगता है कि ट्रंप दुनिया के लिए नया खतरा हैं। ट्रंप भले नोबेल शांति पुरस्कार चाहते हों लेकिन पूरी दुनिया को अस्थिर और अशांति में डाल दिया है।



**अमरीका ने वेनेजुएला में जो कुछ किया है उससे एक बार फिर से उसकी खतरनाक साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा दुनिया के सामने आ गयी है।**

### विचार

निंदा करने वाले व्यक्ति को तो अपने आंगन में कुटी छवाकर अपने पास रखना चाहिए। क्योंकि वह बिना साबुन पानी के ही हमारा स्वभाव निर्मल कर देता है।

–संत कबीर.

मनुष्य का अनुमान कभी भी उसकी त्रुटियों से नहीं लगाना चाहिए। त्रुटियां तो मानवता की सामान्य दुर्बलताएं हैं। महान सद्गुण ही मनुष्य के अपने होते हैं।

–स्वामी विवेकानन्द.

जैसे कछुआ अपने अंगों को समेट लेता है, उसी प्रकार जब मनुष्य अपनी इन्द्रियों को विषयों से खींच लेता है, तभी उसकी बुद्धि स्थिर होती है।

–महाभारत.

सबसे अच्छा व्यक्ति वह है जो अपनी प्रगति के लिए सबसे अधिक परिश्रम करता है।

–सुकरात.

बाद में उत्पन्न होने वाली समस्त इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

–फ्रेंकलिन.

# वेनेजुएला के तेल भंडार पर है ट्रंप की नजर



विजय कपूर

नोबेल शांति पुरस्कार के स्वयंभू दावेदार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेंस, जो सत्य साई बाबा के भक्त हैं, को 'अगवा' करके न्यूयॉर्क के डिटेंशन सेंटर (जिसे पृथ्वी पर नर्क कहते हैं) में रखने के बाद कहा था कि अब इस दक्षिण अमेरिकी देश, जिसके पास संसार का सबसे अधिक तेल रिजर्व है, का प्रशासनिक संचालन यूएस करेगा। लेकिन अब, संभवतः अंतर्राष्ट्रीय दबाव के तहत, ट्रम्प के सेक्रेटरी ऑफ स्टेट मार्को रुबियो, जो एक संप्रभु देश पर बमबारी को इस तरह से खुश होकर बयान कर रहे थे, जैसे उन्होंने दिवाली पर पटाखे छोड़े हों, ने यू-टर्न लेते हुए कहा है कि अगर वेनेजुएला के शेष नेता 'सही निर्णय लेते हैं' तो यूएस उनके साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है। रुबियो के अनुसार, यूएस 'फायदा उठाने के अनेक तरीके अपनाये रखेगा', जिनमें से दो यह हैं कि कैरीबीयन में उसकी नौसेना की विशाल उपस्थिति रहेगी और तेल निर्यात एम्बार्गो भी। ..तो यह सारा खेल तेल पर कब्जा करने का है। इसलिए यह मीम बन रहे हैं कि अगर किसी देश के पास एटम बम नहीं है, तो उसके तेल का मालिक यूएस है। दूसरी ओर वेनेजुएला की उप-राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्स, जो अब अंतरिम राष्ट्रपति हैं, ने निडर व विद्रोही स्वर इख्तियार करते हुए कहा है, 'वेनेजुएला में केवल एक ही राष्ट्रपति है ... निकोलस मादुरो।' इसका अर्थ यह है कि लैटिन अमेरिका में ट्रम्प का हस्तक्षेप जटिल, तनावपूर्ण और संसार के लिए चिंता जनक होने जा रहा है, विशेषकर इसलिए कि यूएस का अगला निशाना क्यूबा हो सकता है।

वेनेजुएला में जो कुछ हो रहा है उसका भारत की तेल सप्लाई या दाम पर शायद तुरंत प्रभाव न हो, लेकिन अगर यूएस लैटिन अमेरिका के इस देश पर अपना प्रभुत्व थोप देता है, तो नई दिल्ली को अपने लिए तेल के विविध दरवाजे खोलने पड़ेंगे। यूएस के नेतृत्व में काराकास पर जो पाबंदियां लगी हुई हैं, उससे भारत सहित वैश्विक बाजारों में तेल पहले से ही कम पहुंच रहा है। पिछले साल वेनेजुएला भारत के लिए क्रूड पेट्रोलियम का 18वां सबसे बड़ा स्रोत बना था। बहरहाल 4 जनवरी 2026 को नई दिल्ली ने अपनी खामोशी तोड़ते हुए वेनेजुएला के घटनाक्रम को गहरी चिंता का विषय बताते हुए सभी संबंधित देशों से आग्रह किया है कि वह बातचीत के जरिये शांतिपूर्वक इस मुद्दे को संबोधित करें और लैटिन अमेरिका में शांति व स्थिरता सुनिश्चित करें। लेकिन अन्य ब्रिक्स देशों जैसे रूस, चीन, ब्राजील व दक्षिण अफ्रीका की तरह भारत ने मादुरो के खिलाफ यूएस की 'एकतरफा कार्रवाई' की सीधे निंदा नहीं की है यानी नई दिल्ली ने चिंता व्यक्त की है, निंदा नहीं की है।

> मोनरो डॉक्ट्रिन अब डॉनरो डॉक्ट्रिन के रूप में सामने आ रही है, जिसके तहत यूएस लैटिन अमेरिका के साथ ऐसे व्यवहार करता है जैसे वह उसके घर के पीछे का आंगन हो। इसलिए रुबियो ने संकेत दिया है कि अगला निशाना क्यूबा हो सकता है, 'मैं समझता हूं कि वह (क्यूबा) बहुत परेशानी में आने वाला है।' यह वास्तव में रूस व चीन के लिए संदेश है- यूक्रेन व ताइवान पर हमले जारी रखो, अन्य जगह स्ट्रेटेजिक एसेट्स खोते रहो।



**सामयिक**

भारत की प्रतिक्रिया प्रेस रिलीज के रूप में आयी, जिसमें यूएस का नाम नहीं लिया गया है। दरअसल, वेनेजुएला पर हमले व मादुरो को 'अगवा' किये जाने ने नई दिल्ली को राजनयिक असमंजस में फंसा दिया है कि एक ओर ट्रम्प की एकतरफा हरकत है और दूसरी ओर भारत की घोषित नीति है, जो अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था की पक्षधर है। नई दिल्ली आमतौर से उन मुद्दों पर टिप्पणी करने से बचती है, जो भारतीय सीमाओं से बहुत दूर के होते हैं। लेकिन ग्लोबल साउथ भारत से अपेक्षा करता है कि वह अंतर्राष्ट्रीय कानून के पालन और किसी के अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप न करने पर बल दे। मादुरो जानते थे कोई अनहोनी होने जा रही है। कई महीनों से ट्रम्प प्रशासन ने वेनेजुएला सरकार पर दबाव बनाया हुआ था, कैरीबीयन में विशाल सैन्य बल तैनात किया हुआ था और वेनेजुएला से आ रही नावों पर हमले किये जा रहे थे। वाशिंगटन का तर्क यह था कि वह वेनेजुएला से यूएस में ड्रग तस्करी को रोक रहा है, जो ट्रम्प के अनुसार मादुरो की निगरानी में हो रही थी। लेकिन यह तो दुनिया के दिखावे के लिए एक बहाना था, ट्रम्प मादुरो को सत्ता से हटाना चाहते थे। वैसे मादुरो भी वेनेजुएला के कोई उदार नेता नहीं थे। वह भी अधिकतर दक्षिण अमेरिका के नेताओं की तरह कौडिल्लो ही थे यानी तानाशाह जो अपने राजनीतिक विरोधियों या जो कोई उनके खिलाफ खड़ा होने का साहस करता को बेरहमी से कुचलते थे। उनका चुनाव भी दिखावा था- आम धारणा यही है कि 2024 में हुआ पिछला चुनाव वह हार गये थे। इसलिए बहुत से वेनेजुएलाई उनकी 'विदाई' पर प्रसन्न हैं। लेकिन इससे यह तथ्य बदलता नहीं है कि ट्रम्प द्वारा मादुरो व उनकी पत्नी का अपहरण (इस हरकत के लिए कोई अन्य शब्द है ही नहीं) वैश्विक नियमों का खुला उल्लंघन है, चाहे नियमों की किसी तरह भी व्याख्या की जाये और साथ ही निंदनीय व वीभत्स भी है।

यह न तो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुरूप है और न ही ट्रम्प की पूर्व घोषणा के अनुसार कि यूएस सेना विदेशों में हस्तक्षेप नहीं करेगी। इसके अतिरिक्त ट्रम्प की हरकत अब वैसी ही प्रतीत हो रही है जैसी पुतिन यूक्रेन में कर रहे हैं या जिनपिंग ताइवान व वियतनाम में करने का इरादा रखते हैं।

सवाल यह है कि ट्रम्प चाहते क्या हैं? सबसे पहले तो यह जान लें कि ट्रम्प की कोई दिलचस्पी नहीं है कि वेनेजुएला में लोकतंत्र आये। उन्होंने वेनेजुएला में विपक्षी नेता की संभावना को सिरे से खारिज कर दिया है और यह भी कि 2025 की नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मारिया कोरिना मचाडो की काराकास में सत्ता परिवर्तन में कोई भूमिका होगी। मारिया ने आग्रह किया था कि एडमंडो गोंजालेज उर्रतिया को अंतरिम राष्ट्रपति बनाकर तुरंत सत्ता सौंप दी जाये, जिनके बारे में कहा जाता है कि 2024 के चुनाव में उन्होंने मादुरो को पराजित कर दिया था। ट्रम्प की दिलचस्पी मादुरो की उप-राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्स और वेनेजुएला के वर्तमान रईसों के साथ मिलकर इस देश की सरकार चलाने की है। दूसरा यह कि ट्रम्प की नजर वेनेजुएला के तेल पर है और उन्होंने कहा भी है कि यूएस की तेल कम्पनियां वेनेजुएला के ऊर्जा इन्फ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करेंगी व तीसरे देशों को तेल बेचना शुरू करेंगी। यह पुराने जमाने का खुला उपनिवेशवाद है।

वेनेजुएला के पास संसार का सबसे अधिक साबितशुदा तेल रिजर्व है। लेकिन उसका तेल हैवी होने के कारण आसानी से रिफाइन नहीं हो पाता है, शायद इसी वजह से उसका आउटपुट कुल का मात्र 1 प्रतिशत है। अंतिम यह कि मोनरो डॉक्ट्रिन अब डॉनरो डॉक्ट्रिन के रूप में सामने आ रही है, जिसके तहत यूएस लैटिन अमेरिका के साथ ऐसे व्यवहार करता है जैसे वह उसके घर के पीछे का आंगन हो। इसलिए रुबियो ने संकेत दिया है कि अगला निशाना क्यूबा हो सकता है, 'मैं समझता हूं कि वह (क्यूबा) बहुत परेशानी में आने वाला है।' यह वास्तव में रूस व चीन के लिए संदेश है- यूक्रेन व ताइवान पर हमले जारी रखो, अन्य जगह स्ट्रेटेजिक एसेट्स खोते रहो। गौरतलब है कि मादुरो के अपहरण से जरा पहले चीन का एक प्रतिनिधि काराकास में था। बहरहाल, इस तथ्य को भी नहीं भूलना चाहिए कि अतीत में दक्षिण अमेरिका में यूएस के हस्तक्षेप के नतीजे घातक निकले हैं- पिनोशे के सैन्य शासन में चिली को याद कीजिये। कारोबारी ट्रम्प को तो शायद इस बारे में कुछ भी मालूम न हो।

### सोशल मीडिया

उत्तर प्रदेश में अपराध मुक्त शासन के प्रतीक कल्याण सिंह जी ने देश की विरासत और सांस्कृतिक स्वाभिमान की रक्षा के सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया।



अमित शाह.

आ. पीएम नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी मार्गदर्शन में 'नया उत्तर प्रदेश' विकसित भारत की यात्रा में सहभागी बन कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है।



सीएम योगी.

महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण की ज्योति जगाने वाली माता साबित्री बाई फुले की जयंती पर उनको सादर नमन। देश के प्रति उनका योगदान अविस्मरणीय है।



प्रियंका गांधी.

# विज्ञान के निष्कर्ष

**अंतर्दृष्टि**

प्राचीन काल में ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। इनका एक प्रमखु कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्ना दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है।

भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है। तपस्वियों के एकान्त सेवन गुफा निवास की बात तो सर्वविदित ही है।

# लक्ष्मण रेखा न लांघें तो अच्छा

**व्यंग्यलोक**

देखिए भाई साहब! अब बहुत हो गया ये हमसे नैतिकता दिखाते हुए इस्तीफे की मांग का स्वांग करना। अब शांत हो जाइए प्लीज! वर्ना कहीं आपका गला न पक जाए। अब नैतिकता के आधार पर हमसे इस्तीफे की मांग की आप लक्ष्मण रेखा न लांघिए तो अच्छा रहेगा हम सब के लिए। जनता अब यह शोर सुन बोर होने लगी है। अब अगर वहां उस हादसे के लिए हमने भी आपसे इस्तीफे की इसी तरह मांग की होती तो आपको बहुत बुरा लगता। पर हमने तब नैतिकता की सीमाओं में रहकर आपसे नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की मांग की थी। यही हमारा धर्म है। एक दूसरे से इस्तीफा मांगने में शालीनता बनी रहे तो अच्छा लगता है। हम नहीं चाहते कि आपको हमारे सत्ता में होते हुए कुछ बुरा लगे। ऐसे में आपके विपक्ष में होते हुए हमें भी तो कुछ बुरा नहीं लगना चाहिए न! सत्ता में कभी हम, तो कभी आप! जनता तो सत्ता में आने से रही। देखिए, यहां सरकार हम हैं तो वहां आप। ये भी नहीं कि हम आपसे नैतिकता के आधार उस हादसे के लिए आपकी तरह गला फाड़ फाड़ कर इस्तीफा नहीं मांग सकते। आज आपके उसूल हों या न, पर हमारे आज भी कुछ उसूल है। आप हमारे मौसरे भाई हो। हादसे हो जाते हैं। हादसों का काम होना है और हमारा काम नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने के बदले उन हादसों की निष्पक्ष न्यायिक जांच करवाना। ये बात तो आप भी जानते ही हो कि जब हादसों का कारण अपने ही बंदे हों तो हम उनकी निष्पक्ष जांच करवा अपने पांव पर कुल्हाड़ी कैसे मार सकते हैं? वह तो अधिकतर शरीफों के पांवों को ही लहूलुहान करती रही है न! बंधु! हम तुम उस बिरादरी से हैं जो इस्तीफा देने के बाद के दर्द को बहुत गहरे से समझते रहे हैं। पद से इस्तीफा देने के बाद घरवाले भी नहीं पूछते। नेता तभी तक सुहाता है जब तक वह कुर्सी पर हो। अतः यथार्थ के धरातल पर खड़े होकर हमारी जगह अपने को रख हमारी पीड़ा समझो बंधु! और हमें विश्वास है कि आप भी समझते होंगे। पर कई बार हम सत्ता पाने को लेकर अधिक ही मुंहफट हो जाते हैं। देखो, गिरा वो पुल और इस्तीफा दें हम? अब टकराईं वे रेलें और इस्तीफा दो आप? ये कहां का न्याय है? गिरे कोई, इस्तीफा दे कोई! गिरना जीवन की परिणति है। टकराना जीवन की जरूरत है। अरे जो हम इस्तीफा दे देंगे तो पुल के गिरने की, रेलों के भिड़ने की निष्पक्ष जांच कैसे होगी? अब रही बात पब्लिक कि तो सुनो डियर पब्लिक! हमने इन हादसों के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान कर ली है। अब दिल पर हाथ रख पब्लिक टीवी देखती रहे कि इस्तीफा न देते हुए हम उनके विरूद्ध कैसे कड़े से कड़ा एक्शन लेते हैं?



अशोक गौतम

# नये ट्रेंड से और खूबसूरत हुआ साहित्य का लैंडस्केप

**साहित्य-संसार**

**शाहिद ए चौधरी**

साहित्यिक संसार निरंतर विकसित करते हुए विस्तृत सामाजिक, सांस्कृतिक व तकनीकी परिवर्तनों को प्रतिविम्बित करता रहता है। हाल के वर्षों में साहित्य में अनेक महत्वपूर्ण ट्रेंड्स सामने आये हैं, जो साहित्यिक लैंडस्केप को एक नया लुक प्रदान कर रहे हैं। ये ट्रेंड्स न केवल कहानियां सुनाने व सुनने के तरीकों को बदल रहे हैं बल्कि दोनों पाठकों व लेखकों के लिए अवसरों का विस्तार भी कर रहे हैं। आइये कुछ महत्वपूर्ण ट्रेंड्स का जिक्र करते हुए साहित्यिक समुदाय पर उनके प्रभाव का मूल्यांकन करते हैं। आज साहित्य में सबसे महत्वपूर्ण ट्रेंड यह है कि विविधता और समावेश पर बल दिया जा रहा है। पाठक उन कहानियों की तलाश कर रहे हैं जो विविध प्रकार के अनुभवों, संस्कृतियों और पहचानों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इस मांग के कारण प्रकाशक विविध पृष्ठभूमि के लेखकों के कार्यों को वरीयता दे रहे हैं, जिससे साहित्यिक लैंडस्केप अधिक समृद्ध हो रहा है।

लेखकों के लिए यह ट्रेंड उन विशिष्ट अनुभवों को शेयर करने के दरवाजे खोल रहा है, जिन्हें अभी तक अनदेखा किया जा रहा था। यह लेखकों के लिए चुनौती भी है कि वह चरित्रों व संस्कृतियों का अधिक ईमानदारी से चित्रण करें, फलस्वरूप साहित्यिक जगत ज्यादा समावेशी होता जा रहा है। इस वजह से, मसलन, एंजी थॉमस की 'द हेट यू गिव' और या ग्यासी की 'होमकमिंग' को न सिर्फ आलोचकों ने खूब पसंद किया बल्कि उन्हें कमर्शियल सफलता भी मिली। इन दोनों पुस्तकों का ताना बाना भूख के इर्दगिर्द बुना गया है, लेकिन अलग अलग सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों में। इसके अतिरिक्त साहित्यिक फेस्टिवल व अवार्ड्स भी निरंतरता से विविध आवाजों की पहचान करते हुए उनका जश्न मना रहे हैं। रुओनवाइसेज जैसी पहल हाशिये पर पड़े समुदायों के लेखकों द्वारा लिखी पुस्तकों को प्रोत्साहित कर रही है, जिससे मालूम होता है कि उद्योग प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए समर्पित है। यह समावेश साहित्यिक लैंडस्केप को तो सुंदर कर ही रहा है बल्कि साथ ही पाठकों में दया व समझ की भावनाओं को भी प्रोत्साहित कर रहा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और स्व-प्रकाशन के आगमन ने साहित्यिक संसार को लोकतांत्रिक बना दिया है। अपने पाठकों तक पहुंचने के लिए लेखक अब केवल परंपरागत प्रकाशकों पर निर्भर नहीं हैं। अमेजन, किंडल, डायरेक्ट पब्लिशिंग और वाटपैड जैसे प्लेटफॉर्म्स लेखकों को स्वतंत्र रूप से अपने कार्य प्रकाशित करने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे साहित्यिक रचनात्मकता की एक नई लहर आ गई है।

इस ट्रेंड से नई आवाजों व विधाओं का विस्फोट हुआ है, पाठकों को साहित्य का बड़ा कैनवास मिला है। लेकिन इससे क्वालिटी कंट्रोल व मार्किट सेचुरेशन जैसी चुनौतियां भी सामने आयी हैं, जिससे स्व-प्रकाशित लेखकों के लिए आवश्यक हो गया है कि वह प्रोफेशनल सम्पादन व मार्केटिंग में निवेश करें। इसके अतिरिक्त ई-बुक्स और डिजिटल रीडिंग उपकरणों ने साहित्य को पहले से अधिक पाठकों तक पहुंचाया है। पाठक अब पूरा पुस्तकालय अपनी जेब में लेकर चल सकते हैं और एक बटन क्लिक करके लेखक ग्लोबल पाठकों तक पहुंच सकते हैं। डिजिटल क्रांति के कारण ई-बुक्स में मल्टीमीडिया तत्व भी शामिल किये जाने लगे हैं, जिससे पाठकों को कहानी का एक अलग ही अनुभव होता है। दैनिक या साप्ताहिक किस्तों में कहानी पाठकों को पढ़ाने का ट्रेंड बहुत पुराना है, जिसे 19वीं शताब्दी में चार्ल्स डिकेंस ने पॉपुलर किया था, बीच में यह ट्रेंड बंद हो गया था, लेकिन अब सबस्टैक व पैटरिऑन जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिये यह फिर लौट रहा है। इस ट्रेंड में लेखकों को आमंत्रित किया जाता है कि वह अपने कार्यों को किस्तों में जारी करें, अक्सर सीधे अपने पाठकों को, सब्सक्रिप्शन मॉडल के जरिये। किस्तों वाला फिक्शन लेखकों और पाठकों के बीच गहरा संबंध स्थापित करता है, जिसमें सामुदायिकता और अनुमान का भाव भी होता है। पाठक उत्सुकता से अगली किस्त की प्रतीक्षा में रहते हैं और लेखक वफादार पाठकों की जमात एकत्र कर लेता है। क्लाइमेट चेंज पर बढ़ती चिंताओं के कारण साहित्य पर्यावरण विषयों को प्रतिविम्बित कर रहा है, जिसे क्लाइमेट फिक्शन कहा जा रहा है। इन कहानियों में बताया जाता है कि पर्यावरण संकट का मानवता व ग्रह पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। इस प्रकार पाठकों को जागृत किया जाता है कि वह इस विषय पर गंभीरता से सोचें।

## आपकी बात

### श्रमिकों के लिए योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### साइबर ठगी के बढ़ते मामले

देश में साइबर ठगी के मामले दिनोंदिन बढ़ रहे हैं। हर दिन एक-दो खबर ऐसी पढ़ने को मिल जायेगी जिसमें कोई डॉक्टर, शिक्षक या सेवानिवृत्त जीवन बिता रहे वरिष्ठजनों के ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होने की खबर पढ़ने को मिल जायेगी। साइबर क्राइम देश में बड़ा संकट बन गया है। इससे निपटने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी हैं। केंद्र ने साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 और रिजर्व बैंक की वेबसाइट पर जाकर शिकायत दर्ज करने की व्यवस्था की है लेकिन कितनी शिकायतें दर्ज होती हैं और कितनों का निपटारा होता है, यह बड़ा सवाल है। प्रौद्योगिकी में सक्षम लोग आज समाज पर एक नये तरह का प्रभुत्व और बढ़त भी हासिल कर चुके हैं। यह समस्या एक देश, एक समाज एवं वर्ग विशेष की नहीं, बल्कि विश्वभर में रह रहे हर मनुष्य के साथ जुड़ी हुई है। आज जो आर्थिक एवं डिजिटल तौर पर सक्षम है, वो सामाजिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक तौर पर कमजोर वर्ग को नियंत्रित करने की कोशिश करता है। वैश्विक स्तर पर इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध एवं यूक्रेन व रूस युद्ध के मूल कारणों पर चर्चा की जाए तो मूल कारण नियंत्रण ही है। लेकिन इस नियंत्रणकारी नीति का खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है, जो शायद पूरी तरह से युद्ध के कारणों व परिस्थितियों से रूबरू भी नहीं है। इस परिस्थिति में आम जनता के अधिकार विनाशकारी तरीके से रौंद दिए जाते हैं। यह कोई नई बात नहीं, द्वितीय विश्व युद्ध के अत्याचारों ने मानव अधिकारों के महत्व को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अहम मुद्दा बना दिया था। इसी गंभीरता को समझते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को 10 दिसंबर 1948 को अपनाया था। इसके अंतर्गत समानता का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार, भेदभाव से आजादी का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं भोजन का अधिकार आदि शामिल हैं जो व्यक्ति को समाज में हक एवं बिना किसी दबाव के जीने का अधिकार देते हैं। इसी के अंतर्गत डिजिटल सुरक्षा अधिकार को भी जोड़ा जाना चाहिए। भारत के संदर्भ में बात की जाये तो देश के संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान किया गया है। लेकिन इन अधिकारों का अनुपालन व अवहेलना सब कुछ परिस्थितियों के हिसाब से हो रहा है। वर्तमान में ह्यूमन राइट्स वॉच की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल सुविधाओं को बढ़ाने के लिए काम तो किया जा रहा है, लेकिन डेटा प्रोटेक्शन की कमी के कारण ठगी हो रही है।

**राघवेन्द्र कुमार वर्मा, लखनऊ.**

# समाधान दिवस में 152 शिकायतें मिलीं, 5 का निस्तारण

जिला संवाददाता



**सोहावल-अयोध्या।** सोमवार को सोहावल तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन डीएम टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान अपनी शिकायतों को लेकर डेढ़ बजे तक फरियादी डीएम और एसएसपी का इंतजार बड़ी बेसब्री से करते रहे। जब डेढ़ बजे डीएम टीकाराम फुंडे व एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर सोहावल तहसील सभागार में पहुंचे ।यहां फरियादियों की लंबी लाइन लग गई। हालांकि इससे पहले अपनी

**●डीएम-एसएसपी ने सुनी फरियाद**

वर्षों पुरानी और गम्भीर शिकायतों के निस्तारण की आस लिए दर्जनों की संख्या में एक बजे तक इंतजार के बाद फरियादी मायूस होकर वापस लौट गए। इसे मजह एक संयोग ही कहा जा सकता है कि विगत तीन वर्षों में रामजन्म भूमि पूजन से लेकर मंदिर निर्माण और ध्वजारोहण तक सोहावल में डीएम और एसएसपी फरियादियों को कम ही समय दे पा रहे हैं। इसलिए कभी डीएम की गैर मौजूदगी या फिर बिलंब से पहुंचने के कारण न्याय को लेकर फरियादियों को निराशा ही मिल रही है। शनिवार को सार्वजनिक अवकाश के कारण संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिले के सभी तहसीलों में सोमवार को किया गया। इस दौरान सोहावल तहसील में दोपहर बाद डेढ़ बजे डीएम और एसएसपी एक साथ तहसील पहुंचे। तो फरियादियों की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान भाकियू नेता फरीद अहमद ने रौनाही टोल प्लाजा के दोनों तरफ हाईवे की पटरी पर किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए जिससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। एन एच ए आई को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए ।मंगरू दादा ने रौनाही पम्प कैनाल से बिना नीलामी के चोरी से काट लिए गए पेड़ के संबंध में शिकायती पत्र दिया। करेरू निवासी गुरुदत्त सिंह पुत्र भगवती सिंह ने अवैध अतिक्रमण हटाने के संबंध में शिकायती पत्र दिया। ग्राम धन्नीपुर निवासी रेखा पत्नी शिवधन एवं राम धन पुत्र राजेंद्र ने शिकायत किया कि गांव निवासी मुकेश कुमार यादव महिला के हाइवे से धन्नीपुर गांव को जाने वाली पक्की सड़क के किनारे गाटा संख्या 177 व गाटा संख्या 175 मिलाकर 0.052 हेक्टेयर बाइस लाख रुपए में खरीदने की बात तय किया। इसके बाद रजिस्ट्री आफिस में सरकारी रेट पर बैनामा की लिखा पढ़ी कराई और क्रेता ने विक्रेता रेखा को तीन लाख व रामधन को दो लाख पंचान्नवे हजार का चेक दिया।प्रकरण को डीएम ने गंभीरता से लिए और प्रकरण की जांच एसडीएम सोहावल सुश्री सविता देवी को सौंप कर जांच और कार्रवाई का निर्देश दिया।अमराई गांव निवासी विवेक चैहान ने शिकायत किया कि सोहावल चैराहे पर स्थित साहू मेडिकल सेंटर पर चिकित्सकों की लापरवाही के चलते उसके पत्नी के गर्भ से बच्चा मृत पैदा हुआ। चिकित्सा सेंटर प्रभारी से शिकायत के बाद मृतका के पति से मारपीट की गई। थाना और सीएमओ को शिकायती पत्र देने के बावजूद कोई कर्रवाई चिकित्सकों के खिलाफ नहीं हुई ।यहां कुल 152 शिकायती पत्र आये ।जिसमें मौके पर पांच शिकायतों का निस्तारण करवा दिया गया ।शेष मामलों को निस्तारण के लिये सम्बन्धित को सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुशील कुमार बलियान, अधिशाषी अभियंता नहर सिंचाई रजनीश गौतम,एस डी एम सोहावल सविता देवी,तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, सीओ सदर अरविंद सोनकर,बीडीओ सोहावल अनुपम वर्मा,नायब तहसीलदार रेशू जैन, सप्लाई इंस्पेक्टर पूजा सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी डा. अनीता सोनकर सहित रौनाही, कैंट और पूरा कलंदर थाना के प्रभारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

जिला संवाददाता

**बहराइच ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील पयागपुर में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय, पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षिता तिवारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी राज कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

तहसील दिवस में चकमार्गों पर अतिक्रमण इत्यादि के सम्बन्ध में प्राप्त होने वाली शिकायतों के सम्बन्ध में डीएम श्री त्रिपाठी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि 02 सप्ताह के अन्दर स्थलीय जांच कर निस्तारण करा दिया जाय। डीएम ने कहा कि चकमार्गों की पैमाईश कराकर खण्ड विकास अधिकारी को लिखित सूचना उपलब्ध करा दी जाये। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि शरद ऋतु को देखते हुए यह सुनिश्चित करें कि गरीब, असहाय व निराश्रित व्यक्तियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सभी अधिकारी इस बात का प्रयास करें कि पीड़ित व्यक्ति की समस्या का समाधान कम से कम समय में हो जाय।

उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 35 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार अन्य तहसीलों महसी में प्राप्त 20 में 04, सदर बहराइच में प्राप्त 16 में 02, कैसरगंज में प्राप्त 26 में 04, नानपारा में प्राप्त 19 में 04 तथा मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 12 में 03 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग ने करवाया नुक्कड़ नाटक



**बाराबंकी।** रोड़ सेफ्टी नियमो के प्रति लोगो को जागरुक किये जाने को लेकर चलाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत परिवहन व यातायात विभाग ने नुक्कड़ नाटक आयोजित कर सुगम, सुरक्षित व सुखद सड़क सुरक्षा हेतु नागरिकों को जागरुक किया। आज शहर के पटेल चैराहा व रामनगर तिराहा पर शालोम वेलफेयर सोसाइटी सदस्यो अभिषेक मिश्रा, सोनू शर्मा ऋषभ सिंह, आदित्य शर्मा, विनोद यादव द्वारा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट, चार पहिया वाहन चालको को सीट बेल्ट लगाने की सीख दी। साथ ही शराब पीकर वाहन नही चलाने, ओवर स्पीडिंग के बुरे परिणाम, वाहन चलाते मोबाइल फोन पर बात नहीं करने जैसे संदेशों को अभिनय के माध्यम से आम जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला ने कहा कि रोड़ सेफ्टी नियमों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया है। लोगो के सड़क पर हेलमेट न पहनने, शराब पीकर वाहन चलाने से क्षति, ओवर स्पीडिंग से होने वाली जन हानि व सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओ को रोकने, घायलो की किस प्रकार से सुरक्षित सहायता हो सके आदि दृश्यो को नाटक कलाकारो द्वारा प्रदर्शित किया गया। जिसमे यह बताने की कोशिश की गयी है कि सड़क पर कैसे सुरक्षित चले। और अन्य को कैसे सुरक्षित करे। इस अवसर पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, यातायात प्रभारी रामयतन यादव आदि मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने मनाया नव वर्ष का उत्सव दिखा देश प्रेम और सनातन भक्ति



**बहराइच।** रोटरी क्लब ने नव वर्ष का उत्सव रोटेरियन अनिल सिंघल जी के कृष्णा वाटिका फार्म हाउस ( पटेल नगर रिसिया ) पर मनाया गया जिसमें सभी रोटेरियंस सपरिवार सम्मिलित हुए ।कार्यक्रम की शुरूआत वन्दे मातरम से हुआ, रोटेरियन अध्यक्ष कैलाश जालान, सचिव रामेश्वर रस्तोगी और रोटेरियन अनिल सिंघल ने फूलों से आगंतुकों का ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के व्यंजन, गेम्स और रंगा रंग कार्यक्रम आयोजित किए गए ,महिलाओं तथा बच्चों ने बड़े उत्साह से गेम्स में भाग लिया, विभिन्न प्रकार के पुरस्कार भी बांटे गए और फोटोग्राफी की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन विनोद टेकरीवाल, रोटेरियन प्रमोद डालमिया, रोटेरियन विजय झापड़िया, रोटेरियन अनिल गोयल , सुशील ड्रोलिया, सुनील गर्ग, हिमांशु कंसल, प्रेम जालान, राम गोपाल अग्रवाल, शीतल प्रसाद, नमन अग्रवाल, डॉ सुगना वर्मा, विनीत तायल सहित सैकड़ों रोटेरियन ने भाग लिया ।इस अवसर पर वरिष्ठ रोटेरियन रवि कोठारी जी ने सभी रोटेरियन की सहमति से आगे आने वाले सत्र के लिए दिनेश प्रताप सिंह को अध्यक्ष पद के लिए मनोनीत किया, सचिव रामेश्वर रस्तोगी जी को पुनः सचिव पद को संभालने के लिए निमंत्रित किया गया, पत्रकार महेश कुमार गुप्ता भी अपने परिवार के साथ उपस्थित थे। इस अवसर पर अंताक्षरी प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़ और सनातन से जुड़े प्रश्नोत्तर आयोजित किए गए। रियांश जालान ने गीत गाकर सबको मोहित किया।

## दि आयुष्मान फाउंडेशन की बैठक में कंबल वितरण पर हुई चर्चा



**सोहावल-अयोध्या।** दि आयुष्मान फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक सोहावल में नेशनल हाईवे पर मौजूद एक निजी रेस्टोरेंट में संपन्न हुई ।जो लगभग दो घंटे तक चली। बैठक की अध्यक्षता पुष्पेन्द्र पांडेय ने की। उन्होंने बैठक के अंत में संस्था द्वारा भविष्य में कुछ नए सामाजिक विषयों पर कार्य करने की योजना भी प्रस्तुत की ।बैठक में हाल ही में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम की सफलता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर धनंजय सिंह एवं जलज मौर्या ने संस्था के सभी सदस्यों द्वारा किए गए सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की ।वहीं आर्थिक रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विनोद वर्मा एवं पंकज पांडेय ने सभी दानदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया । विक्की सिंह और विकास वर्मा ने कहा कि समाज सेवियों एवं पत्रकारों का सम्मान करना संस्था की एक सराहनीय और प्रेरणादायक पहल रही है। जिससे लोगों में सामाजिक कार्यों के प्रति उत्साह और समर्पण बढ़ता है ।इस अवसर पर संस्था के संस्थापक पवन पटेल, विनोद वर्मा, पुष्पेन्द्र पांडेय, धनंजय सिंह, रिंकू चैहान, सतीश चैहान, विकास वर्मा, रंजीत मौर्या, जलज मौर्या, पंकज पांडेय, विक्की सिंह, संदीप सिंह, सत्य प्रकाश गांधी पांडेय, उपाध्यक्ष राहुल गुप्ता, रचित गुप्ता, सुरेंद्र कोरी, सौरभ वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## चोरी की दो ट्रालियां और ट्रैक्टर बरामद

**अयोध्या।** जिले की कोतवाली रुदौली एवं स्वाट/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में शातिर ट्रैक्टर-ट्राली चोरों के गिरोह का खुलासा किया गया है। पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की दो ट्रालियां तथा घटना में प्रयुक्त एक ट्रैक्टर बरामद किया है। बरामद संपत्ति

**●ट्रैक्टर-ट्राली चोर गिरोह का पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार**



की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है ।कोतवाली क्षेत्र के शुजागंज क्षेत्र में हुई ट्राली चोरी की घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी।

अभियान ह्यत्रिनेत्रह्ण के तहत थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार मामले का खुलासा किया गया। आरोपियों के पास से चोरी की गई दो ट्रालियां और एक महिन्द्रा ट्रैक्टर बरामद किया गया ।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में विष्णु सिंह निवासी जनपद गोण्डा, अर्जुन रावत निवासी रुदौली तथा अभिषेक सिंह उर्फ नितिन निवासी खण्डासा शामिल हैं।

विष्णु के विरुद्ध पूर्व से चोरी, एनडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट सहित कई आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। इस संबंध में थाना कोतवाली रुदौली में धारा 303(2)/317(2) बीएनएस तथा थाना दरियाबाद जनपद बाराबंकी में मु.अ.सं. 455/25 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## नहर में उतराता मिला युवती का शव

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के सारंगापुर शारदा सहायक नहर पुल के पास ग्रामीणों ने एक युवती का उतराता हुआ शव देखा। शव के साथ नहर किनारे किनारे युवक आता देख क्षेत्र मे सनसनी फैल गयी ।घटना की सूचना चैकी प्रभारी सत्यम अग्रवाल को मिली। मौके पर पहुंचे कांस्टेबल के साथ चैकी प्रभारी ने शव को नहर से बाहर निकलवाने के बाद उक्त युवक से पूछताछ की। युवक ने मृतका का रिश्तेदार बताते हुए शव की पहचान कराते हुए बताया कि रूदौली कोतवाली क्षेत्र वजीरगंज निवासी मोहम्मद वैश्य की पुत्री नाजरीन का है। दिमागी संतुलन खराब होने के कारण आज लगभग चार बजे घर से निकल गयी। परिजन उसका पीछा करते हुए नहर पर पहुंचते उसी बीच नहर मे कूद गयी। बाहर निकालने का प्रयास किया। जिसके बाद कामयाबी नही मिली।

## टाइगर क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन



**रुपईडीहा, बहराइच।** आज से एक महीने तक चलने वाले टाइगर क्रिकेट टूर्नामेंट कलवारी का आज ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह जी, जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी आरके सिंह जी , कोतवाल रुपईडीहा रमेश सिंह रावत जी एवं चौकी प्रभारी बाबागंज शिवेश शुक्ला जी ने फीता काटकर उदघाटन किया और राष्ट्रगान गाया अपने संबोधन में ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज जयप्रकाश सिंह जी ने कहा है कि ऐसे आयोजनों से ग्रामीण प्रतिभावों को एक अच्छा प्लेट फॉर्म मिलने की उम्मीद बढ़ जाती है कोतवाल रूपईडीहा ने कहा कि खेल हमारे मन, मस्तिष्क और शरीर के लिए अति आवश्यक है इंजीनियर आर के सिंह ने कहा कि हम सभी को मिलकर ऐसे आयोजनों को बल देना चाहिए इसी क्रम में चौकी प्रभारी बाबागंज ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण युवाओं के लिए वरदान होते हैं तत्पश्चात कोतवाल रूपईडीहा और चौकी प्रभारी ने मैदान पर क्रिकेट भी खेला और चारों तरफ से बाल को बाउंड्री के बाहर का रस्ता दिखाया।

# हड़ियाकोल आश्रम पहुंचा लायंस क्लब बाम्बे का 9 सदस्यीय दल



**बाराबंकी।** श्रीराम वन कुटीर हड़ियाकोल आश्रम में चल रहे निःशुल्क नेत्र आपरेशन शिविर मे 25 वर्षों से आर्थिक योगदान प्रदान कर रहे लायन्स क्लब बाम्बे चर्च गेट के 9 सदस्यीय दल क्लब अध्यक्ष अशोक जैन, फिरोज कात्रक, प्रान्त पाल, सिराज कात्रक, फर्स्ट लेडी, हुजेफा घड़ियाली, उपप्रान्त पाल, रविन्द्र

**●आश्रम का भ्रमण कर आश्रम ट्रस्ट को आर्थिक सहायता सौप दिया योगदान**

**●बड़ी संख्या में मरीजों की डॉ. रमेश हुड्डा की टीम ने की ओपीडी**

कड़ेल, दिवेश शाह, रतन मेहता, रमाशंकर झंवर, मंजू झंवर ने भ्रमण किया। क्लब अध्यक्ष श्री जैन ने कहा कि हम लोग मायानगरी मुम्बई में रहते हैं। बाम्बे देश की आर्थिक राजधानी है। बड़े-बड़े अस्पताल वहाँ पर हैं। लेकिन इस निर्जन स्थान पर इतना बड़ा हाइटेक अस्पताल बन जाना ये ईश्वर की कृपा से ही सम्भव है। हम लोगों का सौभाग्य है कि लायन्स क्लब को भी अपना छोटा सा योगदान देने का अवसर श्रीरामवन कुटीर आश्रम ट्रस्ट समिति देती है। इस दौरान क्लब द्वारा आठ लाख रुपए का चेक ट्रस्ट वरिष्ठ सदस्य शंकरलाल सोमानी को सौंपा। आश्रम सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि आज भी बड़ी संख्या में मरीजों की ओ0पी0डी डॉ0 रमेश हुड्डा रोहतक हरियाणा की टीम ने की। सभी ऑपरेशन स्वामीरामदास महाराज स्मृति चिकित्सालय (धर्मार्थ) की अत्याधुनिक ओ0टी0 में डॉ0 जैकब प्रभाकर जालंधर पंजाब की टीम ने किये। मरीजों के लिए वार्ड में सारी सुविधायें निःशुल्क ट्रस्ट द्वारा प्रदान की जा रही हैं। मरीजों तीमारदारों की सेवा करने के लिए सीताराम रेखान भिवानी हरियाणा द्वारा तीमारदारों के लिए भण्डारा चलाया जा रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष भगवानदास जी महाराज, व्यवस्थापक शिव कुमार निगम मौजूद रहे।

## धान क्रय केन्द्र खुटेहना का डीएम ने किया निरीक्षण



**बहराइच ।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत संचालित धान क्रय का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने खुटेहना स्थित पीसीयू के धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण कर क्रय केन्द्र पर खरीद के लिए जरूरी संसाधनों, बोरों की उपलब्धता, धान की आवक, भुगतान तथा कृषकों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा क्रय केन्द्र मौजूद कृषकों से धान खरीद के सम्बन्ध में फीड बैक भी प्राप्त किया।

धान क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी सचिव रवीन्द्र कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी को बताया कि 81 कृषकों से लक्ष्य 20000 कु. के सापेक्ष 10621.25 कुण्टल धान की खरीद की गई है। श्री तिवारी ने बताया कि अब तक राईस मिलों को 10140.10 कुण्टल धान प्रेषित किया गया है। क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान परसौली नि. कृषक गंगाराम के धान की खरीद की जा रही थी। डीएम ने कृषकों से संवाद कर धान क्रय के सम्बन्ध में फीड बैक प्राप्त किया। कृषकों द्वारा क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया गया।

डीएम ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार कृषकों से धान की खरीद की जाय तथा क्रय किया गया धान मिलों को प्रेषित भी करते रहें। डीएम ने क्रय केन्द्र प्रभारी को यह भी निर्देश दिया कि क्षेत्रीय कृषकों के साथ निरन्तर सम्पर्क बनाये रखें ताकि अधिक से अधिक धान की खरीद की जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शराबी ने मजदूर को पीटा

**गोसाईंगंज अयोध्या।** गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के लालपुर बनकठवा गांव में बीती देर शाम मजदूरी कर घर जा रहे एक व्यक्ति को एक शराबी ने बुरी तरह से पीट डाला ।पीड़ित सत्यनारायण पुत्र घिर्राऊ का कहना है कि बीती देर शाम वह मजदूरी करके घर वापस जा रहा था ।आरोप है कि उसी समय घर के मोड़ के पास सिंहोरिया गांव के निवासी प्रदीप यादव पुत्र गंगाराम पूरी तरह शराब के नशे में बैठा था ।उसे देख अचानक उसने अपशब्द कहते हुए उसपर लाठी लेकर टूट पड़ा ।जब वह चिल्लाने लगा तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया ।एसओ शारदेन्दु दुबे के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ केस दर्जकर पड़ताल कराई जा रही है।

## फंदे से लटका मिला किशोरी का शव

मिल्कीपुर-अयोध्या। थाना इनायतनगर के हैरिंग्टनगंज पुलिस चैकी क्षेत्र के बसवार कला गांव में एक 14 वर्षीय किशोरी का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा था, जिसकी रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है। जानकारी के अनुसार, बसवार कला गांव निवासी नैंसी (14 वर्ष) पुत्री मढ़ई का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटकता पाया गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। नैंसी की मां उषा ने पुलिस को बताया कि वह अलाव ताप रही थीं और नैंसी भी उनके पास ही थी। उन्होंने बेटी से खेत में काम करने चलने को कहा, लेकिन नैंसी ने मना कर दिया। इसके बाद उषा देवी अकेली खेत चली गईं। जब वह वापस लौटीं तो घर का दरवाजा खुला था। आंगन से आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं मिला। कमरे में देखने पर नैंसी पंखे से लटकी हुई मिली। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी थी। चैकी प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने पुष्टि की कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की बात सामने आई है। उन्होंने बताया कि किशोरी के परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## आग सेंक रहे व्यक्ति की पिटाई, केस दर्ज

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के हरदी गांव के मजरे गंगादीन का पुरवा में बीती देर शाम आग सेक रहे व्यक्ति को कुछ लोगो ने बुरी तरह से पीट डाला। पीड़ित संतोष कुमार पुत्र हरिश्चंद्र कहना है कि बीती शाम वह गांव के ही रामलाल के घर आग सेंक रहा था ।आरोप है कि उसी समय गांव के ही सोनू पुत्र रामसुभावन, शिवनायक पुत्र रामजियावन, ऋषभ पुत्र रामभवन अपने एक अन्य साथी (नाम पता अज्ञात) के साथ आये और कुछ बात को लेकर अपशब्द कहने लगे ।जब उसने इसका विरोध किया तो चारो मिलकर लात घूंसों व चारपाई के पावे लेकर उसपर टूट पड़े और बुरी तरह से पीट डाला।

## खुटेहना में निर्मित पार्क व ओपेन जिम तथा शहीद स्मारक का डीएम और एसपी ने किया निरीक्षण



**बहराइच 05 जनवरी।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी न पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर अजय प्रताप सिंह व अन्य के साथ ग्राम खुटेहना का भ्रमण कर राज्य वित्त मद अन्तर्गत रू. 15.00 लाख की लागत से निर्मित पार्क का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि 50 गुणा 50 मीटर क्षेत्रफल में विकसित किये गये पार्क में ओपेन जिम, योगामंच तथा बैडमिण्टन व वालीबाल कोर्ट का निर्माण कराया गया है। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि पार्क की स्वच्छता बनाये रखें तथा स्थानीय लोगों को प्रेरित करें कि इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठायें। पार्क के निरीक्षण के उपरान्त डीएम ने ग्राम खुटेहना में निर्मित शहीद स्मारक का भी निरीक्षण किया तथा वहां स्थापित की गई बेंचों पर बैठ कर कुछ समय गुजारा। ग्राम खुटेहना से मुख्यालय की ओर आते हुए डीएम ने ग्राम बनकटा में मिनी स्टेडियम के लिए चिन्हित की गई भूमि का भी अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने व्यापारियों की बैठक में चुनाव नगर पंचायत रुपईडीहा में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की किया घोषणा

जिला संवाददाता



**बहराइच।** भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत कस्बा रुपईडीहा में रविवार को राहुल पार्टी पैलेस में रुपईडीहा के व्यापारियों की बैठक का आयोजन किया गया उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा आए हुए अतिथियों का कार्यवाहक व्यापार मंडल प्रतिनिधि अध्यक्ष शैलेश जयसवाल, एवं उनकी टीम द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और चुनाव के बारे में विधिवत चर्चा की गई आपको बताते चलें कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल, रुपईडीहा इकाई का मतपत्र द्वारा चुनाव दिनांक 18 जनवरी 2026 को संपन्न होना निर्धारित है।

किया गया चुनाव के संबंध मे सभी व्यापारियों को अवगत कराया गया अध्यक्ष पद हेतु महामंत्री पद हेतु और कोषाध्यक्ष पद हेतु शुल्क 3100 सदस्य पद हेतु ?1100 चुनाव आयोग कमेटी द्वारा निर्धारित किया गया है जिस व्यापारी का मतदाता सूची में नाम होगा उसी को चुनाव लड़ने का अधिकार होगा निर्वाचन अधिकारी का निर्णय अंतिम सर्वमान्य होगा ज्ञातव्य हो मतदाता सूची में जिसका नाम होगा वही व्यापारी मतदान करने का अधिकारी होगा आगे बताते चले नामांकन 6 जनवरी व 7 जनवरी 2026 आवेदन पत्र वापसी 8 जनवरी 2026 शाम 4:00 बजे नामांकन चुनाव चिन्ह 8 जनवरी 2026 शाम 6:00 बजे तक निश्चित किया चुनाव 18 जनवरी 2026 सुबह 9:00 बजे से शाम से 3:00 बजे तक और मतगणना का कार्य उसी दिन शाम 4:00 बजे से चालू कर दी जाएगी 2 घंटे बाद मतगणना का कार्य समाप्त होते ही सभी पदाधिकारी का उसी दिन जो जीत कर आएंगे उनकी घोषणा कर दी जाएगी। इस अवसर पर पत्रकार आचार्य दया शंकर शुक्ल, पूर्व व्यापार मंडल महामंत्री संजय बंसल, वरिष्ठ पत्रकार मनीराम शर्मा, सभासद एवं पत्रकार सैयद राजा इमाम रिजवी , शैलेंद्र जायसवाल, योगेंद्र शर्मा, पत्रकार सोनू कौशल , पत्रकार रमेश मिश्रा, पत्रकार श्याम कुमार मिश्रा, दीपेंद्र मिश्रा, अमित मद्धेशिया व्यापारी दिनेश तुलस्यान, समाजसेवी सम्मानित व्यापारी पूरनमल अग्रवाल, शुभम शुक्ला, केसरी प्रसाद सोनी गज्जू भैया, हीरु फारुकी, पत्रकार श्याम कुमार मिश्रा, पत्रकार रमेश कुमार मिश्रा, श्याम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, निजामुद्दीन हवाई, बसंत चक्रवर्ती, दिवाकर पाठक, श्याम अग्रवाल दीपेंद्र मिश्रा ,अमित मद्धेशिया, आदि सैकड़ो सम्मानित व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे

संक्षेप

### गंभीर बीमारी से पीड़ित महिला का हुआ सफल ऑपरेशन

सुलतानपुर (वीओएल)। मेडिकल कॉलेज की जनरल सर्जरी विभाग में 55 वर्ष की एक महिला का सफल ऑपरेशन किया गया। मेडिकल कॉलेज में भर्ती एक महिला के यकृत में मौजूद गांठ पित्त नलिकाओं से जुड़ गई थी। गांठ होने के कारण पेट में संक्रमण फैलने लगा। बीते पांच साल से महिला पेट में खिंचाव के दर्द से परेशान रही। जांच में पाया गया कि यकृत के पास बड़ा सिस्टिक घाव है। मेडिकल कॉलेज में सर्जरी विभाग की टीम के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. पुनीत, जूनियर रेजिडेंट डॉ. अनुपम, प्रतिभा, एनेस्थीसिया टेक्नीशियन राहुल के अलावा सर्जिकल टीम के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. किरन रिबेलो, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सुप्रीत वर्मा, सीनियर रेजिडेंट डॉ. सुकेश आदि ने महिला का ऑपरेशन किया। चार दिन बाद पूरी तरह स्वस्थ होने पर उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव ने बताया कि ऑपरेशन काफी कठिन था, लेकिन डॉक्टरों की काबिलियत से यह सफल रहा।

### सराफा डकैती कांड में शेष जिरह सात को

सुलतानपुर (वीओएल)। बहुचर्चित सराफा डकैती कांड में सोमवार को एडीजे चतुर्थ न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में वादी मुकदमा भरतजी सोनी से जिरह हुई। कोर्ट ने शेष जिरह के लिए सात जनवरी की तारीख नियत की है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि अदालत में अब वादी मुकदमा भरतजी सोनी से जिरह की कार्रवाई में तारीख नियत की गई है। विदित हो कि 28 अगस्त 2024 को शहर के चैक ठठेरी बाजार स्थित भरतजी सोनी की ज्वेलरी दुकान में हथियारबंद डकैतों ने दिनदहाड़े लाखों रुपये के जेवरात लूट लिए थे। इस सनसनीखेज वारदात के बाद शहर में हड़कंप मच गया था। पुलिस जांच के उपरांत घटना के मास्टरमाइंड विपिन सिंह सहित 12 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी।

### युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवती के भाई को बेरहमी से पीटा

महराजगंज रायबरेली। घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ और विरोध करने पर युवती के भाई को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पड़ोसी युवक, उसके माता-पिता और भाई सहित कुल चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 4 जनवरी शाम करीब 8 बजे की है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह घर में अकेली सो रही थी, तभी पड़ोसी दिनेश यादव का पुत्र प्रियांशु छत के रास्ते जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि प्रियांशु ने युवती के साथ छेड़छाड़ की और जबरन संबंध बनाने की कोशिश की। चीख-पुकार सुनकर जब उसका भाई उसे बचाने के लिए कमरे में पहुंचा, तो आरोपी प्रियांशु ने उस पर हमला कर दिया। इसी बीच आरोपी के माता-पिता और भाई भी वहां पहुंच गए और उन्होंने पीड़िता के भाई को घेर लिया। आरोपियों ने उसके सिर पर घातक प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करया तब पीड़ित भाई-बहन की जान बच सकी। कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पीड़िता की तहरीर पर मुख्य आरोपी प्रियांशु, उसके पिता दिनेश यादव, माता और भाई समेत चार लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

### जिला सहकारी बैंक प्रबंध समिति की बैठक सम्पन्न

रायबरेली। जिला सहकारी बैंक के सभागार में बैंक की प्रबंध समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक विवेक विक्रम सिंह द्वारा बैंकिंग क्षेत्र को बढ़ावा देने, बैंक एवं बी-पैक्स के माध्यम से किसानों को दी जा रही अल्पकालीन फसली ऋण, उर्वरक, बीज, कीटनाशक एवं अन्य सुविधाओं को निरन्तर बनाये रखने हेतु जनहित में महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से चलाई जा रही अनेक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु बैंक प्रबन्ध समिति द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। बैठक में अल्पकालीन फसली ऋण वितरण, वसूली, एनपीए व वसूली एवं निक्षेप वृद्धि की समीक्षा की गयी।

# डीएम ने 12 शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण

## व्यापार मंडल ने ध्वस्त हो गये बाईपास पुल को लेकर की शिकायत, लालगंज में डायवर्जन की मांग



लालगंज रायबरेली। जिलाधिकारी के संपूर्ण समाधान दिवस में 109 लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिनमें से डीएम हर्षिता माथुर ने 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया।डीएम हर्षिता माथुर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष प्रकरणों का निस्तारण एक सप्ताह में किया जाए। लालगंज तहसील दिवस में 109 शिकायतें दर्ज हुई, जिनमें से 12 का तत्काल निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग से 39, पुलिस विभाग से 33, विकास विभाग से 7 और अन्य विभागों से 30 शिकायतें आईं। जिलाधिकारी के तहसील दिवस में लालगंज बाईपास के ध्वस्त रेलवे ब्रिज और साइड लेन की मरम्मत का मुद्दा व्यापार मंडल ने जोर शोर से उठाया। जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, नगर महामंत्री शिवम गुप्ता, कौशलेंद्र कंचन, अर्पित गुप्ता ,विशाल शर्मा, शीलू त्रिवेदी, पुष्कर गुप्ता अमित गुप्ता, हंसराज आदि ने जिलाधिकारी को बताया कि 6 वर्ष से बंद पड़ा लालगंज बाईपास अक्टूबर माह में चालू हुआ था। पुल का निर्माण गुणवत्ता पूर्ण नहीं किया गया था जिसके चलते एक बार फिर से पुल की स्लैप ध्वस्त हो गई है और पुल से आवागमन नेशनल हाईवे ने पूर्ण रूप से बंद कर दिया है। व्यापार मंडल ने साथ ही नेशनल हाईवे की सड़क के साथ लगे साइड लेन के भी मरम्मत की मांग की है। वास्तव में नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने एक साइड लेन तो पत्थर लगाकर बंद कर दिया है,दो साइड लाइन चालू थी लेकिन वह सड़के भी पूरी तरह से जर्जर हालत में है जिसके चलते आए दिन साइड लेन की सड़कों में वाहन फंस जाते थे और आवागमन अवरुद्ध हो जाता था। जिलाधिकारी ने पुल के निर्माण में गुणवत्ता की कमी की जांच कराने का आश्वासन दिया है। वहीं जल्द से जल्द बाईपास के चालू कराए जाने की भी बातकही है। वहीं व्यापार मंडल ने पुलिस अधीक्षक से लालगंज में बड़े वाहनों के डायवर्जन की भी मांग की है। पुलिस अधीक्षक ने लालगंज इंस्पेक्टर को बड़े वाहनों के डाइवर्जन कराए जाने का आदेश दिया है। भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता ने सरार्फा मंडी स्थित शीतला मंदिर और प्राचीन कुएं को संरक्षित किए जाने के बाबत तहसील दिवस में शिकायतकिया है। आलमपुर ग्राम प्रधान अमित कुमार बच्चा लाल ने आंगनबाड़ी के निर्माण में लेखपाल के द्वारा रोक लगाये जाने के बाबत भी शिकायत की है। आंगनबाड़ी निर्माण के पक्ष में दो दर्जन महिलाएं भी तहसील दिवसपहुंची थी। तहसील दिवस के अवसर पर उप जिला मजिस्ट्रेट मिथिलेश कुमार त्रिपाठी, तहसीलदार शिवम राठौड़,खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह प्रभारी निरीक्षक लालगंज प्रमोद कुमार सिंह , बन दरोगा ओमप्रकाश सिंह मनोज दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने गेगासो गंगा घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने मकर संक्रांति पर्व स्नान को लेकर गेगासो गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने मकर संक्रांति पर्व स्नान को लेकर गेगासो गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मकर संक्रांति पर गंगा स्नान का विशेष महत्व है, काफी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिये आते है, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये पेयजल, शौचालय, प्रकाश, साफ-सफाई, पार्किंग, सुरक्षा इत्यादि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये, जिससे गंगा स्नान के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हों।

## पुलिस पर मनमानी व बेकसूर युवकों को फंसाकर प्रताड़ना का आरोप

महराजगंज रायबरेली। बीते दो दिन पूर्व मिल एरिया थाना क्षेत्र में किराना व्यापारी नीरज गुप्ता की दुकान में हुई चोरी के मामले में शक के आधार पर पूछताछ के लिए पुलिस ने सरदार



गांव निवासी तीन युवकों की जमकर पिटाई कर दी। पुलिस की थर्ड डिग्री में पूरे सरदार गांव निवासी युवक रिंकू की हालत पुलिस की प्रताड़ना के बाद गंभीर हो गई। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस पर मनमानी व बेकसूर युवकों को फंसाकर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जमकर प्रदर्शन किया था। लोगों का आरोप है कि घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस के प्रति खासा आक्रोश है। सोमवार को बछरावां विधायक श्यामसुंदर भारती ने सरदार का पुरवा पहुंच कर प्रताड़ित युवकों रिंकू पुत्र अर्जुन, श्यामू पुत्र महादेव व राजेश पुत्र हरीशंकर के घर जाकर हालचाल जाना इस दौरान उन्होंने परिजनों को आर्थिक सहायता भी दी। विधायक श्यामसुंदर भारती ने बताया कि पुलिस की थर्ड डिग्री से रिंकू की हालत गंभीर बनी हुई है। एक महीने पहले गंभीर बीमारी से पीड़ित रिंकू एम्स अस्पताल से वापस आया था। उसका स्वास्थ्य सुधरता तब तक व पुलिस की थर्ड डिग्री का शिकार हो गया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह से मामले की निष्पक्षता से जांच करायें।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में हुआ बालिका सशक्तीकरण अभियान की शीतकालीन कार्यशाला का शुभारंभ

रायबरेली।एनटीपीसी ऊँचाहार में डीएवी ऑडिटोरियम में आज बालिका सशक्तीकरण अभियान की शीतकालीन कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह सप्ताहभर चलने




वाला कार्यक्रम बालिकाओं को शिक्षा, कौशल विकास तथा आत्मविश्वास निर्माण के माध्यम से सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिश्व मोहन सिंह, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी ऊँचाहार रहे।इस अवसर पर महाप्रबंधक (संचालन एवं अनुरक्षण), महाप्रबंधक (संचालन), महाप्रबंधक (अनुरक्षण), मानव संसाधन प्रमुख, सभी विभागाध्यक्ष प्रियदर्शिनी लेडिज क्लब के वरिष्ठ सदस्य तथा यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह शीतकालीन कार्यशाला जून 2025 में आयोजित बालिका सशक्तीकरण अभियान की निरंतरता है, जिसके तहत एनटीपीसी ऊँचाहार के आसपास के गांवों की 10 से 12 वर्ष आयु वर्ग की 120 बालिकाओं को पठन-पाठन, लेखन, गणित के साथ-साथ शारीरिक गतिविधियों, कराटे एवं ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया था। यह कार्यशाला एक पुनरावृत्ति कार्यक्रम के रूप में बालिकाओं की सीख को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं समग्र विकास को और प्रोत्साहित करने का प्रयास है। उद्घाटन समारोह ने आगामी दिनों के लिए एक प्रेरणादायक वातावरण सृजित किया है, जिससे इन बालिकाओं का मनोबल और आत्मविश्वास बना रहेगा। ऐसे प्रयासों से एनटीपीसी ऊंचाहार न केवल बेटियों के भविष्य को संवार रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ कर रहा है।

## सुलतानपुर को कचरा मुक्त बनाने की शुरू हुई पहल

- **नपा और एमटीआई ने बॉलीवुड अभिनेता प्रांजल शुक्ला समेत कई को ब्रांड एंबेसडर किया नियुक्त**

सुलतानपुर (वीओएल)। नगर पालिका परिषद और मॉडर्न ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत गार्बेज फ्री सिटी विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुलतानपुर को कचरा मुक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा करना और सहयोग बढ़ाना था।



इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेता प्रांजल शुक्ला, नृतिका अनन्या श्रीवास्तव और समाजसेवी डॉ. अनूप मिश्रा को गार्बेज फ्री सिटी के लिए सुलतानपुर का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त, शहर के प्रसिद्ध यूट्यूबर सलीम इदरीसी, मेहंदी हसन, अभिषेक, अखिलेश यादव, सचिन पुजारी, पवन नन्दा, शिव श्रीवास्तव और मोहसिन खान को संस्था द्वारा लोकल इन्फ्लुएंसर नामित किया गया। कार्यक्रम में आए सभी गणमान्य व्यक्तियों को शॉल, डायरी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्त तहसीलदार अब्दुल हई ने किया। मॉडर्न ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सरवर रहमान, अध्यक्ष जावेद अहमद, प्रबंधक नजीब अहमद सहित विजय विद्रोही, संदीप सिंह, राजन सिंह, आयुष डिरोलिया, मोहम्मद कमर, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद जहीन, हमजा जावेद, गुलफाम अहमद, शाने अली, जीशान अहमद, राकेश विद्यार्थी, रमेश सिंह टिन्नू, अनिल कुमार, अब्दुल मोमिन, शिल्पा और जरीना जैसे सहयोगी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## एनटीपीसी ऊंचाहार में नये परियोजना प्रमुख ने कार्यभार संभाला



रायबरेली। एनटीपीसी ऊँचाहार में बिश्व मोहन सिंह ने नए परियोजना प्रमुख के रूप मे कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार ग्रहण करते ही वरिष्ठ अधिकारियों, विभाग प्रमुखों के साथ परिचय प्राप्त किया तथा ऊँचाहार परियोजना की कार्य प्रणाली की जानकारी ली। कार्यभार ग्रहण करने के दिन ही श्री सिंह ने बालिका सशक्तिकरण की शीतकालीन कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और प्रतिभागी बालिकाओं के उज्जवल भविष्य को संवारने के लिए चलाए जा रहे अभियान हेतु सी एस आर टीम की सराहना की। नवागत परियोजना प्रमुख श्री सिंह को विद्युत उत्पादन प्रणाली की गहन तकनीकी विशेषज्ञता हासिल है। इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री किए हुए श्री सिंह का पावर जनरेशन में व्यापक अनुभव है। ऊंचाहार परियोजना प्रमुख बनने के पहले श्री सिंह एनटीपीसी दुगार्पुर (पश्चिम बंगाल) के परियोजना प्रमुख थे। श्री बिश्व मोहन सिंह ने एनटीपीसी मुख्यालय के साथ साथ एनटीपीसी के फरक्का, तालचेर, कोल माइनिंग, ज्वाइंट वेंचर सहित पावर मैकेनिज्म के विभिन्न कार्यक्षेत्रों में काम कर चुके हैं। श्री सिंह के ऊँचाहार परियोजना प्रमुख की पारी शुरू करने पर सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सफलता के लिए शुभ कामनाएं दी हैं। श्री बिश्व मोहन सिंह ने आशा व्यक्त किया है कि ऊँचाहार टीम के साथ मिलजुल कर परियोजना की शीर्षता को बनाए रखने में सफल रहेंगे।

## 121 शिकायती प्रार्थना पत्र मिले, 16 का मौके पर निस्तारण

### तहसील बल्दीराय में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस




सुलतानपुर (वीओएल)। जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से तहसील बल्दीराय सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर उन्होंने दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल- 121 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 16 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया। शेष 105 शिकायतों के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कर उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का समाधान पारदर्शी और संवेदनशील तरीके से हो, ताकि जनता का प्रशासन पर विश्वास और अधिक मजबूत हो। उन्होंने यह भी बताया कि जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित निर्णय लेना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में जनपद की अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जहां तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा आम नागरिकों की शिकायतें सुनी गईं और अनेक मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। कार्यक्रम के दौरान समस्त संबंधित अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मतदेय स्थलों पर अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट का कार्य सम्पन्न : एडीएम

रायबरेली।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025-26 के अन्तर्गत अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के संबंध में जनपद में अवस्थित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 177-बछरावां (अ०जा०) 179-हरचन्दपुर, 180-रायबरेली, 181-सलोन (अ०जा०), 182-सरेनी एवं 183-ऊँचाहार के मतदेय स्थलों पर आज 04 जनवरी 2026 को प्रत्येक मतदेय स्थलों के बूथ लेवल अधिकारियों एवं बूथ लेवल एजेण्टों के साथ बैठक में अनुपस्थित, शिफ्टेड, मृतक एवं डुप्लीकेट निर्वाचकों की सूची के मिलान/पढ़ने का कार्य किया गया।

## अमेठी प्रीमियर लीग में हुआ खिलाड़ियों का फिटनेस और स्किल ट्रॉयल



अमेठी। अमेठी प्रीमियर लीग में द्वितीय चरण के ट्रायल में खिलाड़ियों का चयनकताओं की तेज निगाहों में ट्रायल शुरू हुआ। यूपी के पूर्व चयनकर्ता उबैद कमाल, पूर्व क्रिकेटर ज्ञानेंद्र पाण्डेय, ट्रेनर शिकोह खान और डॉ सुमित श्रीवास्तव (फिजियोथेरी) ने खिलाड़ियों की प्रतिभा को परखा। प्रथम चरण में ट्रायल के पश्चात चयनित खिलाड़ियों का ट्रायल हुआ।ट्रायल के दौरान चयनकताओं ने चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए खिलाड़ियों के फिटनेस टेस्ट, स्किल टेस्ट के माध्यम से उनका मूल्यांकन किया।अमेठी प्रीमियर लीग के सेकंड राउंड ट्रायल्स को लेकर जिले के युवा खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लीग के चेयरमैन राजेश तिवारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के सपनों को साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें आगे बढ़ने के लिए अमेठी प्रीमियर लीग एक माध्यम साबित होगा।ट्रायल में तेज गेंदबाज, स्पिनर लेग ऑफ स्पिनर और विकेट कीपर का ट्रायल हुआ।ट्रायल में राजेश तिवारी सचिव जिला क्रिकेट एसोसिएशन अमेठी चेयरमैन अमेठी प्रीमियर लीग, प्रांजल तिवारी निदेशक ,मुकेश यादव, संयुक्त सचिव, गोविन्द मौर्य कोआर्डिनेटर,संतोष पांडेय मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें



अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील अमेठी में कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 02 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 का निस्तारण किया गया, तहसील गौरीगंज में 24 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 04 शिकायत का निस्तारण किया गया, तथा तहसील तिलोई में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 02 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी रणवीर मिश्र, उपजिलाधिकारी अमेठी आशीष सिंह, तहसीलदार अमेठी सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में निर्माणाधीन खेल सुविधाओं का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी।जिलाधिकारी संजय चौहान ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम, अमेठी में निमार्णाधीन कबड्डी व जिम हॉल तथा 25 मीटर शूटिंग रेंज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि स्टेडियम परिसर में कबड्डी व जिम हॉल का निर्माण कार्य पैक्सफेड द्वारा कराया जा रहा है, जबकि 25 मीटर शूटिंग रेंज का निर्माण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के माध्यम से किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने दोनों ही निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए कार्य की गुणवत्ता, उपयोग में लाई जा रही सामग्री तथा सुरक्षा मानकों की विस्तार से समीक्षा की। शूटिंग रेंज के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि शूटिंग रेंज को खिलाड़ियों की आवश्यकताओं एवं आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अमेठी जनपद में शूटिंग रेंज का निर्माण यहां के खिलाड़ियों के लिए एक बड़ी सौगात साबित होगा।इस सुविधा के उपलब्ध होने से जनपद के युवा खिलाड़ी अब अपने ही जिले में नियमित अभ्यास कर सकेंगे, जिससे उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और वे राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्माण कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि जनपद के खिलाड़ियों को शीघ्र ही इन आधुनिक खेल सुविधाओं का लाभ मिल सके।

## पोषाहार वितरण को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन, सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी



गौरीगंज, अमेठी। रीता सिंह जनकल्याण समिति की अध्यक्ष रीता सिंह के नेतृत्व में किसान महिलाओं ने विकास भवन परिसर में पोषाहार वितरण में अनियमितताओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सोमवार को रीता सिंह ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा बच्चों को कुपोषण से मुक्त रखने एवं उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए प्रत्येक माह पोषाहार वितरण के स्पष्ट निर्देश हैं, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण हर माह पोषाहार का वितरण सही ढंग से नहीं हो पा रहा है। इससे क्षेत्र के बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पोषाहार योजना का उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से बचाना है, लेकिन समय पर वितरण न होने से यह योजना अपने उद्देश्य से भटक रही है। समिति ने मांग की है कि पोषाहार का नियमित एवं पारदर्शी मासिक वितरण सुनिश्चित किया जाए। प्रदर्शन के उपरांत समिति की ओर से संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के अंत में चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए विवश होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी। इस मौके पर , सुनीता पांडेय, गीता, ऊषा, श्यामा , निर्मला सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रहीं जिन्होंने बच्चों के हित में त्वरित कार्रवाई की मांग की।

संक्षेप

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने जनता दर्शन में सुनीं दर्जनों शिकायतें

मथुरा। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने आनंदधाम कॉलौनी स्थित अपने आवास पर जनता दर्शन के दौरान दर्जनों शिकायतों को सुना और तत्काल समस्या का निस्तारण किया। विदित रहे कि जिपंअ किशन चैधरी सुबह अपने आवास उसके उपरांत केएम रेसीडेंटस कार्यालय तथा केएम विश्वविद्यालय में लोगों की समस्याओं का समाधान प्रतिदिन करते है।

सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने प्रतिदिन के भांति जनता दर्शन लगाया, इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

जनता दर्शन में मुख्य रूप से आवास, पेंशन, शौचालय, बिजली, सड़क और नलकूप जैसी समस्याएं प्रमुखता से उठीं।

कुछ ग्रामीणों ने भूमि विवाद, राजस्व संबंधी परेशानियों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी शिकायतें भी रखीं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिए।

# तहसील छाता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित



मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील छाता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान छाता बार के अधिवक्ताओं द्वारा लेखपाल जगवीर प्रसाद के विरुद्ध शिकायत प्रस्तुत की गई, जिसपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता को तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उप जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि संबंधित लेखपाल को पद से हटा दिया गया है। इसी क्रम में अधिवक्ताओं द्वारा एक जर्जर पानी की टंकी को गिराए जाने की मांग की गई, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी छाता को निर्देशित किया कि प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुछ मीडिया कर्मियों द्वारा कोटेदार से संबंधित वीडियो प्रस्तुत करते हुए शिकायत की गई कि कोटेदार द्वारा लाभार्थियों को निर्धारित मात्रा से कम राशन वितरित किया जा रहा है। इस पर उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता द्वारा जिला पूर्ति अधिकारी एवं सप्लाई इंस्पेक्टर छाता को नोटिस जारी करते हुए संबंधित कोटेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए गए।सुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायत की गई कि छाता क्षेत्र में अवैध रूप से मांस बिक्री की जा रही है।

इस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी छाता तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारियों को जांच कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील छाता में कुल 53 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 40 शिकायतें प्राप्त हुईं।

तहसीलदार गोवर्धन सुशील गुप्ता ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 24 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी महावन कंचन ने अवगत कराया है कि तहसील दिवस में 20 शिकायतें प्राप्त हुई है।

उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने अवगत कराया कि सदर तहसील में 12 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 01 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों का परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा।

## गलत रूट पर चलने वाले ई रिक्शों पर पुलिस का एक्शन

वृंदावन। धर्मनगरी वृंदावन में बढ़ते ई-रिक्शाओ से होने वाले जाम को देखते हुए वृंदावन पुलिस ने ई रिक्शा चालकों पर लगाम कसना प्रारंभ कर दिया है। सोमवार की सुबह से ही वृंदावन पुलिस के द्वारा लगातार गलत रूट और बिना रूट के चलने वाले ई रिक्शा पर कार्रवाई करते हुए करीब 100 से अधिक ई रिक्शाओं पर लगाम लगाते हुए चालान और सीज की कार्रवाई की गई। वृंदावन कोतवाली के क्राइम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि एसएसपी मथुरा के निर्देशन में आज से वृंदावन में गलत रूट और बिना रुट की परमिशन के चलने वाले ए रिक्शाओं पर कार्रवाई करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

वृंदावन के अलग-अलग क्षेत्र में जगह-जगह पर वृंदावन पुलिस द्वारा गलत रूट और बिना रूट के चलने वाले ई-रिक्शाओं को पकड़कर उन पर चालान और सीज की कार्रवाई की गई है। वहीं उन्होंने बताया कि आज सोमवार को करीब 100 से अधिक ई रिक्शाओं पर कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई निरंतर आगे चलती रहेगी।

## 10 हजार का इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार



टूंडला। थाना टूण्डला पुलिस ने दस हजार रुपये के इनामिया वांछित अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में थाना प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में की जा रही चेकिंग के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि थाना टूण्डला पर वाहन चोरी के पंजीकृत मुकदमे में वाछिंत अभियुक्त कमल उर्फ संजय उर्फ राकेश किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में प्रताप पुर रोड पर जा रहा है। उक्त सूचना पर थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा प्रतापपुर रोड पर दबिश दी गयी। दबिश के दौरान पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम को अपनी तरफ आता हुआ देखकर पुलिस टीम के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस टीम द्वारा खुद को बचाते हुए आत्मरक्षार्थ की गयी जबावी फायरिंग में अभियुक्त के पैर में गोली लग गयी। अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा दो खोखा कारतूस एक जिंदा कारतूस एक चाबी का गुच्छा व एक मोटरसाइकिल बिना नम्बर प्लेट बरामद किए गए, घायल अभियुक्त की पहचान थाना टूण्डला में वाछिंत अभियुक्त कमल उर्फ संजय उर्फ राकेश पुत्र चरन सिंह निवासी मंगली रिजौर जनपद एटा के रूप में हुई। पुलिस ने घायल अभियुक्त को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती करा आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

## पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की जन्म जयंती पर भाजपाइयों ने बांटे कंबल



टूंडला। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राजस्थान के पूर्व राज्यपाल हिंदू हृदय सम्राट कल्याण सिंह बाबूजी की जन्म जयंती के अवसर पर गांव मोहम्दाबाद में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर एवं अन्य भाजपा पदाधिकारीयो ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता नेत्रपाल सिंह ने की तथा संचालन भाजपा एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक ने किया। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें वक्ताओं द्वारा बाबूजी के जीवन पर प्रकाश डाला

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष उदयप्रताप सिंह ने कहा कि बाबूजी कल्याण सिंह द्वारा राष्ट्रहित एवं समाज हित में अनेकों उत्कृष्ट कार्य किए उनके द्वारा मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए बाबरी मस्जिद ढहाने के वाले रामभक्तों पर गोली चलवाने से इनकार किया था। विधायक प्रेमपाल सिंह धनगर ने बताया कि बाबूजी के एटा लोकसभा से चुनाव लड़ने के दौरान उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला बाबूजी बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे समस्त भारतीय उनको हिन्दू हृदय सम्राट के नाम से जानते थे। कार्यक्रम में मुख्यरूप से पूर्व सांसद प्रतिनिधि लोकेंद्र सिंह पोनियां, उदय प्रताप सिंह वर्मा, राजीव राजपूत, अमित सिंह, धीरज राजपूत, सुशील पोनियां, शिवशंकर शर्मा, दीपक कुशवाह, राजेश राजपूत , गौरव कुमार, हिमांशु सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## टूंडला सुभाष चौराहा पर ऑटो चालकों का अतिक्रमण जाम से लोग परेशान



टूंडला। नगर के व्यस्तम चौराहा सुभाष चौराहा पर ऑटो चालकों द्वारा सड़क पर अव्यवस्थित तरीके से ऑटो खड़े किए जाने के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे आम राहगीरों स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऑटो चालक सवारी भरने के चक्कर में सड़क के बीचोंबीच ऑटो खड़े कर देते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो जाता है। कई बार एंबुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को भी जाम में फंसना पड़ता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि पुलिस और यातायात विभाग की मौजूदगी के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। लोगों का आरोप है कि पुलिस केवल मूकदर्शक बनी हुई है, जिससे ऑटो चालकों के हौसले बुलंद हैं। ऑटो चालक मनमाने तरीके से जहां चाहें वहां से ऑटो को आड़ा तिरछा कर सवारियां चढ़ा उतार रहे है। वहीं चौराहा पर स्थित पुलिस भी इनसे परेशान है, वहां तैनात पुलिस का कहना है कि अगर इन ऑटो चालकों से ज्यादा कुछ कहते है तो ये एकत्रित होकर पुलिस पर ही हावी हो जाते है, वहीं स्थानीय सत्ताधारी नेताओं के फोन आना शुरू हो जाता है, जिससे चाहकर भी इनपर कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि सुभाष चौराहा पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ऑटो स्टैंड के लिए निर्धारित स्थान तय किया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि जनता को जाम की समस्या से राहत मिल सके। वहीं इंस्पेक्टर थाना टूंडला अनिल कुमार ने बताया कि शीघ्र ही नगर पालिका से वातार्लाप कर ऑटो चालकों का समाधान किया जाएगा।

## बादल घिरने और कड़कड़ाती ठंड से लोगों की दिनचर्या प्रभावित



मथुरा। सर्दी का सितम आम जन पर भारी पड़ रहा है। पिछले दिनों से शुरू सर्दी का कहर रोजाना लोगों को बेचैन कर रह है। रोजाना गलनभरी सर्दी ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सुबह से ही सूर्य देव के दर्शन न होने और बादलों के घिरे होने, शीतल हवा से जनजीवन कांप रहा है। ठिठुरन बढ़ गई है और राह चलते लोगों को फुरफुरी आ रही है। वाहनों की रफ्तार सड़कों पर थमी हुई है। सरकारी दफ्तरों में सर्दी के प्रकोप से कामकाज बुरी तरह प्रभावित है। व्यापार धंधों पर भी सर्दी की मार पड़ रही है। आवागमन प्रभावित है। गर्म कपड़ों का बाजार लोगों की ठंड बचाने में कामयाब हो रहा है। लोग सर्दी में गर्म वस्त्रों की खरीरददारी में जुटे हैं। सोमवार सुबह दोपहर शाम सभी वक्त सर्दी बढ़ रही है। अलाव लगाकर लोग सर्दी भगाने में जुटे हैं। घरों में बिजली के हीटर काम चला रहे हैं। रेन बसेरों का संचालन होने से असहाय, गरीब जैसे-तैसे अपना बचाव कर रहे हैं। प्रशासन और समाजसेवी संगठन सर्दी से बचाने के लिए लगातार लोगों को राहत पहुंचारहे हैं। जगह-जगह लोग गरीबों को गर्मवस्त्र दे रहे हैं। खाने पीने का भी ख्याल रखा जा रहा है। खुले आसमान के नीचे विचरण करने वाले पशुओं की दिक्कत जरूर बढ़ी हैं। गौशालाओं में तो इंतजाम है, लेकिन सड़कों पर फिरने वाले पशुओं का ध्यान कौन रखे? सर्दी के कारण कांपते पशु देखे जा रहे हैं। यमुना के ठंडे इलाकों में हालात और भी खराब हैं। अभी सर्दी का प्रकोप आगामी दिनों में कपकपी छुड़ायेगा। आज सुबह से ही बादल घिरे होने और कोहरे के कारण सुबह की दिनचर्या प्रभावित रही। आगामी समय में यह सर्दी का प्रकोप जारी रहेगा।

## संघ प्रमुख की मौजूदगी में शुरू हुई केंद्रीय कार्यकारिणी की अध्यक्षता

मथुरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत की मौजूदगी में संघ की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक सोमवार को तीर्थनगरी वृन्दावन के केशव धाम में शुरू हो गई है, यह बैठक सात जनवरी तक चलेगी, जिसके बाद 8 और 9 जनवरी को दो दिवसीय एक और महत्वपूर्ण मंथन प्रस्तावित है. संघ की इस उच्चस्तरीय बैठक को संगठन के भविष्य की दिशा तय करने वाला माना जा रहा है। बैठक में राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर केंद्रीय पदाधिकारियों के बीच चर्चा जारी है। संघ प्रमुख अपने 7 दिवसीय प्रवास पर वृंदावन में हैं। गौरतलब हो कि संघ प्रमुख मोहन भागवत रविवार को ही वृंदावन पहुंच गए थे, सोमवार सुबह उन्होंने स्वयं बैठक के पहले सत्र का उद्घाटन किया। इसके बाद संघ के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में विचार-विमर्श का क्रम शुरू हुआ। बैठक में सह-सर कार्यवाह, अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख, प्रचार प्रमुख और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों सहित लगभग 50 शीर्ष नेता भाग ले रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन तीन सत्रों में विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक को देखते हुए केशव धाम परिसर और उसके आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# समाधान दिवस में 51 शिकायतें मिलीं, 15 का निस्तारण

जिला संवाददाता



फिरोजाबाद। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी रमेश रंजन और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ जन शिकायतों की सुनवाई कर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन शिकायतों का निस्तारण गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ लें, कोई भी शिकायतकर्ता ऐसा न हो जिसकी शिकायत का निस्तारण न हो, जिलाधिकारी ने राजस्व और कानून संबंधी मामलों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम गठित कर शिकायतों को निस्तारित करने के आदेश दिए, इस दौरान राजस्व मामलों में अवैध कब्जे पैमाइश और विरासत से जुड़े मामले आए, जबकि पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में आपसी विवाद के सर्वाधिक मामले आए, जबकि विकास कार्यों में नाली, खरंजा निर्माण वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड से जुड़ी समस्याएं आई। एक शिकायतकर्ता सुरेश चंद जो ग्राम बिलहना थाना बसई मोहम्मद्पुर का निवासी है, उसने शिकायत की, कि उसके गांव में एलन नामक भट्टा संचालित है, जिसमें धूल, प्रदूषण पूरे गांव में व्याप्त हो जाता है, जिलाधिकारी ने इस मामले की जांच राजस्व निरीक्षक और प्रदूषण बोर्ड से करने की बात कही जिससे इस समस्या के निदान किया जा सके। इसी तरह एक व्यक्ति ने राशन कार्ड जारी करने के संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया कि उसका राशन कार्ड जारी किया जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया की पात्रता की संपूर्ण शर्तों की जांच कर इनका राशन कार्ड जारी किया जाए।, इसी तरह देवेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने जलोपुरा मार्ग से जल निगम की टंकी तक नालियों की सफाई एवं आर0सी0सी0 पर पड़ी हुई गंदगी हटवाने के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने नगर निगम को निर्देशित किया कि उनकी समस्या का समाधान तुरंत करें, इस दौरान 51 शिकायती प्रार्थना पत्र आए जिसमें से 15 शिकायतों का मौके पर त्वरित समाधान किया गया, इस दौरान डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार, परियोजना निदेशक जिला पूर्ति अधिकारी जिला वर्ग पिछडा अधिकारी आदि जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# सीडीओ ने सड़क सुरक्षा समिति संग की बैठक, एआरटीओ ने वाहन चालकों को किया जागरूक



मथुरा। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एआरटीओ राजेश राजपूत के निर्देशन में संदीप चैधरी यात्रीकर अधिकारी द्वारा ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों एवं चालकों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। पीटीओ द्वारा सभी को सड़क सुरक्षा नियमों को शत-प्रतिशत पालन करने तथा नियमों, एक्सप्रेस-वे स्पीड़ लिमिट के संबंध में जागरूक किया गया, साथ ही सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी। पीटीओ द्वारा लम्बी दूरी की यात्रा पर दो चालकों को रखने की हिदायत भी दी तथा सुबह के वक्त कोहरे में यात्रा न करने की सलाह भी दी।

वहीं दूसरी ओर एआरटीओ राजेश राजपूत द्वारा एक्सप्रेस-वे पर ओपरस्पीडिंग 79 वाहनों के चालान किये तथा टोल पर चालकों को गति सीमा का पालन करने हेतु सख्त हिदायत भी दी। एआरटीओ कार्यालय, टाउनशिप मथुरा पर एआरटीओ राजेश राजपूत तथा नीतू सिंह ने कार्यालय में फिटनेस कराने आये वाहन स्वामियों / चालकों तथा अन्य आगुंतको को पम्पलेट वितरित कर सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में जागरूक किया साथ ही कोहरे के वक्त यात्रा करते समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए के संबंध में विस्तार से भी बताया। दुर्घटना के पश्चात गोल्डन ऑवर के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गयी।

मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में आज जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि वृन्दावन क्षेत्र में वैष्णों देवी मंदिर के समीप चिन्हित भूमि पर अनाधिकृत रूप से संचालित ई-रिक्शा को परिवहन तथा पुलिस/यातायात विभाग द्वारा निरूद्ध किया जायेगा तथा सीसीटीवी कैमरे से निगरानी भी की जायेगी। उक्त स्थल पर पुलिस के सिपाहियों द्वारा रोटेशन वाइज ड्यूटी भी की जायेगी। इसके अतिरिक्त मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यीड़ा तथा एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि ब्लैक स्पाट्स पर मानक के अनुरूप साइनज लगाये जाये, जोकि स्पष्ट रूप से दिखाई दें। स्कूली वाहनों को लेकर महोदय द्वारा निर्देश दिये कि कैम्प लगा कर फिटनेस समाप्त स्कूली वाहनों की मानक के अनुरूप फिटनेस की जाये और स्कूलों में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कार्यक्रम कराये जाये, जिसमें सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में छात्र/छात्राओं को जागरूक किया जाये और नियमों का पालन करने हेतु

## हत्यारोपित छोटी कुल्हाड़ी सहित गिरफ्तार

मथुरा। थाना राया क्षेत्र के सारस गांव में अमृत नामक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी, इस मामले एसपी ग्रामीण सुरेश चन्द्र रावत ने टीम घटित करते हुए हत्यारोपित को छोटी कुल्हाड़ी सहित पकड़ा है। आरोपित ने आपसी रंजिश के कारण अमृत की गला रेत कर हत्या कर दी थी। थाना राया क्षेत्र के सारस गांव में युवक अमृत की गला रेतकर हत्या के मामले में पुलिस जांच निर्णायक मोड़ पर पहुंच गई है। पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ के दौरान हत्या से जुड़े कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं। एसपी ग्रामीण सुरेश चंद्र रावत ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। राया थाना प्रभारी अनुसार आज यमुना एक्सप्रेस-वे की तरफ जाने वाले मार्ग पर बने मकान से रोहित पुत्र धनवीर सिंह निवासी सारस को गिरफ्तार किया है। विदित रहे कि 04.01.2026 को रात्रि में ग्राम सारस थाना राया में पोखर केशव मिलने की सूचना पर पंचायतनामा एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कार्यवाही कराई गयी एवं 04 जनवरी को वादिया मुकदमा की तहरीरी सूचना के आधार पर धारा तहत मामला दर्ज किया गया था।

## समाधान दिवस में प्राप्त 23 शिकायतों में 4का मौके पर निस्तारण,



टूंडला। तहसील टूंडला में उपजिलाधिकारी अंकित वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ, समाधान दिवस में 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 4शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को अविलंब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश उपजिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारीयो को दिए। ज्यादातर शिकायतें राजस्व बिजली राशन की प्राप्त आयी। समाधान दिवस में सभी तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के बाद उपजिलाधिकारी व विधायक प्रेमपाल धनगर ने गांव पखारपुरा में गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों को शासन से प्राप्त 200 कंबलों का वितरण किया गया।

## चैमुहां के गांव सहार को डीपीआरओ ने किया औचक निरीक्षण



मथुरा। सोमवार को जिला पंचायतराज अधिकारी धनंजय जयसवाल ने चैमुहां ब्लॉक की ग्राम पंचायत सहार का औचक निरीक्षण किया। जिला पंचायतराज अधिकारी ने सहार में निमार्णाधीन पंचायत सचिवालय में लगाई जा रही खराब टाइलों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सम्बंधित ठेकेदार को निर्देश दिए कि वह खराब टाइलों की जगह अच्छी क्वालिटी की टाइल लगाए। डीपीआरओ ने ग्राम पंचायत में लगे मीठे पानी के आरओ प्लांट की आमदनी बारे में सचिव से जानकारी ली और निर्देश दिए कि आरओ प्लांट से अर्जित होने वाली आय को ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराया जाए। उन्होंने पंचायत सचिव को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत क्षेत्र में स्थित दुकानों पर स्वच्छता कर वसूलकर उसे पंचायत निधि में जमा करना सुनिश्चित करे। डीपीआरओ धनंजय जयसवाल ने ग्राम पंचायत को साफ और स्वच्छ बनाने की ग्रामीणों से अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को प्लास्टिक के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया साथ ही ब्रज की रज को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए कहा। इस अवसर पर सहायक खण्ड विकास अधिकारी पंचायत नवेश कुमार सुमन, पंचायत सचिव गोपाल प्रसाद, प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार सोनी , प्रेमचंद सागर आदि मौजूद रहे।

## अभ्यर्थी चयन के लिए साक्षात्कार 07 जनवरी को

बहराइच 05 जनवरी। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अन्तर्गत आवेदित अभ्यर्थियों का साक्षात्कार जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र बहराइच में 07 जनवरी 2026 को आहूत किया गया है। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि राजमिस्त्री, नाई, मोची व बढ़ई ट्रेड हेतु पूर्वान्ह 11:00 बजे से साक्षात्कार होगा। साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन पत्र, आधार, बैंक पासबुक, एक फोटो, प्रधान, नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष/सदस्य द्वारा निर्गत पारम्परिक कारीगर होने के प्रमाण-पत्र की छायाप्रति भी प्रस्तुत करना होगा।

# एक दिवसीय संस्कृत भाषा प्रवेशवर्ग 6 जनवरी को



मथुरा। संस्कृत भारती मथुरा जनपद द्वारा शीत शिविर के अन्तर्गत एक दिवसीय संस्कृत भाषा प्रवेशवर्ग का आयोजन 06 जनवरी को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक संस्कृत भारती ब्रजप्रांत कार्यालय केशव भवन सरस्वती कुंड पर किया जाएगा। इस सम्बन्ध में संस्कृत भारती मथुरा विभाग संयोजक श्यामसुंदर शर्मा ने कहा कि संस्कृत भाषा को जनसाधारण की भाषा बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर शिविरों का आयोजन किया जाता है, उसी क्रम में मथुरा जनपद में संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार को और अधिक गति प्रदान करने के उद्देश्य से यह एक दिवसीय शीत कालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में संस्कृत भारती मथुरा जनपद अध्यक्ष आचार्य ब्रजेन्द्र नागर ने कहा कि भाषा परिचय, व्यक्ति विकास एवं संगठन के विस्तार को ध्यान में रखते हुए इस वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ग में सभी आयु के सर्वसमाज के लोग भाग ले सकेंगे। मथुरा जनपद में संस्कृत भाषा के प्रति लोगों में आकर्षण पैदा करने के उद्देश्य से संस्कृत भारती ब्रजप्रांत प्रशिक्षण प्रमुख आचार्य सतीश शर्मा बरेली के नेतृत्व में संस्कृत भाषा का प्राथमिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस अवसर पर ब्रजप्रांत न्यास अध्यक्ष ओमप्रकाश बंसल एवं ब्रजप्रांत मंत्री धर्मेन्द्र कुमार अग्रवाल का भी मार्गदर्शन प्राप्त होगा। संस्कृत भारती मथुरा मंत्री डॉ संजय शर्मा ने सभी ब्रजवासियों से अपील की है कि संस्कृत भाषा हमारी मूल आधार है अतः अधिक से अधिक लोग इस वर्ग में भाग लेकर संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार में सहभागी बनें। संस्कृत भारती मथुरा प्रचार प्रमुख रामदास चतुर्वेदी ने कहा है कि संस्कृत भारती का उद्देश्य है संस्कृत भाषा को जनसाधारण की भाषा बनाना और भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखना। वर्तमान में संस्कृत भाषा को ज्ञान व विज्ञान की भाषा के रूप में वैज्ञानिकों द्वारा भी स्वीकार किया जा रहा है। अतः संस्कृत भाषा युवाओं के भविष्य के लिए अत्यन्त लाभकारी है। संस्कृत भारती मथुरा जनपद पदाधिकारी आचार्य मुरलीधर चतुर्वेदी, योगेश उपाध्याय आवा, संदीप चैधरी, अखिलेश गौतम, हरस्वरुप यादव, आरती राजपूत, कोमल वर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

संक्षेप

## निसान की मजबूत निर्यात से बिक्री को मिली गति

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने दिसंबर, 2025 में निर्यात के मामले में अप्रत्याशित प्रदर्शन के साथ शानदार तरीके से 2025 का सफर पूरा किया है। दिसंबर में कंपनी ने 13,470 कारों का निर्यात किया, जो पिछले 10 साल में किसी एक महीने में कंपनी का सर्वाधिक निर्यात का आंकड़ा है। दिसंबर में घरेलू बाजार में 1902 कारों की बिक्री के साथ दिसंबर, 2025 में कुल बिक्री 15,372 कारों की हुई। यह आंकड़ा मेड-इन-इंडिया एक्सपोर्ट को लेकर निसान की विकास रणनीति की मजबूती को दशार्ता है। वर्ष 2025 निसान मोटर इंडिया के लिए कंसोलिडेशन का वर्ष रहा। इस दौरान नई निसान मैग्नाइट के दम पर दिसंबर, 2025 में कंपनी ने सतत घरेलू बिक्री और रिकॉर्ड निर्यात का आंकड़ा छुआ। बीते साल हमने अक्टूबर में डिजाइन डीप-डाइव एवं निसान टेक्टॉन सी-एसयूवी के नाम की घोषणा और दिसंबर में निसान ग्रेवाइट की झलक के साथ विकास के नए चरण की ओर कदम बढ़ाया। यह स्पष्ट रूप से भारत में हमारे प्रोडक्ट-लेड रिसर्जेंस (उत्पाद आधारित पुनरुत्थान) का संकेत है।

## येज्दी एडवेंचर अमेजन व फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध

बंगलुरु। जावा येज्दी मोटरसाइकिल्स ने साल की अपनी दमदार नई पेशकश, 2025 येज्दी एडवेंचर और 2025 येज्दी रोडस्टर को अब अमेजन और फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध करा दिया है। अब तक केवल शोरूम में उपलब्ध और पिछले वर्ष की तुलना में रिकॉर्ड फेस्टिव बिक्री दर्ज कराने वाली येज्दी की सबसे लोकप्रिय मोटरसाइकिलें अब भारत के सबसे बड़े ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर सिर्फ एक क्लिक की दूरी पर हैं। फेस्टिव सीजन में मिली जबरदस्त मांग के बाद, येज्दी लाइन-अप की ये नई पेशकशें प्रमुख बाजारों में और अधिक सुलभ होंगी, जिससे उन राइडर्स के साथ ब्रांड का जुड़ाव और मजबूत होगा, जो क्लासिक मोटरसाइक्लिंग को जीते हैं।

## नेटफ्लिक्स ने की नये साल की जोरदार शुरुआत

बंगलुरु। नेटफ्लिक्स की पसंदीदा फैमिली कॉमेडी सिंगल पापा अब सीजन 2 के साथ वापस आ रही है। इस बार कहानी में और ज्यादा भावनाएँ होंगी, ज्यादा हँसी होगी और गहलोत परिवार की हमें और भी मजेदार मस्ती देखने को मिलेगी। कुणाल केमू की दमदार एक्टिंग से सजी सिंगल पापा में उन्होंने गौरव गहलोत का किरदार निभाया है। यह सीरीज एक सिंगल पिता की ज़िंदगी को सच्चे, भावनात्मक और मनोरंजक अंदाज में दशार्ती है। जहाँ परिवार, बच्चों की परवरिश और रोजमर्रा की छोटी-छोटी उलझनें देखने को मिलती हैं। इस शो की खासियत इसकी शानदार स्टार कास्ट भी रही, जिसमें प्राजक्ता कोली, मनोज पाहवा, आयशा रजा, नेहा धूपिया, सुहैल नय्यर, दयानंद शेट्टी, आयशा अहमद, अंकुर राठी और ईशा तलवार शामिल हैं।

## 27 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंककर्मी

लखनऊ। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंककर्मियों ने सरकार द्वारा पांच दिवसीय बैंकिंग लागू न करने के विरोध में आज स्टेट बैंक, मुख्य शाखा पर धरना दिया तथा जोरदार प्रदर्शन कर सभा की। फोरम के जिला संयोजक अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि आज के धरने व प्रदर्शन के पूर्व बैंककर्मियों ने इसी मांग को लेकर कई प्रदर्शन किए हैं तथा ट्विटर अभियान भी चलाया है। कॉमरेड डी.के.सिंह (महामंत्री) ने कहा कि केंद्र सरकार अभी भी अपने अड़ियल रुख पर है। वह जानबूझकर 27 जनवरी को हमें हड़ताल की ओर धकेल रही है। प्रदेश संयोजक काम. वाई के अरोड़ा ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र की होने वाली हड़ताल की पूरी जिम्मेदारी सरकार की है। 27 जनवरी को देशव्यापी हड़ताल में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंककर्मी हड़ताल पर रहेंगे।

## कच्चातेल की कीमतें बढ़ीं

नयी दिल्ली। भू-राजनीतिक विकासक्रम को लेकर सतर्क कारोबारी धारणा के बीच वायदा कारोबार में सोमवार को कच्चा तेल की कीमत 42 रुपये की तेजी के साथ 5,197 रुपये प्रति बैरल हो गयी। कच्चे तेल का जनवरी माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 42 रुपये या 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,197 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 18,270 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कच्चातेल के फरवरी माह में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 37 रुपये की तेजी के साथ 5,202 रुपये प्रति बैरल हो गया।

# ट्रंप की चेतावनी से सेंसेक्स 322 अंक गिरा



मुंबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारतीय उत्पादों पर शुल्क और बढ़ाने की ताजा चेतावनी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 322 अंक के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 78 अंक की गिरावट रही।

विश्लेषकों ने कहा कि वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले के बाद ट्रंप की ताजा चेतावनी से धारणा प्रभावित हुई और बैंकिंग, आईटी एवं रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे दिग्गज शेयरों में बिकवाली से बाजार पर दबाव रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 322.39 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 85,439.62 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 446.68 अंक फिसलकर 85,315.33 अंक के निचले स्तर पर आ गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 26,373.20 अंक के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचने के बाद बढ़त कायम नहीं रख सका और 78.25 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,250.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। दूसरी तरफ, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में खरीदारी देखने को मिली। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, निफ्टी के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने के बाद बाजार में मुनाफावसूली हावी हो गई, जिससे सूचकांक 26,200 के समर्थन स्तर के आसपास आ गया। अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर हमले के बाद बढ़े भू-राजनीतिक तनाव और ट्रंप की ओर से भारत पर सीमा-शुल्क बढ़ाने की टिप्पणियों से निवेशकों की धारणा सतर्क बनी रही। अमेरिकी प्रशासन ने पिछले साल अगस्त में भारतीय उत्पादों पर शुल्क को बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया था। इसमें से 25 प्रतिशत शुल्क रूसी तेल की खरीद जारी रखने पर जुर्माने के तौर पर लगाया गया था। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.07 प्रतिशत नुकसान में रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.05 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। शुक्रवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 289.80 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 677.38 करोड़ रुपये की शुद्ध खरीदारी की। यूरोपीय बाजारों में कारोबार के दौरान तेजी रही। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को काफी हद तक सकारात्मक रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.13 प्रतिशत गिरकर 60.67 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। सेंसेक्स शुक्रवार को 573.41 अंक चढ़कर 85,762.01 अंक और निफ्टी 182 अंक बढ़कर 26,328.55 अंक पर बंद हुआ था।

# रुपया आठ पैसे की गिरावट के साथ 90.28 प्रति डॉलर पर



मुंबई। रुपये में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और यह आठ पैसे टूटकर 90.28 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। मजबूत अमेरिकी मुद्रा और घरेलू शेयर बाजारों में सुस्ती से रुपये पर दबाव पड़ा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य हस्तक्षेप के बाद उत्पन्न हुई भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं ने विश्व स्तर पर डॉलर की मांग को बढ़ावा दिया। हालांकि कच्चे तेल की गिरती कीमतों ने भारतीय मुद्रा को निचले स्तर पर थोड़ा समर्थन दिया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, 90.21 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 90.50 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक पहुंचा। अंत में डॉलर के मुकाबले 90.28 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 22 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.20 पर बंद हुआ था। भारतीय मुद्रा में लगातार चौथे सत्र में गिरावट दर्ज की गई। 30 दिसंबर 2025 को यह 89.75 डॉलर प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। तब से इसमें 53 पैसे की गिरावट आई है। अमेरिका और वेनेजुएला के बीच भू-राजनीतिक तनाव के कारण सोमवार को रुपये में गिरावट आई। सुरक्षित निवेश की मांग के चलते अमेरिकी डॉलर सूचकांक मजबूत हुआ, हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में कमजोरी और शुक्रवार को विदेशी पूंजी के प्रवाह ने रुपये को सहारा दिया। चौधरी ने कहा कि कच्चे तेल की गिरती कीमतों से रुपये को निचले स्तर पर मजबूती मिल सकती है। केंद्रीय बैंक के किसी भी हस्तक्षेप से भी रुपये को मजबूती मिल सकती है...। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 90 से 90.60 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.39 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार के मोर्चे पर सेंसेक्स 322.39 अंक या 0.38 प्रतिशत टूटकर 85,439.62 अंक जबकि निफ्टी 78.25 अंक या 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 26,250.30 अंक पर बंद हुआ।

## एनसीएलटी के अधिकार की जांच करने को सहमत है न्यायालय

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय सोमवार को गुजरात उच्च न्यायालय के उस फैसले की जांच करने पर सहमत हो गया, जिसमें कहा गया था कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) किसी लंबित याचिका को राज्य के बाहर किसी अन्य एनसीएलटी पीठ में स्थानांतरित नहीं कर सकता है।

विभिन्न राज्यों में एनसीएलटी पीठों के बीच मामलों को स्थानांतरित करने की एनसीएलटी अध्यक्ष की शक्ति की जांच करने पर सहमति जताई है। यह विवाद एनसीएलटी नियम, 2016 के नियम 16(डी) से उपजा है, जो एनसीएलटी अध्यक्ष को परिस्थितियां के हिसाब से किसी भी मामले को एक पीठ से दूसरी पीठ में स्थानांतरित करने की अनुमति देता है। गुजरात उच्च न्यायालय ने अपने हाल के आदेश में कहा था कि यह शक्ति पूरी तरह राज्य के भीतर है। उच्च न्यायालय का कहना था कि न्यायाधिकरण के अध्यक्ष केंद्र सरकार द्वारा स्थापित क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र को न तो बदल सकते हैं, न ही उसका विस्तार कर सकते हैं। इसका अर्थ है कि मामलों को एक राज्य से दूसरे राज्य में नहीं ले जाया जा सकता। शीर्ष अदालत ने इस रुख पर प्रथम दृष्टया संदेह जताया और एक काल्पनिक उदाहरण दिया कि यदि किसी स्थान पर केवल एक पीठ है।

# वायदा बाजार में चढ़े सोना, चांदी के भाव



नयी दिल्ली। वेनेजुएला मामले में तनाव और महत्वपूर्ण अमेरिकी वृहद आर्थिक आंकड़ों को लेकर उम्मीदों के कारण निवेशकों की कारोबार धारणा सुधरने से वायदा कारोबार में सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में तेजी रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में फरवरी माह में डिलिवरी वाले सोना वायदा।,509 रुपये यानी 1.11 प्रतिशत बढ़कर।,37,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इसमें 15,226 लॉट के लिए कारोबार हुआ।

दिसंबर के आखिर में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद पिछले हफ्ते सोने में 4,112 रुपये यानी 2.94 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इसी तरह, एमसीएक्स में चांदी के वायदा कीमत में जबरदस्त बढ़त देखी गई। मार्च महीने में डिलिवरी वाले अनुबंध की कीमत 6,434 रुपये यानी 2.72 प्रतिशत बढ़कर 2,42,750 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सप्ताह इसमें 3,471 रुपये यानी 1.45 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इसमें 13,112 लॉट के लिए कारोबार हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, फरवरी डिलिवरी वाले कॉमेक्स सोना वायदा 86.4 डॉलर यानी 2 प्रतिशत बढ़कर 4,416 डॉलर प्रति औंस हो गया। छुट्टियों के कारण कम कारोबारी दिनों वाले सप्ताह में सोने की कीमत 223.1 डॉलर यानी 4.9 प्रतिशत टूटकर शुक्रवार को 4,329.6 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थी। पिछले सप्ताह उतार-चढ़ाव देखने के बाद, सोना वायदा 4,500 प्रति औंस तक पहुंच गया। इसे अमेरिकी सेना द्वारा वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के बाद नए भू-राजनीतिक तनाव से समर्थन मिला। कॉमेक्स चांदी वायदा में भी अच्छी बढ़त हुई। यह विदेशी कारोबार में 4.19 डॉलर यानी करीब छह प्रतिशत बढ़कर 75.20 डॉलर प्रति औंस हो गया। पिछले हफ्ते चांदी में आठ प्रतिशत यानी 6.18 डॉलर की तेज गिरावट आई थी।

## विशाखापत्तनम रिफाइनरी में अवशिष्ट उन्नयन इकाई चालू

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने सोमवार को कहा कि उसने अपनी विशाखापत्तनम रिफाइनरी में अवशिष्ट उन्नयन इकाई (आरयूएफ) को चालू कर दिया है।

एचपीसीएल ने एक बयान में कहा कि इस इकाई के चालू होने से रिफाइनरी की गहन रूपांतरण क्षमता, लाभप्रदता और डीजल, विमान ईंधन और केरोसिन जैसे उपयोगी ईंधनों के कुल उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। बयान के मुताबिक, 35.5 लाख टन प्रति वर्ष क्षमता वाली इस संयंत्र में देश की पहली अवशिष्ट हाइड्रोक्रैकिंग इकाई और दुनिया की पहली एलसी-मैक्स इकाई शामिल है। यह अत्याधुनिक इकाई कम मूल्य वाले भारी तेल के लगभग 93 प्रतिशत हिस्से को उच्च मूल्य वाले पेट्रोलियम उत्पादों में बदलने में सक्षम है। कंपनी ने कहा कि यह परियोजना भारत की रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाने और आयातित ईंधन पर निर्भरता घटाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस इकाई के चालू होने के बाद विशाखापत्तनम रिफाइनरी में उपयोगी ईंधन उत्पादन में करीब 10 प्रतिशत तक की वृद्धि हो सकेगी। इसके अलावा सकल रिफाइनिंग मार्जिन में भी उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

# भारत वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण बाजार हैः कैथे कार्गो




हांगकांग। कैथे कार्गो के दक्षिण एशिया, पश्चिम एशिया एवं अफ्रीका क्षेत्र के मालवाहक खंड के प्रमुख राजेश मेनन ने कहा कि भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में उभरने के साथ ही कंपनी भारत में निवेश बढ़ाने की योजना बना रही है।

उन्होंने साथ ही देश को बेहद महत्वपूर्ण रणनीतिक बाजार करार दिया। हांगकांग स्थित हवाई मालवाहक संचालक कैथे कार्गो वर्तमान में भारत के लिए प्रति सप्ताह 13 मालवाहक सेवाएं.. पांच दिल्ली, पांच चेन्नई और तीन मुंबई के लिए संचालित करती है। भारत हमेशा से हमारे लिए एक बेहद महत्वपूर्ण बाजार रहा है और इसमें अपार संभावनाएं एवं वृद्धि के संकेत मिलते रहते हैं। भारत में 1953 में अपनी सेवाएं शुरू करने के बाद से हमने लगातार बढ़ते हुए 2000 में अपने मालवाहक परिचालन की शुरुआत की। हमने इस बाजार की अपार क्षमता और मजबूती को हमेशा पहचाना है। भारत के प्रति हमारी प्रतिबद्धता अटल है और हम अपनी उपस्थिति को मजबूत एवं प्रभावशाली बनाए रखने के लिए निवेश करते रहेंगे। भारत में वृद्धि की गति वास्तव में प्रभावशाली है और हम इस गतिशील यात्रा का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हैं। मेक इन इंडिया और गति शक्ति जैसी पहलों के साथ भारत में निवेश करने के इच्छुक निवेशकों के लिए एक स्पष्ट मार्ग प्रशस्त हो गया है जो देश में हो रहे गतिशील बदलावों को दर्शाता है। ये पहल निवेश की अपार संभावनाओं को उजागर करती हैं और विनिर्माण क्षेत्र के निरंतर वृद्धि एवं विस्तार के साथ लॉजिस्टिक क्षेत्र में उपलब्ध विशाल अवसरों को रेखांकित करती हैं।

# बिहार में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में 7.50 लाख करोड़ का निवेशः चौधरी



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को कहा कि बिहार में इस समय राष्ट्रीय स्तर की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में बड़े पैमाने पर निवेश हो रहा है। प्रधानमंत्री गति शक्ति (पीएमजी) पोर्टल पर राज्य में कुल 170 परियोजनाओं की निगरानी की जा रही है, जिनमें कुल 7.50 लाख करोड़ रुपए का निवेश शामिल है।

गृह मंत्रालय की भी जिम्मेदारी संभाल रहे चौधरी अपने आवास पर संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि ये परियोजनाएं सड़क एवं राजमार्ग, रेलवे, बिजली, तेल एवं गैस, दूरसंचार, शहरी अवसंरचना, स्वास्थ्य तथा अंतर्देशीय जलमार्ग जैसे प्रमुख क्षेत्रों से जुड़ी हैं, जो क्षेत्रीय संपर्क और सामाजिक-आर्थिक विकास में बिहार की बढ़ती भूमिका को दर्शाती हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण सहायक भूमिका निभा रही है। भूमि अधिग्रहण, वैधानिक स्वीकृतियों, कानून-व्यवस्था प्रबंधन तथा विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और परियोजना एजेंसियों के साथ समन्वय के जरिए समयबद्ध कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परियोजनाओं से जुड़ी लगभग 96 प्रतिशत समस्याओं का समाधान किया जा चुका है। चौधरी ने कहा कि कुल 170 परियोजनाओं में से 60 परियोजनाएं पूरी होकर चालू हो चुकी हैं। इनमें।,28,095 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है। वहीं 110 परियोजनाएं, जिनमें 5,30,094 करोड़ रुपए का निवेश शामिल है, वर्तमान में निर्माण अथवा कार्यान्वयन के चरण में हैं। इस प्रकार लगभग 65 प्रतिशत परियोजनाएं निष्पादन चरण में हैं, जो राज्य में निरंतर अवसंरचना विस्तार को दर्शाता है। क्षेत्रवार स्थिति के अनुसार, सड़क एवं राजमार्ग क्षेत्र की 72 परियोजनाएं और रेलवे की 38 परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा बिजली, तेल एवं गैस तथा दूरसंचार क्षेत्र की परियोजनाएं भी हैं।

## सैमसंग ने किया द फर्स्ट लुक में कंपैनियन टू एआई लिविंग विजन का अनावरण

नई दिल्ली। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स ने आज विन-लास वेगास के लाटूर बॉलरूम में आयोजित अपने सीईएस 2026 इवेंट 'द फर्स्ट लुक' में 'कंपैनियन टू एआई लिविंग' विजन का अनावरण किया। इस इवेंट का मुख्य फोकस एआई पर था, जोकि सैमसंग के दर्शन के अनुरूप है जो कंपनी के आरएंडडी, उत्पाद विकास, परिचालन और यूजर अनुभव को जोड़ने वाली नींव है। 'द फर्स्ट लुक' की शुरूआत कंपनी के एआई लीडरशिप की जानकारी देकर की। कंपनी के बड़े, एआई-सक्षम, कनेक्टेड इकोसिस्टम के कारण सैमसंग यूजर्स को उनके दैनिक जीवन में असली एआई कंपैनियन का अनुभव प्रदान कर सकता है। यह दृष्टिकोण यूजर्स को अपनी तकनीक से केवल बुनियादी सुविधाओं तक पहुंचने का मौका नहीं देता, बल्कि उन्हें हर जगह अधिक सार्थक पलों को खोजने के अवसर मिलते हैं। सैमसंग मोबाइल, विजुअल डिस्प्ले, होम अप्लायंसेज और सर्विसेज में अधिक एकीकृत और व्यक्तिगत अनुभव बना रहा है। हमारे वैश्विक कनेक्टेड इकोसिस्टम के साथ, और विभिन्न कैटेगरी में एआई को शामिल करके, सैमसंग हर दिन अधिक सार्थक एआई अनुभव प्रदान करने में सबसे आगे बना हुआ है।

## पेज एक का शेष

### स्वदेशी पोत

6,000 समुद्री मील का सफर तय कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह पोत समुद्री प्रदूषण नियंत्रण नियमों को लागू करने, समुद्री कानून प्रवर्तन, खोज व बचाव कार्यों तथा भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। बल ने एक बयान में कहा कि भारत में निर्मित सबसे बड़ा और सबसे उन्नत प्रदूषण नियंत्रण जहाज समुद्र प्रताप देश की पोत निर्माण की उत्कृष्टता और स्वच्छ, सुरक्षित व आत्मनिर्भर समुद्री भविष्य के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण का प्रतीक है। बयान में कहा गया है कि यह जहाज दिसंबर में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) में औपचारिक रूप से तटरक्षक बल को सौंपा गया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को गोवा के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित जीएसएल में इस जहाज को बल के बेड़े में शामिल किया। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, केंद्रीय रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह और आईसीजी के महानिदेशक परमेश शिवमणी इस अवसर पर उपस्थित थे। सिंह ने कहा कि यह अवसर भारत के महान समुद्री दृष्टिकोण से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा भारत मानता है कि समुद्री संसाधन किसी एक देश की संपत्ति नहीं हैंअ वे मानवता की साझी धरोहर हैं। सिंह ने कहा जब धरोहर साझा होती है, तो उसकी जिम्मेदारी भी साझा होती है। यही कारण है कि आज भारत एक जिम्मेदार समुद्री शक्ति बन गया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि समुद्र प्रताप भारत का पहला स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया प्रदूषण नियंत्रण पोत है। उन्होंने कहा यह अब तक तटरक्षक बल का सबसे बड़ा जहाज है। सिंह ने कहा कि इसमें 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। उन्होंने कहा यह आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है। मेक इन इंडिया का असली मतलब ऐसी परियोजनाओं में दिखाई दे रहा है। सिंह ने कहा कि इतने जटिल प्लेटफॉर्म के बावजूद हमने स्वदेशी सामग्री का यह स्तर हासिल किया है, जो दर्शाता है कि हमारा रक्षा औद्योगिक परिवेशी तंत्र अब काफी परिपक्व हो चुका है।

### योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह से मुलाकात की। राष्ट्रीय राजधानी के दौरे पर आए योगी ने आज सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से भी मुलाकात की।

### यूपी : 8वीं तक

पालन सुनिश्चित कराएं। डीआईओएस राकेश कुमार ने स्कूलों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि सिर्फ कक्षा 9 से 12 वीं तक के बच्चों की कक्षाएं संचालित करें। स्कूलों में बच्चों को सर्दी से बचाव के सभी इंतजाम मुहैया कराएं। बच्चों को खुले में कतई न बैठाएं। कड़ाके की सर्दी के मद्देनजर छोटे बच्चों की सेहत को लेकर जिलाधिकारी ने प्री प्राइमरी व नर्सरी से लेकर आठवीं तक की छुटियां आठ जनवरी तक बढ़ा दी हैं। हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग के प्राइमरी स्कूलों में 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित है।

### साइबर अपराधों

माध्यम से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करती और न ही पैसे की मांग करती है। मुख्यमंत्री ने आगाह करते हुए कहा, "सोशल मीडिया के उपयोग को लेकर भी सावधान रहना होगा। आप जो तस्वीरें, वीडियो या लोकेशन सार्वजनिक करते हैं, उसके माध्यम से अपराधी पहले आपके बारे में सूचनाएं जुटाते हैं और फिर इन्हीं सूचनाओं का आपके विरुद्ध इस्तेमाल करते हैं। अपनी व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। उन्होंने कहा कि यदि तमाम सावधानियां बरतने के बाद भी कोई साइबर अपराध का शिकार हो जाता है तो उसे सबसे पहले हेल्पलाइन नंबर पर इसकी जानकारी देनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, जितना शीघ्र आप पुलिस को सूचित करेंगे, बचाव की संभावना भी उतनी ही अधिक होगी। जागरूक बनें और अपने आसपास के लोगों को भी, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक करें। आइए हम सब मिलकर एक सुरक्षित और साइबर अपराध-मुक्त उत्तर प्रदेश का निर्माण करें।

### 11 को सोमनाथ

पहले आक्रमण के 1,000 वर्ष पूरे होने का गवाह है और इसके बाद हुए बार-बार के हमलों के बावजूद यह मंदिर आज भी गर्व से खड़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा, ऐसा इसलिए है क्योंकि सोमनाथ की गाथा भारत माता की उन अनगिनत संतानों के अटूट साहस की कहानी है जिन्होंने हमारी संस्कृति और सभ्यता की रक्षा की। उन्होंने कहा कि यही भावना आज राष्ट्र में भी दिखाई दे रही है जो सदियों के आक्रमणों और औपनिवेशिक लूट से उबरकर वैश्विक विकास के सबसे चमकते केंद्रों में से एक बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारे मूल्यों और हमारे लोगों के संकल्प की वजह से आज भारत पर दुनिया की नजर है। दुनिया भारत को आशा और विश्वास की दृष्टि से देख रही है। वह हमारे नवोन्मेषी युवाओं में निवेश करना चाहती है। उन्होंने कहा, हमारी कला, हमारी संस्कृति, हमारा संगीत और हमारे अनेक पर्व आज वैश्विक पहचान बना रहे हैं। योग और आयुर्वेद जैसे विषय पूरी दुनिया में प्रभाव डाल रहे हैं। ये स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दे रहे हैं। आज कई वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अतीत के आक्रमणकारी आज समय की धूल बन चुके हैं। उनका नाम अब विनाश के प्रतीक के तौर पर लिया जाता है। उन्होंने कहा, इतिहास के पन्नों में वे केवल फुटनोट हैं जबकि सोमनाथ आज भी अपनी आशा बिखेरता हुआ प्रकाशमान खड़ा है। सोमनाथ हमें यह बताता है कि घृणा और कट्टरता में विनाश की विकृत ताकत हो सकती है, लेकिन आस्था में सृजन की शक्ति होती है। मोदी ने कहा कि अगर हजार साल पहले खंडित हुआ सोमनाथ मंदिर अपने पूरे वैभव के साथ फिर से खड़ा हो सकता है तो हम हजार साल पहले का समृद्ध भारत भी बना सकते हैं। आइए, इसी प्रेरणा के साथ हम आगे बढ़ते हैं। एक नए संकल्प के साथ, एक विकसित भारत के निर्माण के लिए। एक ऐसा भारत, जिसका सभ्यतागत ज्ञान हमें विश्व कल्याण के लिए प्रयास करते रहने की प्रेरणा देता है।

### मुठभेड़ में

ने भी जवाबी कार्वाई की जिसमें बदमाश घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मारे गए बदमाश की पहचान 26 वर्षीय तालिब उर्फ आजम खां के रूप में हुई है। वह लखीमपुर खीरी जिले के फरधान थाना क्षेत्र के गौरिया गांव का रहने वाला था। उस पर लखीमपुर खीरी जिले में गौकशी, लूट, वाहन चोरी और सामूहिक बलात्कार सहित विभिन्न जघन्य अपराधों के 17 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था। सिंह ने बताया कि प्रकरण में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### उमर खालिद

प्रथम दृष्टया अपराध को उजागर करती है, तो वैधानिक प्रतिबंध प्रभावी होना चाहिए, और यदि ऐसा नहीं है, तो स्वतंत्रता प्रभावी होनी चाहिए। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को यह कहते हुए जमानत दे दी कि इससे उनके खिलाफ लगे आरोपों की गंभीरता में कोई कमी नहीं आती। फातिमा के मामले के संबंध में, शीर्ष अदालत ने कहा कि नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ आंदोलन के दौरान विभिन्न प्रदर्शन स्थलों पर किसी प्रकार के स्वतंत्र नेतृत्व, संसाधनों पर नियंत्रण या रणनीतिक निगरानी में उसकी कोई सीधी भूमिका नहीं थी। पीठ ने कहा, यह आरोप कि गुलफिशा फातिमा ने स्थानीय महिलाओं को संगठित किया और प्रदर्शन स्थलों की व्यवस्थाओं का समन्वय किया, अभियोजन पक्ष के मामले के लिए भले ही प्रासंगिक हो, लेकिन फिलहाल इससे यह स्पष्ट नहीं होता कि उसने विभिन्न प्रदर्शन स्थलों पर स्वतंत्र कमान, संसाधनों पर नियंत्रण या रणनीतिक निगरानी की। इसने कहा, अभियोजन पक्ष खुद यह दावा करता है कि कथित पदानुक्रम में उससे ऊपर के लोगों द्वारा उसे निर्देश दिए गए थे। ऐसी परिस्थितियों में, यह न्यायालय मानता है कि जिस स्तर की भूमिका और नियंत्रण उसके बारे में बताया गया है, वह उस स्थिति में निरंतर कारावास को उचित नहीं ठहराता, जब जांच का उद्देश्य काफी हद तक पूरा हो चुका है। इमाम को नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) विरोधी प्रदर्शनों के दौरान दिए गए भाषणों के लिए 28 जनवरी, 2020 को गिरफ्तार किया गया था। बाद में अगस्त 2020 में उसे एक बड़े षड्यंत्र के मामले में गिरफ्तार किया गया। खालिद को 13 सितंबर, 2020 को गिरफ्तार किया गया था।

### कन्नौज : दो कैदी

कुमार ने बताया कि पाक्सो एक्ट में बन्द ठठिया थानाक्षेत्र के मलगंवा गांव के डिंपी उर्फ शिवा एवं हथियार कानून में बंद थानाक्षेत्र के हजरापुर गांव के अंकित कम्बलों के सहारे दीवार लांघकर रविवार रात फरार हो गये। कुमार के अनुसार सोमवार सुबह 10 बजे जब गिनती हुई तो दो कैदी कम पाये गये। जेल में तैनात सिपाहियों ने जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुन्द को दो कैदियों के भागने की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि दोनो भागे कैदियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है तथा पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस बीच प्रशासन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि जिलाधिकारी (डीएम) आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने प्रथम दृष्टया जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही पाए जाने पर जेलर विनय प्रताप सिंह एवं डिप्टी जेलर बद्री प्रसाद को निलंबित करने का आदेश दिया है।

### सुदृढ़ सड़क

नेटवर्क की ओर अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि चारधाम यात्रा को अधिक सुरक्षित और सुगम बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों पर 12,769 करोड़ रुपये की लागत से चारधाम महामार्ग परियोजना स्वीकृत की गई है। वर्तमान में राज्य में 3,723 किलोमीटर लंबा राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क विकसित किया जा चुका है।

### जाड़े में

निर्देश पर उनके लोग शहर के लगभग विभिन्न प्रमुख स्थानों मालवीय नगर, राजाजीपुरम, छोटा इमामबाड़ा, विकास नगर सब्जी मण्डी, नीरा नर्सिंग होम, खदरा, मोहन मीकिंग बाल्मीकि बस्ती, पेपर मिल कॉलोनी, हनुमान मंदिर डालीगंज, हनुमान सेतु मंदिर, वॉयस ऑफ लखनऊ लोहिया पार्क रोड, लोहिया अस्पताल रैन बसेरा, विक्रमादित्य मार्ग, पुराना किला मार्ग, मुरली नगर गेट नं. 2, बंदरिया बाग रेलवे क्रॉसिंग, टी.बी. अस्पताल राजेन्द्र नगर, पाण्डेयगंज, क्वीन मैरी, मेडिकल कॉलेज गेट, ट्रॉमा सेन्टर, लारी कार्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, परिवर्तन चौक रैन बसेरा, राम मंदिर सुभाष मार्ग, सिविल अस्पताल, नरही, बली खेत योजना भवन, चारबाग रेलवे स्टेशन, गणेशगंज हनुमान मंदिर, भारती भवन के समीप राजेन्द्र नगर और ठठेरी बाजार में अलाव जलाते नजर आए। सिविल अस्पताल के पास लोगों को निःशुल्क चाय पिलाने की व्यवस्था भी की गई। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने कहा कि सर्दी की रातें काटना गरीब परिवारों के लिए बहुत कठिन होता है। उनकी कोशिश येन-केन प्रकारेण सर्दी से बचने की होती है। बहुत से गरीबों को सर्दी में खुले आसमान के नीचे कांपते-ठिठुरते हुए रात बिताने को विवश होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा ही हमारा संकल्प है। हमारी कोशिश है कि जाड़े में किसी भी जरूरतमंद को परेशानी न हो। गरीबों, मजदूरों और अन्य जरूरतमंदों को सर्दी से बचाना ही हमारा उद्देश्य है।

# मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं : ट्रंप

## भारतीय राजदूत ने रूस से तेल खरीद कम करने की जानकारी दी: अमेरिकी सीनेटर

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने दावा किया कि अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने उन्हें नयी दिल्ली के रूस से कच्चे तेल की खरीद कम करने की जानकारी दी और आग्रह किया कि वह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस बारे में सूचित करें तथा भारतीय वस्तुओं पर लगाया गया टैरिफ घटाने को कहें। एयरफोर्स वन विमान में ट्रंप के साथ मौजूद ग्राहम ने रविवार को उनके टैरिफ बिल के बारे में बात की, जिसमें रूस से कच्चा तेल खरीदने वाले देशों से आयातित वस्तुओं पर 500 फीसदी शुल्क लगाने का प्रस्ताव है।

ग्राहम ने कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के खात्मे के लिए मॉस्को के साथ कारोबार करने वालों पर दबाव बनाना जरूरी है। ट्रंप ने कहा कि प्रतिबंधों से रूस को बहुत नुकसान हो रहा है। उन्होंने भारत का भी जिक्र किया। ग्राहम ने कहा कि अमेरिका ने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारतीय वस्तुओं के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ (शुल्क) लगाया। उन्होंने कहा कि मैं लगभग एक महीने पहले भारतीय राजदूत के आवास पर था। इस दौरान वह केवल इस ही बात करना चाह रहे थे कि कैसे भारत ने रूस से तेल खरीद कम कर दी है। ग्राहम ने दावा किया कि भारतीय राजदूत ने उनसे कहा, क्या आप राष्ट्रपति से टैरिफ में कमी करने के लिए कहेंगे? अमेरिकी सीनेटर के इस दावे पर भारतीय अधिकारियों की तरफ से फिलहाल



कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। ग्राहम ने कहा, यह रणनीति कारगर है... लेकिन अगर आप सस्ता रूसी तेल खरीदकर पुतिन की युद्ध मशीन को चालू रखने में मदद करते हैं, तो हम राष्ट्रपति को टैरिफ के रूप में ऐसी शक्ति देने की कोशिश कर रहे हैं, जो इसे ऐसा विकल्प बनाए, जिसके कठोर परिणाम हों। मेरा मानना है कि ट्रंप ने भारत के साथ जो किया, मुख्यतः उसी की वजह से भारत अब रूस से काफी कम तेल खरीद रहा है। इसके बाद ट्रंप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जानते हैं कि वह (ट्रंप) रूस से कच्चे तेल की खरीद के भारत के कदम से खुश नहीं हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर लागू टैरिफ बहुत जल्द बढ़ा सकता है, जो उनके लिए बहुत बुरा होगा। ट्रंप ने कहा, वे (भारत) दरअसल मुझे खुश करना चाहते थे। मोदी बहुत अच्छे इंसान हैं, वह नेक दिल हैं। उन्हें पता था कि मैं खुश नहीं हूं और मुझे खुश करना उनके लिए महत्वपूर्ण था। वे (भारत) व्यापार करते हैं और हम बहुत जल्द उन पर टैरिफ बढ़ा सकते हैं। यह उनके लिए बहुत बुरा होगा। क्वात्रा ने पिछले महीने वाशिंगटन डीसी में भारत के राजदूत के आधिकारिक आवास इंडिया हाउस में ग्राहम, रिचर्ड ब्लूमेंथल, शेल्डन व्हाइटहाउस, पीटर वेल्च, डैन सुलिवन और मार्कवेन मुलिन सहित कुछ अमेरिकी सीनेटर की मेजबानी की थी। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था, ऊर्जा और रक्षा सहयोग से लेकर व्यापार और महत्वपूर्ण वैश्विक घटनाक्रमों तक, भारत-अमेरिका साझेदारी पर सार्थक बातचीत हुई। मजबूत भारत-अमेरिका संबंधों के लिए समर्थन के वास्ते उनका आभारी हूं। ट्रंप ने रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर भारतीय वस्तुओं के आयात पर 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। इससे भारतीय वस्तुओं पर लागू कुल शुल्क बढ़कर 50 फीसदी हो गया था, जो किसी भी अन्य देश के मुकाबले अधिक है। भारत 88 फीसदी कच्चा तेल विदेशी बाजारों से खरीदता है।

# हाड़ौती में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन स्थल बनने की अपार संभावनाएं: बिरला



कोटा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हाड़ौती क्षेत्र को जल, वन, विरासत और संस्कृति का एक अनूठा संगम बताते हुए क्षेत्र को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

बिरला ने रविवार शाम को कोटा के सिटी पार्क में आयोजित तीन दिवसीय हाड़ौती ट्रैवल मार्ट के समापन समारोह में कहा कि दक्षिण-पूर्वी राजस्थान स्थित इस क्षेत्र की अपनी एक अनूठी पहचान है। उन्होंने कहा कि देश भर के ट्रैवल एजेंट और होटल संचालकों की व्यापक भागीदारी इस क्षेत्र की पर्यटन क्षमता में बढ़ते विश्वास को दर्शाती है। बिरला ने कहा कि चंबल सफारी, ऐतिहासिक किले, बावड़ियां और धार्मिक स्थल जैसे आकर्षण इस क्षेत्र को एक विशिष्ट पहचान प्रदान करते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मार्ट के दौरान हुई चर्चाओं से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, हाल के दिनों में हुई बातचीत और व्यापक भागीदारी ने इस ट्रैवल मार्ट को सार्थक और उद्देश्यपूर्ण बना दिया है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का हाड़ौती से गहरा संबंध है और उन्होंने स्वयं चंबल सफारी का अनुभव किया है। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया था कि क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हाड़ौती में विकास के लिए सभी आवश्यक तत्व मौजूद हैं और यह एक सशक्त पर्यटन स्थल बनने के लिए तैयार है। शेखावत ने कहा था कि नए पर्यटन स्थलों का विकास करते समय, विशिष्ट विशेषताओं को प्रस्तुत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाड़ौती में पर्यटकों को जो चाहिए वह सब मिलता है और यहां पानी, जंगल और भूमि की समान उपलब्धता इस क्षेत्र को विशेष बनाती है। इस आयोजन में 26 राज्यों के लगभग 600 टूर ऑपरेटरों ने भाग लिया।

## संक्षेप

### मकान देने के खिलाफ भाजपा का विरोध प्रदर्शन

बेंगलुरु। बेंगलुरु के कोगिलु में हाल ही में अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान अपने आवास गंवाने वाले लोगों को मकान देने के राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को यहां प्रदर्शन किया। बगलूर मेन रोड पर कंट्री क्लब के पास यह विरोध प्रदर्शन कोगिलु बचाओ, अवैध प्रवासियों को हटाओ के नारे के तहत आयोजित किया गया। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र, विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक, विधान परिषद में विपक्ष के नेता चलावदी नारायणस्वामी और कई विधायक शामिल हुए। भाजपा नेता आर अशोक ने पत्रकारों से कहा कि यह प्रदर्शन कर्नाटक की जमीन की रक्षा के लिए है, जो राज्य के लोगों की है और केवल उन्हें ही मिलनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने कोगिलु में प्रदर्शन स्थल से लगभग तीन किलोमीटर दूर ही भाजपा कार्यकर्ताओं को रोक दिया, जो अनुचित है। कांग्रेस नेतृत्व और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, वे राजनीतिक लाभ के लिए हमारी जमीन का इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर कांग्रेस के पास जमीन है, तो वे अपनी निजी जमीन क्यों नहीं देते? कांग्रेस नेताओं के पास कर्नाटक में हजारों एकड़ जमीन है, वे उसे क्यों नहीं देते? केवल हमारी जमीन ही क्यों?

# राजस्थान: सड़क हादसों में छह लोगों की मौत, 14 घायल

जयपुर। राजस्थान में दो अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार रविवार देर रात जालोर जिले में राजमार्ग पर स्लीपर बस पलटने से एक बुजुर्ग दंपत्ति समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 12 से ज्यादा यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा आहोर थाना इलाके में हुआ जहां निजी बस सांचौर से करौली जा रही थी। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराकर पलट गई। हादसे के समय ज्यादातर यात्री सो रहे थे। स्थानीय लोगों और पुलिस ने अंदर फंसे लोगों को बस के शीशे तोड़कर बाहर निकाला। मृतकों में सांचौर के रहने वाले फगलूराम (75) और उनकी पत्नी हाउ देवी (65) शामिल हैं। वे अजमेर जा रहे थे। भरतपुर के एक और यात्री अमृतलाल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# भाजपा के पोंगल उत्सव में शामिल हुए शाह

तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को यहां मन्नारपुरम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महिला मोर्चा द्वारा आयोजित भव्य पोंगल उत्सव में भाग लिया। चावल, दाल, गुड़ और घी से तैयार मीठा व्यंजन पोंगल 1,008 सजे बर्तनों में पकाया गया था, जिनके चारों ओर गन्ना रखा गया था।

मन्नारपुरम पहुंचने पर शाह का स्वागत किया गया और फिर उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पोंगल बनाने में हिस्सा लिया। भाजपा कार्यकर्ता मध्य जनवरी में मनाए जाने वाले इस उत्सव को नम्मा ऊरु मोदी पोंगल



नाम से आयोजित करते हैं जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदर्भ में जनता से जुड़ाव स्थापित करने का प्रयास है। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रमुख वानती श्रीनिवासन, केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई सहित अन्य नेता उपस्थित थे। इससे पहले, तमिलनाडु की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन शाह ने तिरुवनैकवल स्थित प्राचीन श्री जंबुकेश्वर-अकिलन्देश्वरी मंदिर और श्रीरंगम में श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में दर्शन किए।

# निर्विरोध जीत लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है: मंत्री बावनकुले

छत्रपति संभाजीनगर। महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने सोमवार को कहा कि निकाय चुनावों में निर्विरोध जीत लोकतंत्र के लिए अच्छी बात है और विपक्षी दल यदि चाहें तो न्याय के लिए अदालत का रुख कर सकते हैं।

यहां चिकलथाना हवाई अड्डे पर भाजपा नेता ने संवाददाताओं से कहा कि ऐसा कोई लिखित नियम नहीं है कि निर्विरोध चुनाव नहीं हो सकते और निर्वाचन आयोग इसकी अनुमति देता है। बावनकुले की यह टिप्पणी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग से उन नगर निकाय वार्डों 68 के नतीजे रद्द करने की अपील करने के बाद आई है, जहां निकाय चुनावों से पहले सत्तारूढ़ महायुति के उम्मीदवारों को निर्विरोध विजेता घोषित किया गया। ठाकरे ने चेतावनी दी थी कि लोकतंत्र को भीड़तंत्र के हवाले नहीं किया जाना चाहिए। अगर कहीं चुनाव निर्विरोध हो रहे हैं, तो यह एक अच्छी परंपरा है। निर्विरोध जीतने वालों का एजेंडा विकास होता है। इस बीच, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने रविवार को भाजपा पर दोहरे मापदंड अपनाने का आरोप लगाया।

# निर्वस्त्र कर पीटने से सदमे में पीड़ित परिवार

नयी दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मीनगर इलाके में एक जिम के मालिकाना हक को लेकर हुई हिंसक घटना के बाद से पीड़ित परिवार सदमे में है।

घटना में मारपीट के शिकार व्यक्ति की मां ने कहा, वह अपने पिता को बचाने गया था...उन्होंने उसे नंगा कर दिया, उसके चेहरे पर जूतों से वार किया और उसे सड़क पर पड़ा छोड़ दिया...यह सब उसकी शादी से ठीक 10 दिन पहले हुआ। पीड़ित की मां रीता गर्ग ने कहा, शादी की वजह से हमारे घर में खुशियां होनी चाहिए थीं। लेकिन अब सिर्फ डर का माहौल है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरोपियों ने उन पर भी हमला किया था। रीता ने अपने परिवार के लिए न्याय की मांग करते हुए कहा, उन्होंने मेरे बाल पकड़कर मुझे खींचा, मुझे गलत तरीके से छुआ और तब तक लात मारी जब तक मैं सड़क पर गिर नहीं गई। रीता के पति राजेश गर्ग ने आरोप लगाया कि हमला तब शुरू हुआ जब आरोपियों में से एक सतीश उर्फ पिंटू यादव अपनी थार गाड़ी से बाहर निकला और उन्हें कुचलने की कोशिश की, लेकिन वह एक दीवार से टकरा गया। राजेश ने बताया, उसने मुझे धक्का दिया, तीन-चार बार घूंसे मारे और सीढ़ियों पर धकेल दिया। उन्होंने मुझे लात मारी, और लगातार घूंसे मारते रहे। मुझे एक रॉड से पीटा और जिम के अंदर ही मेरे कपड़े उतार दिए गए, जिसके कारण मैं बेहोश हो गया। उन्होंने कहा, जब मैं बाद में बाहर आया, तो मैंने अपने बेटे को सड़क पर नग्न अवस्था में पड़ा देखा। हमारी मदद के लिए कोई आगे नहीं आया। रीता ने दावा किया कि जब राजेश पर हमला हुआ, तो उन्होंने बीच-बचाव किया और छोड़ देने की गुहार लगाई। उन्होंने आरोपियों से यह भी कहा कि उनका पति मधुमेह का रोगी है, लेकिन उन्होंने उनके साथ भी बदतमीजी की। रीता ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति को बेसमेंट में घसीटा गया, जबकि उनके बेटे पर बाहर हमला किया गया। दो जनवरी को हुए हमले के कथित वीडियो में कुछ लोगों का एक समूह सड़क पर पड़े एक व्यक्ति को पीटता और लात मारता हुआ, उसके कपड़े उतारता हुआ दिखाई दे रहा है। उनमें से एक को उस व्यक्ति को जूते से मारते हुए भी देखा गया, जबकि कई राहगीर आसपास खड़े होकर घटना को देख रहे थे। रीता ने बताया कि अपने पिता पर हमले के बारे में जानकर उनका बेटा तुरंत बाहर भागा। उन्होंने कहा, वह अपने पिता को बचाने के लिए बाहर गया था। लेकिन उन्होंने उसके कपड़े उतार दिए, उसके चेहरे पर जूतों से वार किया और उसे सड़क पर पड़ा छोड़ दिया। उसकी शादी से दस दिन पहले उन्होंने उसकी इज्जत मिट्टी में मिला दी। रीता ने बताया कि बाद में मौके पर पुलिसकर्मी पहुंचे और उनके बेटे को कपड़े दिये।

# कांग्रेस ने उत्तराखंड के मंत्री को बर्खास्त करने और पति को भाजपा से निकालने की मांग की

पटना। बिहार की बेटियों के बारे में उत्तराखंड की भाजपा सरकार की मंत्री रेखा आर्य के पति गिरधारी लाल साहू के बयान की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सोमवार को कड़ी आलोचना करते हुए प्रधानमंत्री से मांग की कि वह अविलंब संबंधित मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें और उनके पति को भाजपा से निष्कासित करें।

उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की चुप्पी पर सवाल उठाया। राजेश राम ने यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रेसवार्ता में कहा कि यदि प्रधानमंत्री वास्तव में बहन-बेटियों की अस्मिता की रक्षा को लेकर गंभीर हैं, तो अविलंब संबंधित मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किया जाए और उनके पति को भाजपा से निष्कासित किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि यह भारतीय जनता पार्टी की संस्कृति बन चुकी है कि जो जितना भड़काऊ बयान देगा और महिलाओं का अपमान करेगा, उसे उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि संघी मानसिकता से ग्रस्त ऐसे राजनीतिक तत्व लगातार बिहार की बहन-बेटियों की अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ऐसे बयानों की कड़ी निंदा करती है और आने वाले समय में इस मुद्दे पर सड़क से विधानमंडल तक विरोध किया जाएगा। उन्होंने सवाल उठाया कि भाजपा नेताओं को बिहार की बहन-बेटियों के अपमान का लाइसेंस किसने दे दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पूर्व की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार के आरोपों के बावजूद भाजपा द्वारा बृज भूषण शरण सिंह, कुलदीप सिंह सेंगर और अन्य नेताओं के खिलाफ कठोर कार्वाई न करना पार्टी के असली चरित्र को उजागर करता है।

## इंटरटेनमेंट...

# फिल्म 'धुरंधर' ने बनाया एक और रिकॉर्ड

मुंबई। आदित्य धर की फिल्म धुरंधर, जो 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, रिलीज के बाद से लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। रणवीर सिंह स्टारर यह फिल्म अब रिलीज के 30 दिनों के भीतर घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार करने वाली पहली हिंदी फिल्म बन गई है। फिल्म के प्रोड्यूसर्स में से एक जियो स्टूडियोज ने रविवार को बताया कि धुरंधर ने भारत में पहले 30 दिनों में 806.80 करोड़ रुपए की कमाई की है।

पहले हफ्ते में फिल्म ने 218 करोड़ रुपए नेट कमाए। दूसरे हफ्ते में कलेक्शन 261.5 करोड़ रहा। तीसरे हफ्ते में फिल्म ने 188.3 करोड़ और चौथे हफ्ते में 115.70 करोड़ रुपए कमाए। शुक्रवार को फिल्म ने 9.70 करोड़ और शनिवार को 12.60 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके साथ ही




भारत में कुल कलेक्शन 800 करोड़ से ऊपर पहुंच गया। वहीं, फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1186.25 करोड़ रुपए हो चुका है। फिल्म अभी भी सिनेमाघरों में चल रही है और कमाई जारी है। इससे पहले अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 1234.1 करोड़ रुपए की नेट कमाई की थी, जिसमें से 812.14 करोड़ रुपए हिंदी मार्केट से आए थे। वहीं, साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म जवान ने भारत में 640 करोड़ रुपए कमाए थे, जबकि विक्की कौशल की 2025 की फिल्म छावा ने 600 करोड़ रुपए की कमाई की थी। धुरंधर के दूसरे रिकॉर्ड की बात करें तो यह एकमात्र भारतीय फिल्म है, जिसने लगातार 28 दिनों तक भारत में डबल-डिजिट (10 करोड़ रुपए नेट से अधिक) कमाई की है। साथ ही, यह फिल्म साल 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म साबित हुई। बता दें कि फिल्म में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, आर. माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी और दानिश पंडोर जैसे कलाकारों ने काम किया है।

> ईंडियन बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये कमाने वाली पहली बॉलीवुड फिल्म बनी

साल 2025 एक्टर अक्षय खन्ना के करियर के लिए खास रहा है। इस साल उनकी दो बड़ी फिल्मों छावा और धुरंधर ने दुनियाभर में मिलकर लगभग 2000 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। इसी के साथ वह एक कैलेंडर ईयर में यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय एक्टर बनना तय है। सबसे पहले यह रिकॉर्ड शाहरुख खान ने बनाया है।

### धर्मेंद्र के निधन पर पहली बार बोलीं हेमा मालिनी

मुंबई। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर को निधन हो गया है। अब हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के निधन के बाद पहली बार इस सदमे से उबरने पर बात की है। उनका कहना है कि ये एक ऐसा सदमा है, जिसे संभाल पाना नामुमकिन था। उन्होंने ये भी बताया कि हॉस्पिटल में ईशा, अहाना, सनी बॉबी सब साथ थे। सबको उम्मीद थी कि इस बार भी हर बार की तरह पूरी तरह ठीक होकर घर लौट आएंगे। हेमा मालिनी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को दिए इंटरव्यू में धर्मेंद्र के निधन पर बात करते हुए कहा है, यह एक ऐसा सदमा था जिसे संभाल पाना नामुमकिन था। हालात बहुत बुरे थे, क्योंकि एक महीने तक जब उनकी तबीयत ठीक नहीं थी, हम लगातार संघर्ष कर रहे थे। अस्पताल में जो कुछ भी हो रहा था, उससे हम जूझने की लगातार कोशिश कर रहे थे।

### फरहान अख्तर के प्रोडक्शन एक्सेल एंटरटेनमेंट की बड़ी घोषणा

मुंबई। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट में वटक (यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया) ने बड़ी हिस्सेदारी खरीदी है। इस डील के तहत एक्सेल एंटरटेनमेंट की कीमत करीब ?2,400 करोड़ आंकी गई है और यूनिवर्सल म्यूजिक इंडिया को इसमें 30 फीसदी हिस्सेदारी मिलेगी। इस एग्रीमेंट के बाद यूनिवर्सल म्यूजिक और एक्सेल एंटरटेनमेंट मिलकर काम करेंगे। इसका सीधा फायदा फिल्मों, वेब सीरीज और उनके म्यूजिक को मिलेगा। अब एक्सेल एंटरटेनमेंट के सभी प्रोजेक्ट्स के ओरिजिनल गाने दुनिया भर में यूनिवर्सल म्यूजिक रिलीज करेगा। ये बड़ी घोषणा सोमवार को मुंबई में की गई है।

# एटली की फिल्म एए22एक्सए6 से दीपिका का लुक रिवील

**मुंबई।** एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण आज अपना 40वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर एक्ट्रेस की अगली बड़ी प्रोजेक्ट एए22एक्सए6 के मेकर्स ने उनके फैंस को तोहफा दिया है। डायरेक्टर एटली की बहुचर्चित फिल्म एए22एक्सए6 से एक्ट्रेस का पहला लुक जारी किया गया है। दीपिका की पहली झलक को फिल्म को प्रोड्यूस कर रही सन नेटवर्क के चैनल सन म्यूजिक ने शेयर किया है। फर्स्ट लुक में दीपिका एक वॉरियर पोज में नजर आ

> एक्ट्रेस के बर्थडे पर मेकर्स ने दिया तोहफा; फैंस के साथ केक काटती भी नजर आई

रही हैं। एक्ट्रेस खाकी ग्रीन रंग के आउटफिट में दोनों हाथों में तलवार लिए और जबरदस्त एक्शन पोज में दिख रही हैं। वहीं, सन पिक्चर्स ने एक्स पर दीपिका को विश करते हुए एक और पोस्ट शेयर किया है, जिसमें वो अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। कयास लगाया जा रहा है कि ये लुक भी फिल्म से जुड़ा हुआ है।




एक्ट्रेस के जन्मदिन के मौके पर उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपने फैंस के साथ बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। दरअसल, एक्ट्रेस ने 19 दिसंबर को एक लैविश फैन मीट इवेंट होस्ट किया था, जिसमें उन्होंने फैंस से मिलने के लिए शानदार आयोजन किया था। वीडियो में नजर आता है कि दीपिका एक थ्री लेयर केक काट रही हैं।

चारों तरफ से उन्हें फैंस ने घेर रखा है। साथ ही, सारे मिलकर उनकी डेब्यू फिल्म 'ओम शांति ओम का गाना 'आंखों में तेरी' गुनगुना रहे हैं। फिर सबने एक्ट्रेस के लिए हैप्पी बर्थडे सॉन्ग गाया। दीपिका फैंस से मिले इस प्यार पर काफी खुश नजर आ रही हैं। उन्होंने अपने फैंस को फ्लाइंग किस देकर शुक्रिया अदा किया। एटली की इस साइंस-फिक्शन एक्शन फिल्म में दीपिका के साथ अल्लू अर्जुन नजर आएंगे। इसके अलावा फिल्म में रश्मिका मंदाना, जाह्नवी कपूर और मृणाल ठाकुर नजर आंएगी। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन मल्टीपल रोल निभाने वाले हैं। ये पहली बार होगा, जब पुष्पा स्टार एक साथ कई किरदार निभाएंगे। फिल्म में एक्टर पूरे परिवार का किरदार निभाते नजर आएंगे।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com